RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 227
फरीदाबाद, रविवार, 25 सितंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana




ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक मैच में हर्षल और चहल की फॉर्म पर होगी निगाह

पेज - 11

ANIL GENERATOR
SILENT GENERATOR
on Hire 62 KVA to 1250 KVA
Sale-Purchase of Old Generator
Surendra Kapoor, Prop.
Add.: 20/6, Mathura Road, Nuchem compound Faridabad
Ph. 0129-4873365,
Mob.: 9811056365, 9311056365
Email : anil.kapoor74@yahoo.com
surendra.kapoor@gmail.com

**मौसम** फरीदाबाद
अधिकतम 29.00°C
न्यूनतम 23.00°C

## क्विक न्यूज

### ढाई साल बाद फिर खोले गए भारत-भूटान सीमा द्वार

**रंगियागुवाहाटी।** असम में भारत-भूटान सीमा के द्वार ढाई साल के अंतराल के बाद पर्यटकों के लिए फिर से खोल दिए गए हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी के मुताबिक, कोविड-19 महामारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से बंद किए गए भारत-भूटान सीमा के द्वार शुक्रवार को कुछ नए नियमों के साथ फिर से खोल दिए गए। गुवाहाटी में भूटान के महावाणिज्य दूत जिग्मे थिनले नामग्याल ने तामूलपुर जिले के समद्रुप-जोंगखर, चिरांग में दादगिरि और गेलेफू, बक्सा में नामलांग और पनबांग और उदलगुरी जिले के समरंग में अंतरराष्ट्रीय सीमा द्वार फिर से खोलने की घोषणा की। इस अवसर पर भारत-भूटान मैत्री संघ के सदस्य मौजूद थे।

### एम. श्रीनिवास बने एम्स दिल्ली के निदेशक

**नयी दिल्ली।** हैदराबाद स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के डीन एम. श्रीनिवास को दिल्ली स्थित आखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का नया निदेशक नियुक्त किया है। कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया है। डॉक्टर श्रीनिवास, डॉक्टर रणदीप गुलेरिया की जगह लेंगे, जो मार्च 2017 से एम्स, दिल्ली के निदेशक हैं। डॉक्टर श्रीनिवास 2016 में हैदराबाद स्थित ईएसआईसी अस्पताल और मेडिकल कॉलेज जाने से पहले एम्स, दिल्ली में पेडियाट्रिक सर्जरी (बच्चों की सर्जरी) विभाग में प्रोफेसर थे।

### उ.प्र सीतापुर में डांटे जाने से नाराज छात्र ने प्राचार्य को गोली मारी

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश के सीतापुर जिले के एक स्कूल में प्राचार्य द्वारा डांटे जाने से नाराज होकर 12वीं कक्षा के एक छात्र ने शनिवार को उन पर गोली चला दी जिससे वह घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए लखनऊ भेजा गया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि घटना सीतापुर जिले की बिसवां तहसील के सदरपुर थाना क्षेत्र के आदर्श रामस्वरूप इंटर कॉलेज (एक निजी स्कूल) की है। पुलिस ने बताया कि स्कूल के प्राचार्य को दो गोलियां लगी है, जिसमें वह बुरी तरह से घायल हो गए हैं और उन्हें इलाज के लिए सीतापुर से लखनऊ भेजा गया है।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

## चीनी राष्ट्रपति हाउस अरेस्ट, सोशल मीडिया पर दावा

# कई यूजर्स ने लिखा- जिनपिंग को सेनाध्यक्ष पद से हटाया!

### ...लेकिन कन्फर्म कुछ नहीं

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**चीन** के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के हाउस अरेस्ट होने की खबर सोशल मीडिया पर चल रही है। एक्सआईजिनपिंग हैशटैग पर हजारों की संख्या में ट्वीट किए जा रहे हैं। भाजपा के पूर्व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने भी ट्वीट किया है। बड़ी बात ये है कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी और सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने न तो इसकी पुष्टि की है और न इसका खंडन किया है।


पूर्व सांसद स्वामी ने लिखा, चीन को लेकर एक नई अफवाह है, जिसकी जांच की जानी चाहिए। क्या शी जिनपिंग नजरबंद हैं? माना जा रहा है कि जब जिनपिंग हाल ही में समरकंद में थे, तब चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के नेताओं ने सेना के अध्यक्ष पद से हटा दिया था। उसके बाद अफवाह है कि उन्हें हाउस अरेस्ट किया गया है।

**ली कियाओमिंग को नया राष्ट्रपति बनाने का दावा**

चीन के भी कई यूजर्स देश में तख्ता पटल की आशंका जताते हुए पोस्ट कर रहे हैं। ये भी दावा किया जा रहा है कि चीन की पीपल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) ने शी जिनपिंग को राष्ट्रपति के पद से हटा दिया है और सत्ता अपने हाथ में ले ली है। ये भी कहा जा रहा है कि अब ली कियाओमिंग चीन के नए राष्ट्रपति बनाए गए हैं।

चीन के पूर्व न्याय मंत्री और चीन के सबसे शक्तिशाली पुलिस प्रमुखों में से एक फू झेंगहुआ को 22 सितंबर को चीन के पीपुल्स कोर्ट ऑफ चांगचुन ने 17.3 मिलियन अमरीकी डॉलर (138 करोड़ रुपये) के भ्रष्टाचार और सत्ता के दुरुपयोग के लिए मौत की सजा सुनाई है।

इन सभी प्रमुखों पर जिनपिंग विरोधी होने का आरोप है। सभी पर जिनपिंग के खिलाफ चलने वाले राजनीतिक गुट का हिस्सा होने का आरोप लगाया गया है।



### चीन के मिनिस्टर को रिश्वत लेने पर मौत की सजा सुनाने के बाद शुरू हुईं अफवाह

**चीन** पब्लिक सिक्योरिटी डिपार्टमेंट के पूर्व वाइस मिनिस्टर सन लिजुन को मौत की सजा सुनाई गई है। लिजुन पर अपने पद का गलत फायदा उठाने का आरोप था। अपने 20 साल के कार्यकाल के दौरान सन ने 646 मिलियन यूनान (700 करोड़ रुपये) की रिश्वत ली और भ्रष्टाचार फैलाया। शिन्हुआ न्यूज की 2021 की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सन को अनुशासन और कानूनों के गंभीर उल्लंघन करने की वजह से कम्युनिस्ट पार्टी से निकाल दिया गया था।

### कई पुलिस प्रमुखों को सजा

**सिर्फ** मिनिस्टर सन का सजा का मामला ऐसा पहला नहीं है जो सामने आया है। बल्कि इससे पहले 21 सितंबर को भी ऐसा ही एक केस हुआ है, जिसमें तीन पुलिस चीफगोंग डाओन, डेंग ह्यूलियन और लियू जीनयुन को भ्रष्टाचार के आरोप में दो साल की कैद और उसके बाद मौत की सजा सुनाई है।

### 700 करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार

**ग्लोबल** टाइम्स के मुताबिक, सन ने 91 मिलियन डॉलर (700 करोड़ रुपये) का भ्रष्टाचार किया है। यह उसने 2001 में किया। इससे पहले सन को स्टॉक मार्केट में घपला करने के आरोप में आठ साल की सजा सुनाई थी। इसके साथ ही अवैध रूप से सन को पांच साल की सजा और एक करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया था। 2001 से 2020 के दौरान सन ने अपने पद पर रहते हुए अपने साथियों को फायदा कराया। सन ने 20 साल में लगभग 700 करोड़ का अवैध कैश और प्रॉपर्टी ली है। इस कारण उसे सजा सुनाई गई है।

## कई नामी गैंगस्टरों पर एनआईए का शिकंजा

# आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के तीन आरोपी गिरफ्तार : एनआईए

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को कहा कि दिल्ली तथा देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की साजिश रचने के आरोप में आपराधिक गिरोहों के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि दिल्ली के नीरज सहरावत उर्फ नीरज बवाना, हरियाणा में गुरुग्राम के कौशल उर्फ नरेश चौधरी और पंजाब में साहिबजादा अजीत सिंह नगर के भूपेंदर सिंह उर्फ भूपी राणा को शुक्रवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने बताया कि यह मामला हत्या, आपराधिक गिरोह एवं गतिविधियों चलाने के लिए वसूली के वास्ते लोगों को डराने-धमकाने समेत विभिन्न तरह की आपराधिक गतिविधियों में आपराधिक गिरोहों की संलिप्तता से जुड़ा है। प्रवक्ता ने कहा, ये गिरोह मादक पदार्थ और हथियारों की तस्करी के जरिए ऐसी आपराधिक गतिविधियों के लिए पैसा भी जुटा रहे थे। एनआईए ने कहा कि शुरुआत में दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने सात अगस्त को आठ आरोपियों और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

दिल्ली पुलिस को सूचना मिली थी कि एक आपराधिक गिरोह या भारत तथा विदेश में स्थित गिरोहों के सदस्यों ने दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए साजिश रची थी। प्रवक्ता ने बताया कि एनआईए ने 26 अगस्त को फिर से मामला दर्ज किया और मामले की जांच की जा रही है।



### गैंगस्टर और आतंकियों का गठजोड़

**एनआईए** के अनुसार, भारत और विदेश में रह रहे कुछ सबसे कुख्यात गैंग लीडर और उनके सहयोगियों को इस तरह की आतंकी और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में पहले भी जेल भेजा जा चुका है। एनआईए ने कहा कि हाल के दिनों में ये गैंगस्टर साइबर स्पेस के जरिये अपने अपराधों का बखान करके लोगों में आतंक फैला रहे हैं। इन गुंडों ने हाल के दिनों में जबरन उगाही के लिए डॉक्टरों और दूसरे पेशेवरों से लेकर व्यापारियों तक को फोन करके धमकाया है। एनआईए की जांच में यह भी सामने आया कि ऐसी आपराधिक हरकतें कोई छिटपुट घटनाएं नहीं थीं, बल्कि देश के अंदर और बाहर दोनों तरफ से काम कर रहे आतंकवादियों, गैंगस्टरों और ड्रग्स तस्करी करने वाले गिरोहों और नेटवर्कों के बीच गहरी साठगांठ थी। गिरोह के कई नेता और सदस्य भारत से भाग गए थे और अब पाकिस्तान, कनाडा, मलेशिया, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से ऑपरेट कर रहे हैं।

**इनेलो की सम्मान दिवस रैली आज**

## तीसरे मोर्चे के लिए दस राज्यों के भाजपा विरोधी नेताओं को न्योता

### बिहार के सीएम नीतीश पर सबकी नजर

**पायनियर समाचार सेवा।** हिसार

**देश** के पूर्व उप प्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की 109वीं जयंती पर आज 25 सितंबर फतेहाबाद में सम्मान दिवस रैली हो रही है। हरियाणा में एकमात्र विधायक पर सिमटी हुई इनेलो रैली से तीसरे मोर्चे की संभावनाओं को जोर दे रही है। जिसके लिए देश के 10 बड़े राज्य के भाजपा विरोधी नेताओं को रैली का निमंत्रण दिया है। ताऊ देवीलाल की 109वीं जयंती पर अबकी बार सबसे प्रमुख नेता बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं।

नीतीश 2016 के बाद अब ताऊ देवीलाल की जयंती में शामिल होने आ रहे हैं। नीतीश कुमार के महत्व का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्हें रिसीव करने के लिए खुद ओपी चौटाला सिरसा एयरफोर्स स्टेशन जाएंगे। नीतीश कुमार के साथ बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे। वे अभय सिंह सिरसा स्थित निवास पर नाश्ता करेंगे।

## भाजपा का सफाया होगा : लालू प्रसाद

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालूप्रसाद यादव ने शनिवार को कहा कि भाजपा का सफाया होगा। उन्होंने बिहार के सत्तारूढ़ महागठबंधन पर हमला करने को लेकर शनिवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पर प्रहार भी किया। रविवार को यादव बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी से भेंट कर सकते हैं। दिल्ली रवाना होने से पहले पटना हवाई अड्डे पर उन्होंने कहा, चिंता मत कीजिए, भाजपा का सफाया हो जाएगा। पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों ने उनसे शुक्रवार को पूर्णिया रैली में शाह द्वारा बिहार की महागठबंधन सरकार को लेकर की गई तीखी आलोचना के बारे में पूछा था।

## स्थिर सरकार के कारण भारत पर बढ़ा दुनिया का भरोसा : पीएम मोदी



**शिमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि देश में स्थिर सरकार के कारण दुनिया का भारत पर भरोसा बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में आयोजित भाजपा युवा मोर्चा की विजय संकल्प रैली को वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश में स्थिर सरकारें न होने के कारण दुनिया को भारत पर अधिक भरोसा नहीं था, लेकिन 2014 और 2019 में देश के मतदाताओं ने दिल्ली में स्थिर और मजबूत सरकार के लिए जनादेश दिया। इस स्थिरता के कारण नीतियों और कार्य संस्कृति में स्थिरता आई और विकास के लिए मजबूत नींव तैयार हुई। इसीलिए अब दुनिया भारत पर भरोसा करने लगी है और भारत से जुड़ने के लिए पूरी दुनिया लालायित हो रही है। प्रधानमंत्री की आज की रैली का पूरा फोकस युवाओं पर रहा। उन्होंने कहा कि अब युवा शक्ति ही भारत को विश्व शक्ति बनाने का संकल्प पूरा करेगी। मोदी ने कहा कि युवाओं को ज्यादा से ज्यादा अवसर देने भाजपा की परंपरा रही है। यही कारण है कि भाजपा में युवाओं का प्रतिनिधित्व सबसे अधिक है। ऐसा इसलिए है क्योंकि भाजपा युवाओं पर सबसे अधिक भरोसा करती है।

## चाइल्ड पोर्न : ऑपरेशन मेघचक्र में सीबीआई की 20 राज्यों में 56 ठिकानों पर रेड

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**बाल** यौन शोषण से जुड़ी चीजों की ऑनलाइ शेयरिंग के खिलाफ सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने बड़ी कार्रवाई की। जांच एजेंसी ने शनिवार को 20 राज्यों के 56 ठिकानों पर दबिश दी है। सीबीआई ने इसे ऑपरेशन मेघचक्र नाम दिया है।

खबर है कि इंटरपोल सिंगापुर से मिले इनपुट और बीती साल अंजाम दिए गए ऑपरेशन कार्बन के दौरान हासिल की गई जानकारी के आधार पर छापे मारे गए हैं। सीबीआई ने सर्क्युलेशन ऑफ चाइल्ड सेक्सुअल एक्सप्लॉइटेशन मटेरियल (सीएसईएम) के दो मामलों को लेकर एक्शन लिया है। खबर है कि अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए कथित तौर पर सीएसईएम शेयर करने में शामिल लोगों की शुरुआती जानकारी इंटरपोल न्यूजीलैंड से मिली थी। सीबीआई ने सिंगापुर के जरिए यह खुफिया जानकारी हासिल की। इससे पहले साल 2021 में सीबीआई ने ऑपरेशन कार्बन को अंजाम दिया था। उस दौरान देशभर में 83 लोगों के खिलाफ 76 ठिकानों पर रेड की गई थी और कई गिरफ्तारियां की गई थीं।

ऑपरेशन मेघचक्र के जरिए जांच एजेंसी सीएसईएम को ऑनलाइन शेयर करने में शामिल लोगों का पता लगा रही है। खबर है कि इस तरह के रैकेट को एक व्यक्ति या एक संगठन के स्तर पर भी चलाया जाता है। ऑपरेशन का खास निशाना क्लाउट स्टोरेज फैसेलिटी है।


## रिसेप्शनिस्ट मर्डर केस में पूर्व मंत्री का बेटा गिरफ्तार

### रिसॉर्ट पर प्रशासन का बुलडोजर चला

**एजेंसी।** देहरादून

**अंकिता** भंडारी की हत्या के विवाद के बाद उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जिलाधिकारियों को राज्य के सभी रिसॉर्ट्स की जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने पहाड़ी राज्य में अवैध रूप से चल रहे रिसॉर्ट्स के खिलाफ कार्रवाई के भी आदेश दिए। उन्होंने कहा, 'यह दुर्भाग्यपूर्ण है। पुलिस काम कर रही है। ऐसे जघन्य अपराधों के लिए कड़ी से कड़ी सजा दी जाएगी, चाहे अपराधी कोई भी हो।' वहीं घटना के बाद गुस्साये लोगों ने रिसोर्ट को आग के हवाले कर दिया।

वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद आर्य के बेटे पुलकित आर्य को पौड़ी जिले में ऋषिकेश के पास एक रिसॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करने वाली 19 वर्षीय युवती की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया है। सोमवार को युवती के लापता होने की सूचना दी गयी थी। जांच में पता चला कि आरोपी ने कथित तौर पर स्टाफ के दो सदस्यों के साथ मिलकर उसे मार डाला था।



गुस्साये लोगों ने रिसॉर्ट को आग के हवाले कर दिया




# कोर्ट में महिला वकील को छेड़ने वाला जज हुआ निलंबित

## वकील के जरिए घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज वायरल की

**पायनियर समाचार सेवा।** पानीपत

**हरियाणा** के भिवानी में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) ने महिला वकील से छेड़छाड़ की। जज ने उसे अपने चैंबर में आने का न्योता भी दिया। यह घटना भिवानी कोर्ट कॉम्प्लेक्स में ही हुई। यही नहीं, जब महिला वकील की शिकायत पर हाईकोर्ट ने एडीजे को सस्पेंड कर दिया तो उसने एक वकील के जरिए घटना से जुड़ी एडीजे फुटेज वायरल करवा दी।

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने एडीजे को निलंबित कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस बीच फुटेज वायरल होने के बाद महिला वकील ने इसकी शिकायत पुलिस को दे दी। इसी शिकायत के आधार पर भिवानी महिला थाने में निलंबित एडीजे और उसके साथी वकील के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

भिवानी एसपी को दी गई शिकायत में महिला वकील ने बताया कि वह करीब 16 साल से भिवानी कोर्ट में प्रैक्टिस कर रही है।

महिला वकील के अनुसार, 12 अगस्त की दोपहर करीब 2:12 बजे वह अपनी जूनियर एडवोकेट के साथ कोर्ट कॉम्प्लेक्स में पहली मंजिल से सीढ़ियां उतर रही थी। उसी समय भिवानी कोर्ट में ही तैनात एडीजे किसी की बाइक से उतरकर सेशन कोर्ट की तरफ आए। उन्होंने रस्मी तौर पर नमस्ते किया तो एडीजे ने उसका नाम पुकारते हुए पूछा कि वह वकील तुम ही हो ना? महिला वकील के मुताबिक, इससे पहले कि वह कोई जवाब देती, एडीजे ने उसके कंधे पर हाथ रखकर उसे अपनी ओर खींच लिया। इसके बाद एडीजे उसके चेहरे पर आए बाल हटाने लगे। उस समय एडीजे के मुंह से शराब की बदबू आ रही थी और वह नशे में थे। उसने खुद को किसी तरह एडीजे से दूर किया। महिला वकील ने अपनी शिकायत में लिखा कि एडीजे ने उससे उसकी जूनियर एडवोकेट के बारे में भी पूछा और फिर यह कहकर चले गए कि 15 मिनट बाद उनसे उनके चैंबर में आकर मिलूं।

एसपी को दी शिकायत में महिला वकील ने बताया कि उसे बदनाम करने के मकसद से एक सितंबर 2022 को निलंबित एडीजे ने इस घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज अपने साथ बैठने वाले एक वकील को दे दी।



### सेशन जज ने शिकायत हाईकोर्ट भेजी

**महिला** वकील के अनुसार, एडीजे के इस पूरे बर्ताव से वह स्तब्ध रह गई और अगले दिन यानि 13 अगस्त को शिकायत लेकर भिवानी के सेशन जज के पास पहुंची। उसकी आपबीती सुनने के बाद सेशन जज ने कोर्ट परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मंगवाई। सीसीटीवी फुटेज से उसकी बात की पुष्टि हो गई। सेशन जज ने उसकी शिकायत और कोर्ट परिसर की सीसीटीवी फुटेज पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट को भेज दी। हाईकोर्ट ने मामले की गंभीरता को समझते हुए स्पेशल जांच कमेटी बनाई। इस कमेटी के सामने महिला वकील के बयान दर्ज हो चुके हैं। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान हाईकोर्ट ने एडीजे को निलंबित कर दिया।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 28.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 23.00 डिग्री सेल्सियस

## शहर में आज

- नीलम बाटा रोड स्थित एसी नगर में शिया इमामबाड़े से अलम जुलूस: दोपहर 2 बजे।
- नीलम बाटा रोड स्थित वैश्य भवन में शहीदे-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस पर 48वां रक्तदान शिविर: सुबह 9 बजे
- सेक्टर-सात ए स्थित माहेश्वरी सेवा सदन में दिव्यांगजनों के लिए पंजीकरण एवं जांच-माप शिविर: सुबह 10 बजे।
- एनएच-एक स्थित सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर में ताऊ देवीलाल के जन्मदिवस पर हवन यज्ञ: सुबह 8 बजे।
- दौलतराम धर्मशाला में बिजली बोर्ड के चुनाव की घोषणा: शाम 4 बजे।
- सेक्टर- 19 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में अग्रसेनजी की यंती पर विशाल हास्य कवि सम्मेलन: दोपहर 1 बजे।

## निवेश गुरु

**आपको** अपने वित्तीय लक्ष्य को ध्यान में रख कर निवेश करना चाहिए। यह अनुमान लगाना सबसे अहम है कि वित्तीय लक्ष्य के लिए आपको कितनी रकम चाहिए। आज से 10 साल बाद 1 करोड़ उतनी बड़ी रकम नहीं होगी, जितनी आज है। आपको महंगाई, क्रय क्षमता और जरूरतों को ध्यान में रखकर ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना

## यूटीलिटी न्यूज

### प्रबुध जन सम्मेलन का किया आयोजन

**फरीदाबाद।** जिला कार्यालय अटल कमल स्थित सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रमों की कड़ी में भाजपा फरीदाबाद द्वारा प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें जिले के वरिष्ठ बुद्धिजीवी व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य तौर पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधायक सीमा त्रिखा, मुख्यमंत्री के राजनैतिक सचिव अजय गौड़, ओमप्रकाश रक्षवाल, जिला महामंत्री मूलचंद मित्तल, आर एन सिंह और भाजपा जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस्कोन मंदिर फरीदाबाद के संचालक वरिष्ठ आध्यात्मिक गुरु प्रभु गोपेश्वर और इस्कोन मंदिर के सह संचालक प्रभु परमात्मा वक्ता के तौर पर उपस्थित

## क्विक न्यूज

### पहचान पत्र को आधार कार्ड से करवाया लिंक

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र के निर्वतमान पार्षद जितेन्द्र भड़ाना ने लकड़पुर कार्यालय पर वार्ड 23 और 22 के मतदाताओं की सहूलियत के लिए शिविर लगाया जिसमें पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक किया गया। इस शिविर का 1000 से भी अधिक लोगों ने लाभ उठाया। इस मौके पर जितेन्द्र भड़ाना ने कहा कि पिछले कुछ समय से लोगों को पहचान पत्र को आधार कार्ड से लिंक करवाने में परेशानी आ रही थी क्योंकि उनके वार्ड की अधिकतर आबादी ऐसी है जो नौकरी के लिए सुबह जाती है और शाम को आती है। लोग जब जब इस काम के लिए सुविधा केन्द्र या अन्य जगह जाते थे तो हर बार नेटवर्क की समस्या से दो चार होना पड़ता था और उनका पूरा समय वहीं गुजर जाता था और काम भी नहीं हो पाता था। मुझे जब पता चला तो मैंने तुरंत अपने वार्ड के मतदाताओं को आ रही परेशानी को देखते हुए शिविर लगाने का निर्णय किया।

# बेखबर की खबर : तो नरम कप्तान साहब की वजह से...नरमी बरत रही है टीम ?




वरिष्ठ संवाददाता
राजेश दास

**पिछले** तीन दिनों से आ रही बरसात ने शहर को अस्त-व्यस्त कर दिया है। आखिर यह दिन तो आना ही था क्योंकि सूबे के मुखिया शहर को सुंदर बनाने के लिए जो भी पैसा भेज रहे हैं, उससे दिखावे के ज्यादा और जमीनी स्तर पर विकास कार्य कम ही हो रहे हैं।

ज्यादातर पैसा तो धनवान निगम और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा या तो मलाई की तरह चाट लिया जाता है या फिर फिजूल के कामों में बर्बाद कर दिया जाता है। बरसाती पानी की निकासी के लिए, शहर में अरबों रुपये खर्च किये गए हैं। लेकिन शहर में बाढ़ जैसी स्थिति बनी हुई हैं। पानी और गड्ढों की वजह से जहां तहां वाहन खराब होकर फंस रहे हैं। यह तो शुक्र है कि इन दिनों शहर में पुलिस विभाग के मुखिया बेहद नरम दिल इंसान हैं।

सम्भव है उन्हीं कि नरमी और मानवतावादी विचारों की वजह से पुलिस कर्मचारी जगह जगह लोगों की मदद करते नजर आ रहे हैं। पुलिस कहीं खराब वाहनों को धक्के देकर निकाल रही है तो कहीं जाम से मुक्ति दिलाने के लिए पंप लगाकर पानी निकलवा रही रही है लेकिन हैरानी की बात यह है कि धनवान निगम के अधिकारी कहीं नहीं दिख रहे।

### मैदान में नहीं दिख रहे बड़े साहब




**शहर** तो पहले ही सिर्फ कागजों में सुंदर बना है, लेकिन इन दिनों जलभराव ने स्थिति बद से बदतर कर दी है। यह कोई नई बात भी नहीं है। मौसम की हो या बिना मौसम की हर बार यहीं स्थिति उपन्न होती है। बरसात से पहले धनवान निगम द्वारा ऐसी स्थिति दोबारा न बनने के दावे किये जाते हैं, लेकिन बाद में सभी योजनाएं ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है। शहर की बदहाली को देखकर हाल ही में नियुक्त हुए जिले के बड़े साहब रात-दिन स्थिति को सम्भालने के लिए मैदान में उतार आए हैं। वे जगह जगह पानी की निकासी की व्यवस्थाओं की खुद जांच कर रहे हैं। बेशक इससे स्थिति पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो रही है, लेकिन शहर के लोगों को दिलासा तो मिल ही रहा है। लेकिन ऐसी स्थिति होने के बावजूद धनवान निगम के बड़े साहब कहीं भी ढूंढे नहीं मिल रहे हैं। क्योंकि ऐसे हालातों में व्यवस्था बनाने और इंतजाम करने की जिम्मेदारी धनवान निगम की है। जबकि पूर्व बड़े साहब तो आम दिनों में भी फिल्ड में आकर मोर्चा सम्भालते नजर आते थे।

### यह कैसी भ्रष्टाचार से मुक्ति

**भ्रष्टाचार** के लिए इन दिनों शहर की दो मैडम काफी चर्चा में बनी हुई। यहां ज्ञान विभाग की मुखिया के पद पर तैनात एक मैडम पर कई साल पहले भ्रष्टाचार का आरोप लगा था, लेकिन जांच में मामला लगातार दबता रहा। अब अदालत के आदेश पर इस मैडम के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हो गया है। एक तरफ सुबे के मुखिया भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने की बात कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ यह मैडम मुकदमा दर्ज होने के बावजूद कुर्सी पर जमी हुई है। वहीं दूसरी तरफ धनवान निगम में हुए करोड़ों के घोटाले में चौकसी विभाग ने यहां बड़े पद तैनात रह चुकी एक मैडम को नोटिस जारी किया है। मैडम पहले तो चौकसी विभाग को टालती रही। लेकिन अब वह पेश होने से बचने के लिए अदालत की शरण में चली गई है। ऐसे में भ्रष्टाचार से कैसी मुक्ति मिलेगी ?

# विकास या विनाश : अधूरी सड़कें और धंसती मिट्टी बरसात में बनी जानलेवा

### अधूरे विकास कार्यों के कारण जलभराव में लोगों को रोज हो रही है परेशानी

**राजेश दास।** फरीदाबाद



राष्ट्रीय राजमार्ग पर बल्लभगढ़ के लिंक रोड पर भरा बरसाती पानी।



भाखड़ी- पाली रोड की बदहाल सड़क पर हुआ जलभराव।

**शहर** को स्मार्ट बनाने के नाम पर प्रदेश सरकार अरबों रुपये खर्च कर चुकी है, लेकिन इसके बावजूद जमीनी स्तर पर कोई काम नजर नहीं आ रहा है। जो विकास कार्य हुए हैं, उनसे लोगों को फायदा कम और परेशानी ज्यादा हो रही है। सरकार ने करोड़ों रुपये की लागत से गुरुग्राम नहर पर सेक्टर 25 के पुल का निर्माण करवाया था। पुल बने करीब दो साल गुजर जाने के बाद दोनों तरफ रैम्प आज तक नहीं बनी। वहीं एफएमडीए द्वारा सेक्टर 22 से हार्डवेयर चौक तक सड़क तो बना दी, लेकिन हार्डवेयर चौक को उसी हाल में छोड़ दिया गया है। इसी तरह गौंछी ड्रेन के किनारे सोहना रोड की ओर से बाई तरफ आ रही सड़क सारन स्कूल रोड डिस्पोजल तक बनी हैं। इससे आगे करीब 50 मीटर हिस्सा सड़क के अभाव में गड्ढा बन चुका है। यहां बाई ओर आ रही सड़क पुलिया के पास अधूरी छोड़ दी गई है। वहीं दूसरी तरफ सेक्टर 24 और शहर के अन्य हिस्सों में सीवर व स्टॉर्म वॉटर लाइन डालने के बाद ठीक से भरत न होने से इन दिनों बरसात में रोज मिट्टी धंस रही है। यह तो सिर्फ उदाहरण मात्र है। पूरा शहर में यहीं स्थिति है। जो बरसात में जानलेवा साबित हो रही है।

### स्थाई काम का अस्थाई जुगाड़

**राष्ट्रीय** राजमार्ग के निर्माण के दौरान एनएचएआई के अधिकारियों का दावा था कि कहीं भी जलभराव नहीं होगा। अधिकारियों द्वारा ड्रेनेज सिस्टम और पानी की निकासी के लिए कई व्यवस्था करने के दावे किये थे, लेकिन बरसात में हाइवे पर आज भी प्रत्येक चौराहों के साथ साथ अन्य स्थानों पर पानी भरता है। हर साल समस्या देखने के बावजूद एनएचएआई द्वारा आज तक ठोस व्यवस्था करने की जरूरत महसूस नहीं की। अब पिछले तीन दिनों से लगातार रुक-रुक कर हो रही बरसात के कारण यो हाइवे पर जलभराव की स्थिति विकराल रूप धारण कर चुकी है। ऐसे में एनएचएआई और जिला प्रशासन द्वारा पानी की निकासी के लिए अस्थाई जुगाड़ किये जा रहे हैं। जगह-जगह पंप लगाकर हाइवे से पानी निकाला जा रहा है। लेकिन बरसात आते ही हाइवे पर फिर पानी जमा होने लगता है। लेकिन स्थाई विकल्प न होने से मजबूरी में अस्थाई इंतजाम करने पड़ रहे हैं। यदि एनएचएआई के अधिकारी समय रहते निकासी के स्थाई इंतजाम कर लेते तो बरसात में हाइवे पर परेशानी नहीं झेलनी पड़ती।

### मिट्टी धंसने से परेशानी



सेक्टर 24 में जलभराव से हो रही भारी परेशानी।

**सेक्टर 24** औद्योगिक क्षेत्र में डाली गई स्टॉर्म वॉटर लाइन के कारण इलाके के उद्योगों और मजदूरों को भारी परेशानी हो रही है। खुदाई के दौरान ठेकेदार द्वारा कई जगह सड़क तोड़ी गई थी। पाइप लाइन डालने के बाद गड्ढों में मिट्टी तो भर दी, लेकिन उसके ऊपर सड़क नहीं बनाई। जबकि टूट फूट के बाद मरम्मत की जिम्मेदारी ठेकेदार की होती है। कई उद्योगों के सामने तो ठेकेदार द्वारा सही तरीके से गड्ढों को भरा भी नहीं गया है। कई जगह आज भी गड्ढे खुदे पड़े हैं। ठेकेदार ने गड्ढों की सही तरीके से भरत नहीं की है। ऐसी ही हालत शहर के अन्य उन हिस्सों की भी हैं, जहां लाइनें डाली गई हैं। अब तीन दिनों से हो रही बरसात के कारण जगह जगह मिट्टी धस रही है। ऐसे में ट्रक और अन्य वाहन तो इनमें फंस कर क्षतिग्रस्त हो ही रहे हैं। साथ पैदल चलने वाले मजदूरों की जान को भी खतरा बना हुआ है, क्योंकि मिट्टी धंसने से बने गड्ढे बरसाती पानी भरने से दिखाई नहीं दे रहे हैं, लेकिन संबंधित विभाग ध्यान देने की जरूरत महसूस नहीं कर रहे हैं।

### अधूरे काम बने जानलेवा

**नगर** निगम अथवा अन्य एजेंसियों से मिलीभगत कर ठेकेदारों द्वारा लापरवाही से नहीं बल्कि जानबूझ कर विकास कार्यों को अधूरा छोड़ दिया जाता है। जिससे लोगों को तो परेशानी होती ही है, साथ इससे अधिकारियों और ठेकेदारों को डबल मुनाफा होता है। क्योंकि बाद में लोगों के ध्यान न देने पर दोबारा एस्टीमेट बनाकर काम किया जाता है। यहीं स्थिति करोड़ों रुपये की लागत से बनी गौंछी ड्रेन रोड पर देखी जा रही है। इस रोड पर वैसे तो अनेक काम अधूरे छोड़ गए है। लेकिन कई जगह तो सड़क बनाई ही नहीं गई और कई जगह सड़कों को आपस में कनेक्ट नहीं किया गया है। सारन स्कूल रोड के डिस्पोजल चौक के पास करीब 50 मीटर हिस्से में सड़क नहीं बनाई गई। जो अब बरसात में जलभराव के कारण गड्ढे का रूप धारण कर चुकी है। इसी तरह सेक्टर 25 के गुरुग्राम नहर के पुल के दोनों तरफ रैम्प नहीं बनाई। अब बरसात में मिट्टी धुल जाने से वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। इसके अलावा सबसे ज्यादा बुरी स्थित हार्डवेयर चौक की है।

### लापरवाहों पर हो कार्रवाई



**समाजसेवी** अनीशपाल का कहना है कि विकास कार्यो के दौरान संबंधित विभागों द्वारा की जा रही लापरवाही से लोगों को रोज परेशानी हो रही है। यही लापरवाही पिछले तीन दिनों से हो रही बरसात में लोगों के लिए खतरनाक साबित हो रही है। ऐसे में विकास लोगों के लिए विनाश का बड़ा कारण बन सकता है। लापरवाही से खोदे गए गड्ढों के कारण आए दिन शहर में हादसे हो रहे हैं। लापरवाही के लिए जिम्मेदार संबंधित विभागों के अधिकारियों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**विश्व फेफड़ा दिवस**

# वायु प्रदूषण में फेफड़ों का ध्यान रखना जरूरी : डा. झा

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सितम्बर** माह की 25 तारीख को विश्व फेफड़ा दिवस मनाया जाता है, इसका प्रमुख उद्देश्य फेफड़ों के स्वास्थ्य के प्रति दुनिया भर में जागरूकता फैलाना है। इस वर्ष की थीम, लंग हेल्थ फार आल, यानी सबके फेफड़ों का स्वास्थ्य ठीक रहे, रखी गयी है। जागरूकता फैलाने के लिए फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, फरीदाबाद के डॉ रवि शेखर झा, डायरेक्टर एवं यूनिट हैड पल्मोनोलॉजी ने जानकारी साझा की।

डॉ रवि शेखर झा ने कहा, ''वायु प्रदूषण बढ़ने और पर्यावरण में लगातार गिरावट के चलते, फेफड़ों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना पहले से भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है। आज वायु प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और बहुत से लोग कम उम्र में ही सांस संबंधी तकलीफों की शिकायत करने लगे हैं। स्मॉग, प्रदूषित धुआं,



डॉ. रवि शेखर झा ।

औद्योगिक रसायनों के कणों के वायु में घुलने से वायु गुणवत्ता लगातार खराब हो रही है और हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं उससे हमारे फेफड़ों में मौजूद महीन छिद्र (ब्रोंकिल्स) बंद होने लगते हैं। ऐसे में सीओपीडी के शिकार मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है। कुछ शोधकर्ताओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि हवा में मौजूद पीएम 2.5 से फेफड़ों में सूजन आ सकती है और यह फेफड़ों की उन कोशिकाओं में ट्यूमर का कारण भी हो सकता है जिनमें पहले से ही म्युटेशंस हो चुकी होती हैं। इस प्रकार, वायु प्रदूषण को फेफड़ों के कैंसर के बढ़ने का प्रमुख कारण माना जाता है।

डॉ. रवि शेखर झा ने बताया, शोध से इस बात के भी संकेत मिले हैं कि लंबे समय तक प्रदूषित हवा में रहने से फेफड़ों में कई और भी गंभीर किस्म के विकार पैदा हो सकते हैं और आउटडोर वायु प्रदूषण फेफड़ों के कैंसर का कारण बनता है। यह भी देखा गया है कि वायु प्रदूषण को लंबे समय तक झेलते रहने से कई मरीज़ों में अस्थमा की शिकायत भी हो जाती है। इसलिए, जिम्मेदार नागरिक होने के नाते, हमें वायु प्रदूषण के स्रोतों को कम करने के हर संभव प्रयास करने चाहिए और हम जिस वातावरण में रहते हैं उसे सेहतमंद बनाए रखने के प्रयास करने चाहिए।''

# दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए लगाया कैम्प

### निःशुल्क सहायक उपकरण देने को 28 सितंबर 2022 तक लग रहे जांच व माप कैंप

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



एसजीएम नगर स्थित महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन द्वारा आयोजित शिविर का अवलोकन करती विधायक सीमा त्रिखा।

**सेवा** पखवाड़ा के अंतर्गत विक्रम सिंह उपायुक्त एवम प्रधान जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के कुशल मार्गदर्शन मे भारत सरकार की एडिप व राष्ट्रीय व्योश्री योजना के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर (एलिम्को) दिल्ली केंद्र द्वारा जिला प्रशासन एवं जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सहयोग से जिले के दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 21 से 28 सितंबर 2022 तक आठ दिवसीय जांच व माप शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद विक्रम सिंह ने सभी जिला वासियों से पुन: आह्वान किया है कि इन शिविरों में अधिक से अधिक दिव्यांग एवम वरिष्ठ नागरिकों को भेजने का कष्ट करें ताकि जिले अंतिम छोर के जरूरतमंद दिव्यांग और वरिष्ठ नागरिक को लाभान्वित कराया जा सके। शिविरों की इस कड़ी में बुधवार को महावीर इंटरनेशनल सोशल फाउंडेशन ब्लॉक एएसजीएम नगर फरीदाबाद में जांच-माप शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में का अवलोकन सीमा त्रिखा विधायक बड़खल द्वारा किया गया। उन्होंने दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिकों के अलावा जनसाधारण से भी अपील की ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी भारत सरकार की इन योजनाओं के बारे में जानकारी दे ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सके। इस अवसर पर एएस पटवा, उमेश अरोड़ा, जयपालसिंह, नीरू पवन, शिखा अरोरा, राकेश अरोड़ा, श्वेता तिवारी, साहिल, सुरेंद्र गेरा, भारती गेरा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी फरीदाबाद के सचिव बिजेंद्र सौरोत ने बताया की इन शिविरों का लाभ लेने के वरिष्ठ नागरिक अपने साथ आधार कार्ड, परिवार पहचान पत्र की फोटोप्रति अवश्य लेकर आए। इन शिविर में पंजीकृत वरिष्ठ नागरिकों को चश्मा, सुनने मशीन, सहारे के लिए छड़ी, बैल्ट, घुटने की बेल्ट आदि उपकरण तथा दिव्यांगजन को उनकी जरूरत अनुसार हाथ से चलने वाली तिपहिया साईकल, बैशाखी, व्हील चेयर, सुनने की मशीन, इत्यादि समान उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि 26 सितम्बर को पंजाबी धर्मशाला मोहना रोड बल्लबगढ़, 27 सितम्बर को राजस्थान भवन सेक्टर 11 फरीदाबाद व 28 सितम्बर को परमार्थ राधा कृष्ण ट्रस्ट, राजा गार्डन सेक्टर 19 फरीदाबाद में लगाया जाएगा।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103

## नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

सियासी तुम तो करते खूब मनमानी यही सच है
ज़रा सी भी नहीं तुमको परेशानी यही सच है
हमारे गाँव, गलियाँ, सड़कें सब सैलाब में डूबे
तुम्हारी आँख का तो मर गया पानी यही सच है

# 2025 तक भारत देश को बनाना है टीबी मुक्त : गुर्जर

### केंद्रीय मंत्री ने कृष्ण पाल गुर्जर ने भी टीबी ग्रसित 15 मरीजों को राशन दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**भारत** सरकार के भारी उद्योग एवं ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर द्वारा आज शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 72वें जन्मोत्सव सेवा पखवाड़ा के तहत फरीदाबाद की सिविल हॉस्पिटल में निक्षय पोषण दिवस मनाया गया।

उन्होंने बताया कि निक्षय दिवस हर महीने की 24 तारीख को मनाया जाता है। टीबी हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है जो की माइको बैक्टेरियम ट्यूबरक्लोसिस बैक्टीरिया द्वारा फैलाई जाती है। टीबी संक्रमित व्यक्ति खासते, छीकते और बोलते समय दूसरे व्यक्तियों को संक्रमित कर सकता है। सभी देशों का लक्ष्य है कि



सिविल हॉस्पिटल में टीबी ग्रसित 15 मरीजों को राशन दिया।

2030 तक विश्व को टीबी मुक्त किया जाए। वही भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाना है। इस कड़ी के तहत केंद्रीय मंत्री ने कृष्ण पाल गुर्जर ने भी 15 मरीजों को राशन दिया। सरकार द्वारा पूरे देश में मोदी के जन्मदिन से गांधी के जन्मदिन तक के दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा टीबी के मरीजों के लिए निःशुल्क टेस्ट और दवाइयों की सुविधा दी जाती है। सरकार ने निति बनायीं है कि कोई भी व्यक्ति टीबी मरीज को गोद ले सकता है और उसका पूरा खान-पान का ध्यान करेगा। टीबी मुक्त भारत तभी संभव होगा जब हम सब मिलकर सामूहिक रूप से मिलकर इस बिमारी की खिलाफ लड़े। बहुत सी सामाजिक संस्थाए, सरकारी-गैर सरकारी संस्थाए टीबी मरीजों को गोद ले रहे है।

सीएमओ विनय गुप्ता बताया कि टीबी के मरीज को हर महीने भारत सरकार द्वारा 500 रुपये मिलते हैं। टीवी के मरीजों को हाई प्रोटीन डाइट संतुलित पौष्टिक आहार लेना चाहिए टीवी के मरीज काफी कमजोर हो जाते हैं इसलिए उनको डाइट भी अच्छी रखनी चाहिए उससे भी मरीज को जल्दी ठीक हो सकता है।

डॉ शीला भगत ने बताया कि टीवी एक हवा के द्वारा फैलने वाली बीमारी है, जोकि संक्रमित व्यक्ति के खांसने, छींकने, बोलते समय जो थूक के कण निकलते हैं, उससे एक संक्रमित व्यक्ति दूसरे को फैला सकता है। टीवी दो प्रकार की होती है एक फेफड़ों वाली टीबी दूसरी फेफड़ों के अलावा की टीबी के लक्षण 2 हफ्ते से ज्यादा खांसी 2 हफ्ते से ज्यादा लंबा बुखार वजन का घटना लगातार रात को पसीना आना आदि हैं टीबी की दवाइयों को बीच में नहीं छोड़ना चाहिए टीबी टीबी एक लाइलाज बिमारी नहीं है इसका इलाज संभव है टीबी की दवाइयां 6 महीने चलती हैं।

# शैलजा के जन्मदिवस पर किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी मेंबर, पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व हरियाणा पीसीसी अध्यक्ष कुमारी शैलजा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पृथला कांग्रेस कार्यालय हो ऐतिहासिक बारिश के बीच, वृक्षारोपण किया गया। असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर ने तेज बारिश के बीच साथियों सहित सपरिवार वृक्षारोपण किया।



पूर्व हरियाणा पीसीसी अध्यक्ष कुमारी शैलजा के जन्मदिन के अवसर पर पौधा रोपण करते कांग्रेसी।

राकेश तंवर ने कहा कि हम अतिवृष्टि से मुक्ति हेतु वरुण देवता से अभय वर मांगते हैं और हरियाणा की पगड़ी, 36 बिरादरी में बेटी के रूप में जगह बनाने वाली, हमारी प्रेरणा बहन शैलजा जी के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना करते हैं। आज उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य में छायादार एवं फलदार पेड़ लगाए हैं। जन्मदिन पर वृक्ष लगाने के कारण पर राकेश तंवर ने कहा कि बधाई देने के और भी तरीके हैं, पर बहन जी से सीखा है कि कुछ ऐसा करो जो हमारे बाद भी लोगों का हित करे, इसलिए पेड़ लगाये, क्योंकि आज पूरी दुनियां ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रही है, कहीं विनाशकारी बाढ़ आ जाती है तो कहीं सूखा पड़ रहा है, ये सब ग्रीनहाउस गैस के प्रभाव से हो रहा है, इस समस्या से लड़ने का सबसे प्रभावशाली और कारगर तरीका है वृक्षारोपण।

# सरकारी स्कूल के हालात: भांखड़ी स्कूल पानी में डूबा

**कविता।** फरीदाबाद

**भाखड़ी** गांव स्थित गॉवरमेंट मॉडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल तथा सीनियर सैकेंड्री स्कूल परिसर पूरी तरह से तलाब का रूप ले चुका है। ऐसे में बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों को कक्षाओं में पानी का दरिया पार करके जाना पड़ेगा। स्कूल की वायरल वीडियो में दिखाया जा रहा है कि किसी नदी के रूप में सड़क का पानी टूटी दीवार से अंदर आ रहा है। स्कूल प्रबंधन का कहना है कि पानी के कारण यह दीवार टूटी है। जबकि सूत्रों से पता चला कि करीब दस दिन पहले दीवार एक ट्रक की टक्कर से गिरी थी।

**बरसात में ऐसा दृश्य:** भाखड़ी के

## सड़क से चार फीट नीचे पड़ रहा है, भांखड़ी का सरकारी स्कूल

स्कूल में प्राइमरी और सीनियर सैकेंड्री दो स्कूल चल रहे हैं, जिसमें करीब 500 बच्चे और 23 टीचर है। पुरानी इमारत में सरकार ने मॉडल संस्कृति स्कूल तो खोल दिए, लेकिन सरकार और जिला शिक्षा विभाग ने इसकी खस्ता हालत पर जरा भी ध्यान नहीं दिया। स्कूल की इमारत सड़क से कई फीट नीचे है। जिस कारण बरसात में सड़क पर भरा पानी वाहनों के गुजरते ही स्कूल के भीतर पहुंच जाता है। इससे दुखी स्कूल के बच्चे और



स्कूल के अंदर भरे हुए बरसाती पानी का दृश्य।



टूटी दीवार से झरने या नदी की तरह बहकर सड़क से आता बरसाती पानी।

कर्मचारी जैसे तैसे गुजारा कर रहे थे।

वहीं तीन दिनों से हो रही बरसात के बीच एक बार फिर स्कूल में आफत आ गई। टूटी दीवार से पानी किसी झरने की तरह अंदर आ रहा है। ऐसे में स्कूल परिसर तालाब में तब्दील हो गया। बरसात का पानी अंदर आते देख, स्कूल के भीतर रखी शिक्षण सामग्री तथा किताबों को बचाने का प्रयास स्कूल के टीचरों और बच्चों ने किया।

**टूटी दीवार:** स्कूल परिसर की एक दीवार टुटी हुई है और उसमें से पानी बहकर अंदर आ रहा है। इस वीडियों में दर्शाया जा रहा है कि बरसात में पानी के तेज बहाव के कारण दीवार गिर गई है। लेकिन जब पायनियर ने अपने सूत्रों से पता किया, तो मालूम हुआ कि सड़क पर यहां जाम लगता है, कुछ दिन पहले एक ट्रक की टक्कर से दीवार गिर गई थी।

स्कूल प्रबंधन ने इसे ठीक नहीं करवाया। जिस कारण टूटी दीवार से स्कूल के भीतर पानी अधिक भर गया और तालाब के रूप में स्कूल परिसर में एकत्रित हो गया।

# ग्रेटर फरीदाबाद : दबंगों ने फिर एक आरडब्ल्यूए अध्यक्ष पर किया हमला

## सोसायटी के सुरक्षा प्रभारी ने सरेआम की पीड़ित की बेरहमी से मारपीट


**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**ग्रेटर** फरीदाबाद की सोसायटी में घर खरीदकर लोग खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। यहां विभिन्न तरह की समस्याओं से तो उन्हें जूझना पड़ ही रहा है। साथ ही बिल्डरों की मनमानी से भी वे त्रस्त हैं। इस दौरान जब कोई विरोध करता है तो बिल्डरों के कारिंदे उनके साथ मारपीट करने से भी नहीं चूकते। बीती रात भी बीपीटीपी पार्क फ्लोर एक सोसायटी की आरडब्ल्यूए के प्रधान के साथ सोसायटी के ही सिक्योरिटी इंचार्ज ने बेरहमी से मारपीट कर दी। पीड़ित व्यक्ति का कसूर यह था कि उन्होंने सिक्योरिटी के बिलों में की गई गड़बड़ी का विरोध किया था। सोसायटी के निवासियों ने मामले की शिकायत डीसीपी सेंन्ट्रल से की है। उन्होंने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

जानकारी के मुताबिक बीपीटीपी पार्क फ्लोर एक सोसायटी में विजय दीक्षित आरडब्ल्युए के प्रधान हैं।



डीसीपी कार्यालय में शिकायत लेकर पहुंचे सोसायटी निवासी।



घायल विजय दीक्षित।

सोसायटी में बेशक आरडब्ल्यूए हैं लेकिन मैंटीनेंस के काम बिल्डर की ही एक कंपनी देखती है। जिसका भुगतान आरडब्ल्युए को करना पड़ता है। इस दौरान आरडब्ल्यूए लगातार देख रही थी कि सर्विस के बिलों में कई तरह की गड़बड़ी हो रही है। उन्होंने देखा कि सिक्योरिटी गार्डों की हाजिरी तो पूरी लगती है, लेकिन सुरक्षा कर्मचारी कम मौजूद होते हैं। इस बारे में विजय दीक्षित ने सोसायटी के सिक्योरिटी इंचार्ज के सामने विरोध जताया था। बताया गया है कि दो दिन पूर्व सोसायटी की एक लिफ्ट में एक महिला 20 मिनट तक फंसी रही। बाहर निकलने पर महिला ने लिफ्ट मरम्मत करने वाले व्यक्ति के सामने विरोध जताया था। बाद में विजय दीक्षित और आरडब्ल्यूए के अन्य सदस्यों ने इसकी शिकायत सिक्योरिटी इंचार्ज से की थी। इस बात को लेकर सिक्योरिटी इंचार्ज ने मन में रंजिश पाल ली थी। बीती रात विजय दीक्षित आरडब्ल्यूए के सदस्यों के साथ बैठक करने के बाद घर लौट रहे थे। तभी सिक्योरिटी इंचार्ज ने उन्हें आवाज देकर बुलाया। उसके पास जाते ही आरोपी ने विजय दीक्षित के साथ अभद्र व्यवहार शुरू कर दिया। विरोध करने पर आरोपी ने उन्हें पीट-पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सोसायटी के अन्य लोग उन्हें उपचार के लिए बीके अस्पताल ले गए। शनिवार को सोसायटी के निवासियों ने पहले इलाके के एमएलए राजेश नागर और इसके बाद डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा से शिकायत की। डीसीपी ने उन्हें आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। इस घटना को लेकर विभिन्न सोसायटियों में रहने वाले लोगों में काफी रोष है। ग्रेटर फरीदाबाद निवासी सेवानिवृत विंग कमांड एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सतेंद्र दुग्गल ने कहा कि बीपीटीपी की सोसायटियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए जिला उपायुक्त को अपने स्तर पर सभी विभागों की संयुक्त कमेटी बनानी चाहिए। हर महीने बैठक कर समास्याओं का समाधान करना चाहिए।

# जच्चा-बच्चा की मौत के विरोध में परिजनों ने किया हंगामा



**फरीदाबाद।** राजीव कालोनी में बीती रात एक जच्चा-बच्चा की मौत हो गई। परिजनों ने एक निजी अस्पताल को इसका जिम्मेदार ठहराया है।

परिजनों का कहना है कि आरोपी अस्पताल प्रबंधन ने पति को पैसे देकर मृतका के शव को गांव भेज दिया और उसके नवजात बच्चे को छिपा दिया। जिस पर पुलिस ने बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर बीके सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतका के शव के पोस्टमार्टम के लिए उसके पति को गांव से वापस आने को कहा है।

**यह है पूरा मामला:** दीपक ने बताया कि सुमित अपनी पत्नी शिवा के संग यहां किराये पर रहता है। गर्भवती शिवा की शुक्रवार रात को हालत खराब होने पर सरकारी डिस्पेंसरी में लेकर गए। जहां से बीके ले जाने को कहा। लेकिन एक झोलाछाप डॉक्टर के कहने पर शिवा को कृष्णा कालोनी के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवा दिया। करीब चार घंटे बाद शिवा ने एक स्वस्थ्य बच्चे

## यूपी से शव वापस मंगवाकर, पुलिस करवाएगी पोस्टमार्टम

को जन्म दिया। बच्चा स्वास्थ्य था। कुछ देर बाद डॉक्टरों ने शिवा की हालत खराब बताते हुए एक अन्य निजी हॉस्पिटल में रेफर कर दिया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने शिवा को मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद कृष्णा कालोनी अस्पताल के संचालकों ने सुमित को समझा कर एम्बुलेंस के माध्यम से रात को ही शिवा का शव यूपी भिजवा दिया। अगले दिन सुबह जब सुमित की बहन, भाई और लोगों का इसका पता चला, तो वह डॉक्टर से बच्चे को लेने पहुंचे। लेकिन चिकित्सक ने बच्चे का कभी कालरा तो कभी एनएच-पांच अस्पताल में बताया। परिजनों ने हंगामा किया तो चिकित्सक ने कहा कि बच्चा मृत है और उसे मृतका की एम्बुलेंस में भेजा है, सुमित से बात की तो पता चला कि बच्चे का शव नहीं है।

# आमजन की लड़ाई मजबूती से लड़ रही है सैलजा : अग्रवाल

## बल्लभगढ़ में कांग्रेसजनों ने पौधारोपण कर मनाया कुमारी सैलजा का जन्मदिन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी की पूर्व अध्यक्षा व कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा का जन्मदिन बल्लभगढ़ के मोहना रोड स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल के कार्यालय पर हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले के समस्त कांग्रेसजनों ने केक काटकर कुमारी सैलजा के उत्तम स्वास्थ्य व सुदीर्घ जीवन की कामना की। इसके उपरांत बल्लभगढ़ के प्रसिद्ध सिटी पार्क पहुंचकर कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने 'एक पौधा सैलजा के नाम' मुहिम के तहत पौधरोपण किया और लगाए गए पौधों के पेड़ बनने तक उनकी देखभाल करने का भी संकल्प लिया।

इस अवसर पर मनोज अग्रवाल ने कांग्रेस के मेहनती व कर्मठ कार्यकर्ताओं को पीसीसी डेलिगेट बनाए जाने पर कुमारी सैलजा का आभार जताते हुए कहा कि कुमारी सैलजा ने हमेशा से गरीब, किसान, मजदूर और महिलाओं



बल्लभगढ़ में कुमारी सैलजा के जन्मदिन के अवसर पर पौध रोपण करते कांग्रेसी नेता मनोज अग्रवाल व अन्य।

की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक बुलंद करने का काम किया है। उनकी दूरदर्शी सोच का ही परिणाम है कि आज हरियाणा कांग्रेस जनता की लड़ाई को पूरी मजबूती से साथ लड़ रही है। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने कहा कि कुमारी सैलजा का हरियाणा की माटी के प्रति समर्पित त्यागपूर्ण जीवन असंख्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। जनता के हितकारी मुद्दों पर कुमारी सैलजा की सरकार पर बेबाक टिप्पिणयां से भाजपा सरकार पूरी तरह से घबराई हुई है क्योंकि भाजपा सरकार में जितने भ्रष्टाचार हुए हैं, उन सभी को कुमारी सैलजा ने पुरजोर तरीके से उठाने का काम किया है।

# आईएनबीएल ने की 5×5 सीजन-1 की घोषणा

## जनवरी 2023 में प्ले-ऑफ से पहले तीन राउंड में भिड़ेंगी टीमें

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद




**भारतीय** बास्केटबॉल के लिए बड़ा पल आ गया है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) ने इंडियन नेशनल बास्केटबॉल लीग (आईएनबीएल) 5×5 की घोषणा की है जिसमें जनवरी 2023 में प्लेऑफ में जाने से पहले बेंगलुरू, चंडीगढ़, चेन्नई, दिल्ली, मुंबई और कोलकाता की टीमें 3 राउंड में एक-दूसरे से भिड़ेंगी। टीमों और व्यक्तियों के लिए 50 लाख रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि दांव पर लगी है।

बीएफआई के एमएलसी अध्यक्ष और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के उपाध्यक्ष डॉ. के. गोविंदराज ने इस फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, इस दिन को भारतीय बास्केटबॉल के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में अंकित किया जाना चाहिए। उन्होंने आगे कहा, इसी वर्ष पूर्व में हमने आईएनबीएल 3×3 सीजन-1 की शुरुआत की और इसका सफल आयोजन किया, जिसमें देशभर के 20 शहरों में 9,000 से अधिक खिलाड़ी अपना जलवा बिखेरते दिखाई दिए। बीएफआई का वर्तमान लक्ष्य भारतीय राष्ट्रीय टीमों को 2027 के फीबा (एफआईबीए) बास्केटबॉल विश्व कप और उसके बाद संभवत: ओलंपिक में खेलने के लिए तैयार करना है। बीएफआई के महासचिव चंदर मुखी शर्मा ने अपनी बात रखते हुए कहा, आखिरकार, यह राष्ट्रीय महासंघ की जिम्मेदारी है कि वह सुनिश्चित करे कि खिलाड़ियों और कोचों के लिए पर्याप्त प्रतिस्पर्धा हो और साथ ही समर्थकों और प्रशंसकों को पर्याप्त मनोरंजन भी उपलब्ध हो। उन्होंने आगे कहा, अंडर-16 टीम फीबा (एफआईबीए) अंडर-16 एशियन चैम्पियनशिप में अभूतपूर्व ढंग से पाँचवें नंबर पर रही और सीनियर टीम ने भी फीबा बास्केटबॉल विश्व कप क्वालीफायर मुकाबलों में निरंतर बढ़िया प्रदर्शन किया। ये सभी भारतीय बास्केटबॉल के लिए अत्यंत उत्साहजनक संकेत हैं। जयपुर, पुणे और कटक में 6 टीमें 3 राउंड में आपस में मुकाबला करेंगी। पहला राउंड जयपुर में 12-16 अक्टूबर के बीच और दूसरा राउंड दो हफ्ते बाद 26-30 अक्टूबर से कटक में खेला जाएगा।

# महिलाओं को अपराधों के प्रति किया जागरुक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**पुलिस** आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के दिशा निर्देश के तहत कार्य करते हुए महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता ने सेक्टर 16 में स्थित वीएलसीसी अकैडमी पहुंचकर महिलाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरुक किया।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि समाज में अपराधों पर अंकुश लगाने का सबसे बेहतरीन तरीका है नागरिकों को उनके अधिकारों तथा समाज में फैली कुरीतियों का विरोध करते हुए उनके खिलाफ आवाज उठाने के लिए जागरूक करना। जिस प्रदेश के नागरिक अपने अधिकारों के प्रति जितने अधिक जागरुक होंगे वह प्रदेश उतनी ही अधिक तरक्की करेगा और उस प्रदेश के नागरिक अपने क्षेत्र को नई बुलंदियों तक पहुंचाएंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस आयुक्त के दिशा निर्देश के तहत महिला थाना सेंट्रल प्रभारी इंस्पेक्टर गीता अपनी टीम



सेक्टर 16 वीएलसीसी एकेडमी में आयोजित कार्यक्रम में एकेडमी की छात्राओं के साथ सेंट्रल महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर गीता।

के साथ थाना एरिया में स्थित वीएलसीसी अकैडमी पहुंची। अकादमी में पहुंचकर इंस्पेक्टर गीता ने वहां पर मौजूद महिलाओं व लड़कियों को महिला विरुद्ध अपराध के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि कुछ संकुचित मानसिकता के व्यक्ति महिलाओं का शोषण करते हैं और नशे में धुत होकर महिलाओं के साथ मारपीट करते हैं तथा उन्हें भद्दी गालियां भी देते हैं। महिलाएं समाज के डर से इसके खिलाफ कुछ नहीं कर पाती। वह अपने दुख के बारे में न हीं तो किसी को बता पाती है और न हीं इसके विरोध में अपनी आवाज उठा पाती है। परंतु ऐसे अपराधों पर अंकुश लगाने का एकमात्र तरीका है की आप इसके खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करें। इसमें पुलिस भी आपकी पूरी सहायता करेगी। कई बार ससुराल पक्ष के दबाव में महिलाएं गर्भावस्था में लिंग जांच करवाती हैं तथा भ्रूण के कन्या होने का पता चलने पर उसके ससुराल पक्ष गर्भ को गिराने का दबाव बनाते हैं। जो महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होती हैं वह इसका विरोध करती हैं परंतु कुछ महिलाएं दबाव के चलते उस भ्रूण हत्या करवा देती हैं जोकि कानूनी रूप से भी अपराध है और इंसानियत पर भी एक कलंक है जो गर्भ में पल रहे रही एक नन्ही सी जान को जन्म से पहले ही मार देते हैं। इसमें महिलाओं से अधिक दोष उनका है जो उन्हें ऐसा करने पर मजबूर करते हैं। सभी महिलाओं से अनुरोध है कि वह इस प्रकार के अपराधों के खिलाफ आवाज उठाएं और उन्हें समाज में कहीं भी इस प्रकार की कुरीतियां दिखाई दे तो वह इसके खिलाफ महिला हेल्पलाइन 1091 या पुलिस हेल्पलाइन 112 पर इसकी सूचना दें। इसके अलावा महिलाओं की मदद के लिए पुलिस विभाग द्वारा दुर्गा शक्ति एप भी उपलब्ध है जिसे फोन में इंस्टॉल करके इसकी सहायता से पुलिस की मदद ली जा सकती है।

# सेक्टर 16ए और 15ए में लगाया जाएगा एएसआरएस

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**तेजी** से शहरीकरण और जनसंख्या वृद्धि ने फरीदाबाद शहर में भूजल की कमी और जल जमाव की समस्या को जन्म दिया है।

फरीदाबाद के इन दो महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक स्मार्ट समाधान मानव रचना सेंटर फॉर एडवांस वाटर टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट (एमआरसीएडब्ल्यूटीएम), मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज फरीदाबाद द्वारा कार्यान्वित, फरीदाबाद स्मार्ट सिटी (एफएससी), एक डीएसटी फंडेड रिसर्च प्रोजेक्ट के तहत प्रस्तावित किया गया है। एमआरसीएडब्ल्यूटीएम ने आमतौर पर उपयोग किए जाने वाले रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग और कृत्रिम भूजल पुनर्भरण प्रणाली (आरटीआरडब्ल्यूएचएस) को संशोधित करके एक वैकल्पिक डिजाइन तैयार किया है और शहरी क्षेत्र के दो पर्यावरण-संवेदनशील मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक अधिक प्रभावी और कुशल एक्वीफर स्टोरेज एंड रिकवरी सिस्टम (एएसआरएस) के साथ सामने आया है। एफएससी के तहत एफएससीएल और पीडब्ल्यूडी, फरीदाबाद के परामर्श से सेक्टर 16ए (पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर कॉलोनी) और 15ए (ऑफिसर्स कॉलोनी)-दो स्थानों की पहचान की गई। यहां, एक्वीफर्स कम हो रहे हैं और जलजमाव इस पैमाने पर होता है कि भारी बारिश के दौरान निवासियों को घर पर रहना पड़ता है। सड़कें कई घंटों तक 2-3 फीट पानी में डूबी रहती हैं, जिससे आवाजाही पूरी तरह से असंभव हो जाती है। यदि पानी को हटा भी दिया जाए, तो कीचड़ और गंदगी कई दिनों तक बनी रहती है।

# संक्षिप्त समाचार

## मानव सुपर 21 की चयन परीक्षा में शामिल हुए 15 विद्यार्थी



**फरीदाबाद।** मानव सेवा समिति द्वारा मानव सुपर 21 मिशन के तहत संचालित नीट, आईआईटी कोचिंग की रिक्त सीटों के लिए शनिवार को 15 विद्यार्थियों ने मानव भवन में चयन परीक्षा दी। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर 21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि चयनित विद्यार्थियों को एक अक्टूबर से कोचिंग में शामिल किया जाएगा। समिति के चेयरमैन अरुण बजाज ने कहा है कि अभी यह कोचिंग सिर्फ 3 दिन चल रही है जैसे ही और अधिक शिक्षाविद व प्रोफेसर का सहयोग मिल जाएगा कोचिंग दिनों को बढ़ाया जाएगा।

## 38 लाख का गबन करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** कोतवाली पुलिस प्रभारी इंस्पेक्टर रामबीर व उनकी टीम ने धोखाधड़ी से 38 लाख रुपये का गबन करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम समीर उर्फ रशीद और मुदस्सीर अहमद है। आरोपी रशीद अलवर तथा मुदस्सिर जम्मू कश्मीर का रहने वाला है। आरोपी रशीद तथा पांच अन्य आरोपियों के खिलाफ वर्ष 2020 में धोखाधड़ी की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें मुख्य आरोपी रशीद तथा उसके जीजा इकबाल ने फर्जी कागजात के आधार पर फरीदाबाद में स्थित मैग्मा फिनकॉर्प लिमिटेड कंपनी से जेसीबी खरीदने के लिए 19-19 लाख रुपये के दो लोन करवाए थे। इस लोन में कंपनी के दो अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायत भी दी गई थी जिसकी अभी जांच की जा रही है। आरोपियों ने लोन लेने के पश्चात एक भी किश्त नहीं भरी और लोन पर प्राप्त दोनों जेसीबी को जम्मू कश्मीर एक व्यक्ति को बेच दिया। पुलिस जांच में पाया गया कि आरोपियों द्वारा लोन के लिए जमा कराए गए कागजात फर्जी हैं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए पिछले महीने आरोपी इकबाल को गिरफ्तार कर लिया। इसके पश्चात आरोपी रशीद को 17 सितंबर को गिरफ्तार करके छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया।

## कोरोना के साथ सिगरेट ने कमजोर किए फेफड़े : डॉ. मुखर्जी

**फरीदाबाद।** कोरोना ने जहां सबसे ज्यादा लोगों के फेफड़ों पर असर डाला। वहीं अब सिगरेट के कश फेफड़ों को कमजोर बना रहे हैं। विश्व लंग्स दिवस पर यह कहना है ग्रेटर फरीदाबाद स्थित एकॉर्ड अस्पताल के वरिष्ठ सांस रोग विशेषज्ञ डॉ. रोहित मुखर्जी का। उन्होंने कहा की जिंदा रहने के लिए सांस लेना सबसे अधिक जरूरी है। जिन लोगों को फेफड़ों यानी लंग की बीमारी होती है, उन्हें सांस लेने में तकलीफ होती है। आज की जीवनशैली में फेफड़ों की बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार पूरे विश्व में लंग्स कैंसर 0.5 प्रतिशत की तेजी से बढ़ रहा है। श्रमिक बहुल क्षेत्र, जहां खदानें अधिक हैं, वहां यह लगभग एक प्रतिशत की तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक साल 2030 तक विश्व में कैंसर पीड़ितों की संख्या एक करोड़ से ऊपर पहुंच जाएगी।

## जिंदा को मुर्दा और मुर्दा को जिंदा बताया जा रहा : नवीन

**फरीदाबाद।** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग द्वारा दी जा रही पेंशन में पिछले कुछ माह से बुजुर्ग की पेंशन काटने व मृतको की पेंशन दिए जाने के मामले में आज नवीन जयहिन्द ने फरीदाबाद में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। जयहिन्द ने कहा कि रोहतक के गांव गांधरा निवासी 102 वर्षीय किंग दादा दुलीचंद को सरकार द्वारा मृत घोषित करके उनकी पेंशन काट दी गई थी। जब हमने इस मामले को उठाया तो हमे पता चला कि प्रदेश में लगभग 5 लाख बुजुर्ग ऐसे हैं, जिनकी सरकार द्वारा नाजायज तरीके से पेंशन काटी गयी है। जिसमे विकलांग ओर विधवा महिलाएं भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सबके बाद हमने रोहतक में दादा दुलीचंद की बारात निकाली फिर चंडीगढ़ भी गए। जहां मुख्यमंत्री ने गलती मानी और विभाग को आदेश दिया कि 15 दिनों के अंदर-अंदर 30 सितम्बर तक पूरे प्रदेश में जहां-जहां ये समस्या है उनका समाधान होना चाहिए। साथ ही जयहिन्द ने कहा अगर सरकार ऐसा नही करती है तो एक बड़ा आंदोलन होगा। उन्होंने कहा कि सरकार भी यह मान चुकी है 2 लाख ऐसे व्यक्ति है जिनके साथ इस तरह की नाइंसाफी हुई है।

## दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' संपन्न

**फरीदाबाद।** भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा वायु, जल और भूमि विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'इको-2022' संपन्न हो गया। समापन सत्र में राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के चेयरमैन न्यायमूर्ति आदर्श गोयल मुख्य वक्ता रहे। जाने-माने पर्यावरणविद एवं पदम विभूषण डॉ अनिल प्रकाश जोशी समापन सत्र में मुख्य अतिथि रहे। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष पी. राघवेन्द्रा राव तथा इको-बाबा के नाम से लोकप्रिय पदमश्री संत बलबीर सिंह सीचेवाल सत्र में विशिष्ट अतिथि रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, भारत सेवा प्रतिष्ठान फरीदाबाद के चेयरमैन श्रीकृष्ण सिंघल तथा ग्रीन इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. जगदीश चौधरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रीय सम्मेलन के आयोजन सचिव डॉ अरविन्द गुप्ता ने बताया कि दो दिवसीय सम्मेलन में 200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा पर्यावरण एवं संबंधित विषयों पर लगभग 100 शोध कार्यों पर तकनीकी सत्रों में चर्चा हुई। सम्मेलन के दौरान कुल सात सत्र आयोजित किये गये तथा इन सत्रों में 17 विशेषज्ञ वक्ताओं ने वायु, जल एवं भूमि से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विचार-मंथन किया।

## दुर्घटना रोकने को गडढे भर रही है पुलिस



**फरीदाबाद।** बारिश के कारण पैदा हुई विकट परिस्थितियों में फरीदाबाद पुलिस शहरवासियों की अन्य दिनों के मुकाबले अधिक मदद करने में जुटी है। इस समय रोजाना की तरह पुलिस को ट्रैफिक तो संभालना ही है परंतु आमजन की सुरक्षा की जिम्मेवारी भी अब थाने व ट्रैफिक में तैनात पुलिसकर्मियों के जिम्मे है। किसी की गाड़ी गड्ढे में ना गिर जाए या कोई सड़क पर बारिश के बीच परेशान ना हो इसका भी ख्याल पुलिस को ही रखना पड़ता है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 15 एरिया में बारिश के कारण सड़क पर बहुत बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके थे जिसकी वजह से कुछ वाहन बारिश के कारण दिखाई ना देने पर इन गड्ढों में टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे थे। ट्रैफिक पुलिसकर्मियों द्वारा मथुरा हाईवे व शहर के अंदर कई स्थानों पर फावड़ा लेकर व जेसीबी मशीन मंगवाकर सड़क के गड्ढे भरे जा रहे हैं। पुलिसकर्मियों द्वारा किए जा रहे इन कार्यों से पुलिस अधिकारी बहुत प्रसन्न है और वह अपने जवानों को शाबाशी देकर उनकी हौसला अफजाई कर रहे हैं।

## नशीले पदार्थों के साथ नाइजीरियन सहित दो गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** काइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने अवैध नशा तस्करी के मुकदमे में एक नाइजीरियन सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों में साल्वो आलोवो का नाम शामिल है। आरोपी साल्वो अफ्रीका का रहने वाला है जो फिलहाल द्वारका में रह रहा था वहीं आरोपी सलमान नई दिल्ली के जनकपुरी का निवासी है। दोनों आरोपियों को बाईपास रोड से स्कूटी सहित काबू कर लिया। आरोपियों की तलाशी ली गई तो आरोपी साल्वो के कब्जे से 6.21 ग्राम का नशीला पदार्थ एमडी जिसे मेफेड्रोन कहा जाता है बरामद किया गया वहीं आरोपी सलमान के कब्जे से 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

# मिलेनियम शहर गुरुग्राम डूबा, मेयर की नजर में सब कुछ ठीक

### कुछ घंटे में पानी निकल जाने की बात कहकर दी सफाई

### शीतला माता मंदिर रोड पर कई फुट पानी भरा

**संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम**







गुरुग्राम में दिल्ली-जयपुर हाईवे पर भरे बरसाती पानी से रेंगते हुए गुजरते वाहन।

### जलभराव नहीं होने देने को लेकर मेयर अक्सर दिखाती रही हैं तेवर

### अब जलभराव हुआ फिर भी मेयर की नजर में सामान्य सी बात

**बरसाती** मौसम में जलभराव को लेकर अक्सर अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की चेतावनी देने वाली गुरुग्राम की मेयर मधु आजाद की नजर में जलभराव सामान्य सी बात है। मिलेनियम शहर गुरुग्राम भले ही डूबा हुआ हो, लेकिन वे सफाई दे रही हैं कि बरसात रुकने के तीन-घंटे में पानी निकल जाएगा। इससे साफ है कि उनकी ओर से अधिकारियों को दिखाए जाने वाले तेवर सिर्फ दिखावे के ही होते हैं।

तीन दिन से हो रही बरसात में गुरुग्राम के भीतरी और बाहरी क्षेत्रों में खूब जलभराव हुआ है। लोग परेशान हैं। सड़कों पर भरे पानी में वाहन बंद होने से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ रही है। शहर के नाले उफान पर हैं। सड़कें पानी से लबालब रही हैं। अपने काम-धंधों पर जाने वाले लोगों के लिए बरसात आफत बनकर बरसी है। बड़े स्तर के लोगों को तो वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है, लेकिन कर्मचारियों और श्रमिक तबके की अपने कार्य स्थल पर मजबूरी है। गुरुग्राम-जयपुर हाइवे किनारे बनी कंपनियों में जाने के लिए लोगों की लंबी लाइनें पानी के बीच देखी गई। कहीं कोई गड्ढे में ना फंस जाए, इसलिए लोग एक-दूसरे के पीछे चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचे। जिन लोगों के वाहन भरे पानी में बंद हो गए, उन्हें तो बहुत अधिक परेशानी हुई। तीसरे दिन की मूसलाधार बारिश ने हर उस दावे को धो दिया है, जो कि पूर्व में जिला प्रशासन, नगर निगम और जीएमडीएम के अधिकारियों की ओर से किए गए थे।

### जलभराव को कभी नहीं मानतीं मेयर मधु आजाद



**गुरुग्राम** में जलभराव नहीं होने देने के मेयर मधु आजाद ने भी पूर्व में सख्त लहजे में अधिकारियों को चेताया था कि अगर बरसात में जलभराव हुआ तो ठीक नहीं रहेगा। अब बरसात भी हो गई और शहर बरसाती के पानी में करीब-करीब डूब ही गया, लेकिन मेयर के तेवर में वो सख्ती नजर नहीं आ रही। यूं कहें उनके तेवर ढीले हो चुके हैं। जलभराव को सामान्य सी प्रक्रिया मान रही हैं। उनकी नजर में भले ही शहर पानी-पानी हो, लेकिन यह पानी कुछ घंटे में निकल जाएगा। इस तरह से उन्होंने पानी निकासी के दावे किए।



गुरुग्राम में जलभराव के बीच से अपने बच्चे के साथ निकलती महिला।



गुरुग्राम में पटौदी रोड पर बरसाती पानी के बीच गड्ढे में फंसा ट्रक।

### सामाजिक, राजनीतिक लोग उठा रहे व्यवस्था पर सवाल

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के डूबने को लेकर सामाजिक और राजनीतिक लोगों व्यवस्था पर सवाल और प्रहार कर रहे हैं। उन्होंने मीडिया और सोशल मीडिया के माध्यम से अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ खूब भड़ास निकाली है। सीधे तौर पर उन्हें इस बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

मानव आवाज संस्था के संयोजक अभय जैन एडवोकेट का कहना है कि गुरुग्राम में तीन तरह का प्रशासन काम करता है। यहां जिला प्रशासन के अलावा नगर निगम और जीएमडीए है। इतने बड़े प्रशासनिक अमले के बाद भी अगर गुरुग्राम डूब रहा है तो फिर सरकार को इस पर कड़ा संज्ञान लेना चाहिए। जो अधिकारी बरसात से पहले सब तैयारियां होने के दावे करते हैं, सीधे तौर पर उन पर कार्रवाई की जानी चाहिए। पर्यावरण संरक्षण समेत अनेक मुद्दों पर लगातार सक्रिय एक आवाज संस्था के संस्थापक अध्यक्ष राज सैनी बिसरवाल कहते हैं कि गुरुग्राम का बुरा हाल कर दिया गया है। करोड़ों रुपये खर्च होने की बातें कही जाती हैं, लेकिन इस खर्च के बाद भी अगर पानी भरता है। इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। आप नेता माइकल सैनी कहते हैं कि अब कहां चले गए गुरुग्राम को बेहतर बताने वाले नेता। जलभराव पर भी उन नेताओं को जवाब देना चाहिए, जो यहां के विकास की रोज बात करते हैं। गुरुग्राम की कमाई का हिस्सा कहां खर्च हो रहा है, उन्हें बताना चाहिए। अगर गुरुग्राम में खर्च हो रहा है तो फिर गुरुग्राम डूब क्यों रहा है। साफ नजर आ रहा है कि भ्रष्टाचार चरम पर है।

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग से जल संचयन करने में विफल है गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** बरसात के पानी को संचयन करने के लिए सरकार की ओर से तालाबों को विकसित किया जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्र में भी चैक डैम बनाए गए हैं। बरसाती पानी के संचयन का सबसे आसान तरीका वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। कहने को तो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लघु सचिवालय, सरकारी महाविद्यालयों, स्कूलों आदि के साथ निजी कंपनियों और शहर में कई जगह बनाए हुए हैं, लेकिन इनमें से अधिक सिस्टम सिर्फ दिखावे के ही रह गए हैं, क्योंकि इनकी समय पर सफाई नहीं हो पाती। इस कारण से बरसाती का पानी उनमें नहीं जाता। ये सिस्टम दुरुस्त नहीं होने के कारण लाखों गैलन बरसात का पानी गंदे नालों में ही बह जाता है। समय पर अगर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम दुरुस्त किए जाएं तो जमीन बरसाती पानी से रिचार्ज हो सकती है। गुरुग्राम जैसे जिले के लिए तो ऐसा करना बहुत जरूरी है। क्योंकि यहां का वाटर लेवल काफी नीचे जा चुका है। इस मामले में जिला डार्क जोन में है।

## सड़कों के गड्ढों से वाहनों के साथ खुद चोटिल हो रहे लोग

### टूटी पड़ी सड़कों को बनाने में नहीं दिखाई प्रशासन ने दिलचस्पी

### जीएमडीए का सिर्फ नए गुरुग्राम में सड़कें बनाने पर रहा जोर

**गुरुग्राम।** शहर में जो सड़कें पहले टूटी थी, वे अब बरसात से और अधिक टूट गई हैं। सड़कों में गहरे गड्ढे हो गए हैं, जो कि पैदल चलने वालों, दुपहिया, चार पहिया वाहनों के लिए परेशानी और नुकसान का कारण बन रही हैं। इन टूटी सड़कों में जगह-जगह वाहन फंसे हुए नजर आए। शनिवार को भी बरसात के बीच सड़कों में बने गहरे गड्ढों में किसी के दुपहिया तो किसी के चार पहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुराने शहर में तो बरसात से पहले से टूटी सड़कों को नहीं बनाया गया, जो अब बरसात में और अधिक टूट चुकी हैं। कई फुट गहरे गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। आम जनता प्रशासन, नगर निगम, जीएमडीए को कोस रही है, लेकिन किसी पर कोई असर नहीं पड़ रहा। सोशल मीडिया पर लोग गुरुग्राम की तस्वीरें, वीडियो डालकर हकीकत दिखा रहे हैं। गुरुग्राम की यह बदहाल स्थिति देश ही नहीं विदेशों में भी देखी जा रही है। टूटी हुई सड़कों को लेकर सवाल करने पर मेयर मधु आजाद बोलीं कि सारी सड़कें बना दी गई हैं। अब मेयर को ही जब शहर में कमी नजर नहीं आती तो फिर अधिकारियों की क्या गलती बताई जाए। जनप्रतिनिधि होने के नाते सबसे पहले उन्हें शहर की समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए। सदर बाजार क्षेत्र में उनके घर के पास पुराने रेलवे रोड को कई साल पहले नया बनाने के लिए जेसीबी से तोड़ने की शुरुआत की गई थी। सड़क में छोटे-छोटे गड्ढे किए गए थे, लेकिन सड़क को नहीं बनाया गया। अब उन गड्ढों से वाहनों को दिक्कत होती है। उनके सिविल लाइन क्षेत्र वाले घर के आसपास भी सड़कें टूटी हैं। गहरे गड्ढे हैं, लेकिन मेयर की नजर में सब कुछ ठीक है। सारी सड़कें बन चुकी हैं।

## तीन दिन से हो रही बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खीचीं



भारी बारिश के चलते ज्वार व बाजरे की फसल वाले खेतों में जमा पानी।

**सोहना।** पिछले 48 घंटा से हो रही लगातार बारिश ने किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खींच दी है। लगातार बारिश से बाजरा से लेकर ज्वार और सब्जी की फसलें बरबाद होने के कगार पर पहुंच गई है। सब्जियों की फसल खेतों के जलमग्न होने से डूब गई है। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है।

गुरुवार से शुरु हुई बारिश शनिवार को भी जारी रही। 48 घंटा से भी अधिक समय से बरस रही बारिश ने किसानों की रातों की नींद और दिन के चैन को छीन लिया है। खेतों में जलभराव होने से किसानों की फसलें बरबाद होने की पूरी-पूरी संभावना बन गई है। किसान चाहकर भी कुछ नहीं कर पा रहा है। शनिवार को बारिश के साथ चली तेज हवा से पकाव पर पहुंच चुकी बाजरे की फसल कभी भी गिर सकती है। जिससे किसानों को बाजरें की फसल खराब होने से एक नया पैसा की कमाई नहीं होने वाली।

**क्या कहते हैं किसान :** बारिश के कहर से परेशान किसान संतराम का कहना है कि बाजरे की फसल गिरने से उन्हे लाभ तो दूर कुल लागत की भी वसूली नहीं होगी। बाजरे के अलावा पशुओं के लिए बाजरे का चारा खाने योग नहीं बचेगा। किसान लोकेश का कहना है कि बारिश ने खेतों में लगाई गई सब्जियों की फसल लगभग 80 फीसदी खराब हो चुकी है, क्योंकि सब्जियों की फसल को इतना पानी नहीं चहिए होता है। जितना खेतों में बारिश का पानी जमा हो गया है।

“ **इस** बारिश से बाजरा, ज्वारा, धान, कपास और सब्जियों की फसलों को नुकसान हुआ है। धान की फसलें बारिश का पानी खेतों में जमा होने से डूब गई है। तेज हवा के चलने से बाजरें की फसल को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। बारिश रविवार को भी जारी रहने की संभावना है।

**अरुण सोलंकी**
**( खंड कृषि अधिकारी )**

## जन स्वास्थ्य सुरक्षा, संगठन की प्राथमिकता : बोधराज सीकरी

### सेवा पखवाड़ा के तहत पंजाबी बिरादरी ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

**जीवन** चलने का नाम चलते रहो सुबह शाम। यही लक्ष्य लिए पंजाबी बिरादरी महा संगठन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के तहत 10 सामाजिक आयोजन के संकल्प के साथ प्रधान बोधराज सीकरी की अध्यक्षता में अग्रसर है।

शनिवार को बारिश के बावजूद गीता भवन, एसडी मार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से महा संगठन ने किया। जिसमें नागरिक अस्पताल के डॉक्टर और अन्य स्टाफ के साथ पंजाबी बिरादरी महा संगठन के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



गुरुग्राम में सेवा पखवाड़ा के तहत एसडी मार्डन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच कराते बच्चे।

बारिश के बावजूद 200 से अधिक विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और पंजाबी बिरादरी के कई सदस्यों ने इस सेवा का लाभ उठाया। प्रधान बोधराज सीकरी ने विद्यार्थियों को इस आयोजन के बारे में बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में 15 दिन का एक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। उस पखवाड़ा के तहत एक आयोजन स्वास्थ्य चेकअप कैंप का था। इसमें मैनकाइंड फार्मा लिमिटेड के सौजन्य से सभी विद्यार्थियों को सभी रोगियों को हर प्रकार की दवाई मुफ्त मुहैया कराई गई। इस दौरान गीता भवन और श्री सनातन धर्म सभा का विशेषकर सुरेंद्र खुल्लर का प्रधान सीकरी ने विशेष आभार प्रकट किया। इस अवसर पर रामलाल ग्रोवर महामंत्री, धर्मेन्द्र बजाज सह संयोजक, सुरेंद्र खुल्लर, रमेश कामरा, ओपी कालरा, जीएन गोसाईं, उदय भान ग्रोवर, राकेश, शाम गुप्ता, जितेंद्र थरेजा, अरविंद गुप्ता, जेडी गुप्ता, दयाल चंद ग्रोवर, मनोज शर्मा, समेत अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन ने की सामग्री वितरित

### महाराजा अग्रसेनजी की जयंती के उपलक्ष्य में किया यह कार्य

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**


**महाराजा** अग्रसेन जी की 5176वीं जयन्ती के महापर्व के अवसर पर अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की जिला ईकाई ने वैश्य धर्मशाला सेक्टर-4 स्थित मन्दिर परिसर में झंडे के साथ ही केसरिया अंग वस्त्र (पटका), अग्र चालीसा और अग्रवाल सम्मेलन की पत्रिका का नया अंक, महाराजा अग्रसेन जी का चित्र, अग्रोहा शक्तिपीठ से अभिमंत्रित प्रसाद (सिक्का) वितरित किया गया। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के जिला अध्यक्ष राजीव मित्तल और उनकी ईकाई द्वारा सामग्री वितरण आयोजन में अग्र समाज के पुरूष और महिलाएं भारी संख्या में पहुंचे। शनिवार को सामग्री वितरण आयोजन में अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश उपाध्यक्ष और सीएम विंडो के एमिनेंट सदस्य अमित गोयल मुख्य अतिथि रहे। आद्य महालक्ष्मी जी और भगवान अग्रसेन मन्दिर के पुजारी शास्त्री द्वारा मंत्रोचार और विधि विधान से पूजा अर्चना कराकर अग्रोहा शक्तिपीठ मन्दिर से आए प्रसाद के दस ग्राम के सिक्कों का वितरण किया गया। अमित गोयल द्वारा उपस्थित समूह को 500 झंडे डंडे सहित, पटके, अग्रवाल पत्रिका, अग्र चालीसा, महालक्ष्मी आरती, अभिमंत्रित सिक्के भेंट किए। ऐसे अग्र परिवार जिनके पास घर के मन्दिर में भगवान अग्रसेनजी की प्रतिमा स्थापित नहीं है, करीब 150 लोगों को उनकी तस्वीर के मोमेंटो भेंट किए गए। श्री गोयल ने जिले के अग्र समाज का आह्वान किया कि वह अग्रसेन जी की जयन्ती के अवसर पर अपने घरों पर केसरिया पताका जिस पर एक ईट एक रुपया का समाजवाद का चिन्ह अंकित हो वह अवश्य लगाएं।



गुरुग्राम में महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर सामग्री वितरित करते संस्था के पदाधिकारी।

## संक्षिप्त समाचार

### पं. दीनदयाल जयंती : जल, थल, नभ सुधारें भाजपा के सैनिक



प्रदेश मीडिया प्रभारी भाजपा संजय शर्मा।

**गुरुग्राम।** पंडित दीन दयाल जयंती को यादगार बनाने के लिए इस बार जल, थल, नभ में सुधार की दिशा में भाजपा के सैनिक रूपी कार्यकर्ताओं की फौज काम करेगी। भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा की श्रृंखला में लगातार पार्टी देशभर में सेवा कार्यों को सिरे चढ़ाकर राजनीति से इतर इंसान, पशु, प्रकृति से प्रेम की भावना का संचार देशवासियों में कर रही है। भाजपा ने राजनीतिक रूप से मजबूती तो पाई है, साथ में महापुरुषों के नाम से विभिन्न प्रकार के सेवा कार्यों के माध्यम से कार्यकर्ताओं को एक नया रास्ता तैयार करके दिया है। सामान्य तौर पर कोई भी राजनीतिक दल ऐसे विषयों को नहीं छूता, जिससे कि सर्व मंगल हो। भारतीय जनता पार्टी ने राजनीति सिर्फ सत्ता के लिए करने के मायनों को बदलकर एक नई लकीर खींची है। पार्टी में अब जनसेवा के एजेंडे तय होते हैं। रविवार को होने वाले सभी आयोजन सफल हो इसके लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने कार्यकर्ताओं को संदेश जारी किया है। उन्होंने कहा है कि 25 सितंबर दीन दयाल उपाध्याय जी की जयंती हर बूथ पर मनाएं। भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा के मुताबिक 25 सितंबर को पर्यावरण संरक्षण को लेकर भाजपा का यह बड़ा कार्यक्रम होगा। इस दिन एक लाख पौधे प्रदेश में लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं इन पौधों के संरक्षण का संकल्प भी लिया जाएगा।

### गुरुग्राम के घामड़ौज गांव के पास अरावली पहाड़ी में फूटा झरना

**गुरुग्राम।** पिछले तीन दिन से हो रही बरसात के बीच अरावली पहाड़ी में झरना भी फूट गया और वहां से जल धारा का नजारा आकर्षक रहा। ग्रामीणों को जब इस बारे में पता चला तो युवा झरने के नीचे नहाने पहुंच गए। अरावली पहाड़ी में दो जगह पर बरसात के बीच झरना फूट पड़ा। देखते ही देखते वहां पर जल धारा तेज गति से बहने लगी। बेहद ही शीतल और स्वच्छ पानी को देख ग्रामीण युवा, बच्चे भी उस ओर आकर्षित हुए। वे वहां झरने के नीचे नहाने के लिए पहुंच गए। किसी ने वहां डांस किया तो कोई नहाकर झरने का आनंद ले रहा था। ग्रामीणों के लिए घामड़ौज गांव में दो जगह पर फूटा झरना आकर्षण का केंद्र रहा। वहां पर नहाने पहुंचे रितेश, महेश, ललित आदि ने बताया कि उन्होंने इससे पहले अपने क्षेत्र में झरना बहते हुए नहीं देखा था। दूसरी जगह की तस्वीरों में वे झरना बहता हुआ देखते थे, आज अपने घर के पास झरना बहने की सूचना पर वे वहां पहुंचे। वहां की तस्वीरें और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल की।

## अपना इलाज नहीं कर पा रहा है गुरुग्राम का नागरिक अस्पताल

**पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम**

### हर बार की तरह अस्पताल के बेसमेंट में भरा बरसाती पानी

### इमारत के साथ रिसाव होकर भरता है पानी

### देखरेख के जिम्मेदार अधिकारी भी नहीं देते कोई ध्यान

**शहर** के सेक्टर-10 में बने नागरिक अस्पताल पर गुरुग्राम के लाखों लोगों का इलाज करके उन्हें ठीक करने की जिम्मेदारी है, लेकिन यह अस्पताल अपना इलाज नहीं कर पा रहा है। हर बार की तरह इस बार भी अस्पताल के बेसमेंट में बरसाती पानी भर गया, जिसे सफाईकर्मी निकालने में लगे रहे।

नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 आलीशान इमारत बरसात के कारण जर्जर होती जा रही है। इमारत के चारों ओर से पानी कच्ची जगह पर पानी जमा होने से यह पानी नीचे नींव में जाती है। बेसमेंट में डेंगू वार्ड के सामने काफी पानी भर गया। वहां पर पानी निकालने में लगे कर्मचारियों ने बताया कि यह पानी सीढ़ियों की तरफ से आता है। ऊपर कच्ची जगह से पानी दीवार के साथ से नीचे आकर यहां भर जाता है। इसको ठीक नहीं किया जा रहा। यहां पानी के रिसाव के कारण एक तरह से इमारत भी कमजोर होती जा रही है।

### सिर्फ दिखावे के लिए



सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल की बेसमेंट में भरे बरसाती पानी को निकालता कर्मचारी।

### अस्पताल को चमकाते हैं...

**अस्पताल** में जब कभी किसी टीम का या चंडीगढ़ से अधिकारियों का दौरा होता है तो अस्पताल को उन्हें दिखाने के चमकाया जाता है। हाल ही में कायाकल्प की टीम का दौरा था। अस्पताल को उसमें नंबर मिलने थे। इसलिए कई दिन पहले ही अस्पताल के कोने-कोने को चमकाने काम शुरू कर दिया गया। शौचालयों में हाथ धोने के लिए डिस्पेंसर आदि लगाकर उनमें लिक्विड साबुन भरा गया। अस्पताल में दिन में कई-कई बार सफाई की जाती रही। अधिकारी भी इन दिनों भागदौड़ करते नजर आए। एक तरह से कारपोरेट अस्पताल की तरह से नागरिक अस्पताल को दिखाने का प्रयास किया गया। सामान्य दिनों में इस तरह की कोई व्यवस्था यहां नजर नहीं आती। बेसमेंट में एक बार पानी भरने से लाखों रुपये की दवाइयां तक खराब हो गई थी।

### डीएमएस बोले, ऊपर चिट्ठी लिखी हुई है...


**नागरिक** अस्पताल के उप-चिकित्सा अधीक्षक (डीएमएस) डा. मनीष राठी ने भी माना कि यहां हर बार बारिश में पानी भरता है। कई साल से वे ऐसा देख रहे हैं। कई बार पीएमओ ने ऊपर चिट्ठी लिखी है। फिर से मैडम से बात करके रिमांडर भेजेंगे।

## नौकायन: बरसात से लबालब हुई दमदमा झील

**एन रोहिल्ला। सोहना**

**तीन** दिन से हो रही बारिश दमदमा झील के लिए सोना बनकर बरसी। झील का जलस्तर बढ़ने से यहा आने वाले पर्यटकों से लेकर हरियाणा टूरिज्म कॉम्पलेक्स प्रशासन, आसपास बने रिसोर्ट मालिक और ग्रामीणों के चेहरे खिल उठे है। गुरुवार की सुबह से शुरु लगातार रुक-रुककर बरस रही बारिश को शनिवार तीसरा दिन हो गया। बारिश से दमदमा झील का जलस्तर बढ़ गया है। झील का जलस्तर बढ़ने से यहां आने वाले पर्यटक सर्दी के मौसम में नौकायान का पूरा आनन्द ले सकेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर अपने योग्यता से नौकायान में गोल्ड मेडल जीतकर लाने वाले क्षेत्र के खिलाड़ियों के चेहरे खिल उठा हैं।

**नौकायान और अरावली की हरियाली** : दमदमा झील का जलस्तर बढ़ने से इसके साथ-साथ बना हरियाणा टूरिज्म निगम का बना सरसा कॉम्पलेक्स और निजी रिसोर्ट का कारोबार बढ़ने के आसार बन गया है। झील का जलस्तर बढ़ने से सारस कॉम्पलेक्स और निजी रिसोर्टो में पर्यटक आकर ठहरते है। जिनका मुख्य उद्देश्य झील में नौकायन करके आनन्द लेना। झील के तीन लगती अरावली की पहाड़ियों से आते हवा के ठंडी-ठंडी हवाएं का पूरा लुफ्त उठाते है। गर्मी के मौसम में झील का पानी कम होने के कारण पर्यटक नौकायान भी नहीं कर पाते है। पर्यटकों को अपने घर के नजदीक बरसात मौसम के बाद अरावली की पहाड़ियां में पेड़-पौधों की हरियाली पर्यटकों को शिमला, मंसूरी, मनाली आदि जैसा सुन्दर नजारा देखने का मिलता है।



**कारोबार में होगी बढ़ोत्तरी** : सारस झील के प्रबंधक राजेश शर्मा ने बताया कि गर्मी की अपेक्षा सर्दी के मौसम में पर्यटक झील पर अधिक सख्या में आते है। जिससे उनका और झील के किनारे बने निजी रिसोर्ट मालिकों का कारोबार बढ़ जाता है। गर्मी के मौसम में यहा पर्यटक न आने से कारोबार लगभग 20 से 30 फीसदी ही रह जाता है। जिससे कर्मचारियों का वेतन निकालना भी मुश्किल हो जाता है।

**झील** का जलस्तर बढ़ने के साथ ही अब अक्टूबर माह में पैराग्लाइडिंग और आसमान में यात्रा कराने वाला ब्लयून भी शुरू करने जा रहे है। नौकायान के साथ-साथ पर्यटक आसमान में उड़कर सुन्दर नजारे से अपने भ्रमण का पूरा मनोरंजन कर सकता है।

**राजेश शर्मा**
**( प्रबंधक सारस काम्पलेक्स )**

# लापता चालक का शव सात दिन बाद मिला

## केएमपी पढेनी फ्लाईओवर के साथ नाले से हुआ बरामद

## ट्रक चालक के परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोग व इंसेट में मृतक ट्रक चालक आसीन का फाइल फोटो।

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**उपमंडल** की सीमा में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेस वे से सात दिन पहले लापता हुए ट्रक चालक का शव शनिवार सुबह केएमपी पढेनी फ्लाईओवर के साथ नाले से बरामद हुआ है। शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया, वहीं सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर परिजनों को सूचना दी। जिन्होंने शव की पहचान की। पीड़ित परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही आगामी जांच में जुट गई है। तावडू सदर थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि गत 17 सितंबर की रात रणबीरबास थाना नौगांवा जिला अलवर निवासी ट्रक चालक आसीन सदर थाना सीमा में कुंडली मानेसर पलवल एक्सप्रेसवे पर ट्रक को खड़ा करने के बाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। जिसके बाद परिजन अपने स्तर पर उसकी जांच में जुटे थे। शुक्रवार को आसीन के परिजनों ने गुमसुदगी की शिकायत दर्ज कराई जिस पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने पढेनी केएमपी फ्लाईओवर के नीचे एक नाले में व्यक्ति का शव मिलने की सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लापता हुए आसीन के परिजनों को भी बुलाया। जिन्होंने ग्रामीणों और पुलिस की मौजूदगी में शव की पहचान की। थाना प्रभारी ने माना कि परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। साथ ही दावा किया कि पुलिस जल्द ही इस पूरे मामले का खुलासा करेगी।

# विश्व फार्मासिस्ट दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**पलवल।** एमवीएन विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में विश्व फार्मासिस्ट दिवस बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर प्रतियोगिता, मॉडल प्रतियोगिता के साथ साथ पौधारोपण एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर अपनी भागीदारी दिखाई। विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर औषधीय पेड़ लगाए एवं आजकल के मौसम में मच्छरों से होने वाली भयानक बीमारी जैसे की डेंगू के बारे में लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अवगत कराया।

विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने कहा की विश्व फार्मासिस्ट दिवस प्रतिवर्ष 25 सितंबर को मनाया जाता है और हर वर्ष इसकी थीम अलग रहती है। उन्होंने बताया कि इस बार की थीम फार्मेसी यूनाइटेड टू एक्शन फॉर हेल्थी वर्ल्ड है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य पर फार्मेसी के पड़ने वाले सकारात्मक प्रभाव को पर्दशित करना और पूरे विश्वभर में फार्मेसी पेशे के बीच एकजुटता को सुदृढ़ बनाना है। विवि के प्रबंध संचालक कांता शर्मा, अध्यक्ष वरुण शर्मा, कुलाधिपति संतोष शर्मा, कुलपति डॉक्टर जेवी देसाई, उपकुलपति डॉक्टर एनपी सिंह, कुलसचिव डॉक्टर राजीव रतन ने कहा कि फार्मासिस्ट हमारे समाज का बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है। जिसकी महत्वता का प्रमाण हम सभी ने कोरोना समय में देखा, जब सभी लोग बीमारी के कारण घरों में थे तब फार्मासिस्ट ने डॉक्टरों के कंधे से कंधा मिलाकर लोगों कि सेवा की। उन्होंने कहा कि हमारा फार्मेसी विभाग हमेशा ही हर दिवस को मनाता आया है जोकि विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ सामाजिक ज्ञान भी देता है। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण, गैर शिक्षक गण विद्यार्थियों सहित उपस्थित रहे। विभाग के डीन डॉक्टर तरुण विरमानी ने इसका श्रेय विभाग के समस्त शैक्षिक गण को दिया।

# बरसात ने बाजरे की फसल खराब कर बढ़ाई किसानों की चिंता



**पायनियर समाचार सेवा।** पुन्हाना

**लगातार** हो रही बरसात ने भले ही गर्म मौसम के तेवर कम कर दिए हों लेकिन यह बरसात किसानों के लिए किसी आफ त से कम नहीं है। लगातार बरसात से किसानों की मेहनत से उगाई गई बाजरे की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है। उम्मीद से ज्यादा हुई बरसात को लेकर किसान पूरी तरह चिंतित हैं। फ सल खराब होने को लेकर किसानों ने सरकार एवं प्रशासन से किसानों की खराब हुई फ सल को मुआवजा दिलाने की मांग की है। ताकि किसानों को आर्थिक परेशानी ना झेलनी पड़े।

गांव सिंहरी-सिंगलेड़ी निवासी किसान श्रीचंद, लक्ष्मण मैंबर, बने सिंह, खेमा पटेल, देशी पटेल, राम सिंह, रमेश नंबरदार, यादराम सरपंच, ईसब, इस्लाम, अब्दुल, फज्जर इत्यादि ने बताया कि उनके खेतों में बाजरें की फ सल पूरी तरह पककर तैयार थी। लगातार तीन दिन व रात से हो रहीं बरसात से खेतों में पानी-पानी हो गया। बाजरे की तैयार खड़ी पूरी तरह खेतों गिर गई। जो पूरी तरह नष्ट हो गई। किसानों ने बताया कि बरसात किसानों के लिए राहत नहीं बल्कि आफ त लेकर आई है। पिछले कई महीनों से दिन-रात बाजरे की फ सल के लिए मेहनत और लागत पर एक बार में ही पानी फिर गया।

## किसानों ने बर्बाद हुई फसल की गिरदावरी कराने और उचित मुआवजा की मांग की

किसानों ने बताया कि उनके परिवार का पालन-पोषण के लिए खेतीबाड़ी हीं एकमात्र व्यवसाय है। फ सल बर्बाद होने के बाद सभी किसान पूरी तरह चिंतित है। सरकार और प्रशासन से अपील है कि उनकी बर्बाद हुई फसल की गिरदावरी कराई जाये। उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाये, ताकि उनके नुकसान की भरवाई हो सके और अपनी आजीविका चला सकें।

## चोरी की बाइक समेत एक आरोपी गिरफ्तार


**पुन्हाना।** बिछौर थाना अंतर्गत आने वाले सुनहेड़ा नाका बॉर्डर पर चैकिंग के दौरान एक बाईक चोर को चोरीशुदा बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पाया कि आरोपी द्वारा उक्त बाइक गुरुग्राम के बादशाहपुर शहर से बीते 13 मार्च को चोरी की है। पुलिस ने आरोपी से बाइक कब्जे में लेकर आरोपी को गिरफ्तार मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी को आज अदालत में पेश कियाए जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# बारिश से छाए रबी फसल पर भी संकट के बादल

**पायनियर समाचार सेवा।** मेवात

## क्यूसीओ ने कहा, किसानों में लगातार हो रही बारिश से बढ़ रही है चिंता

## अजय तोमर ने कहा, ज्यादा बरसात से सरसों की बिजाई का क्षेत्रफल घटना लाजिमी



डॉक्टर अजय तोमर जिला क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी नूंह।

**पिछले** कई दिन से हो रही बेमौसम बरसात में किसानों को पूरी तरह से हिला कर रख दिया है। खरीफ की फसल बरसात के कारण लगभग खराब हो चुकी है तो अब रबी फसलों की बिजाई पर भी संकट के बादल मंडराने लगा है। सरसों उत्पादन करने वाला नूंह जिला हरियाणा का सबसे ज्यादा उत्पादन करने वाला दूसरा जिला है।

ज्यादा बरसात से सरसों की बिजाई का क्षेत्रफल घटना लाजिमी है। सरसों कैश क्रॉप है, इससे किसान कम लागत में अच्छा मुनाफा कमाता है। खेत पानी से पूरी तरह लबालब है। चिकनी जमीन में जल्दी से पानी सूखने की उम्मीद नहीं है, ऐसे में रबी की सरसों की मुख्य फसल की बिजाई पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। आकेड़ा, चंदेनी प्राकृतिक झील के क्षेत्र के हजारों एकड़ खेत सरसों बिजाई से वंचित रह सकते हैं। अगेती किस्मों की सरसों की फसल के बजाए अब नहीं हो सकेगी। सितंबर माह के अंत में तथा अक्टूबर माह के पहले सप्ताह में अगेती सरसों फसलों की बिजाई की जाती है, लेकिन अभी भी आसमान से बारिश की बूंदे लगातार पिछले 5 दिन से बरस रही हैं। मौसम विभाग के मुताबिक सितंबर माह के अंत में भी मानसून इसी तरह झमाझम बरसात कर सकता है।

कुल मिलाकर जिला क्वालिटी कंट्रोल अधिकारी कृषि विभाग नूंह भी मानते हैं कि अगर बरसात होती है तो रबी की फसल भी बिजाई होने से लेट हो सकती है। कुछ इलाकों में पानी भरने की वजह से बिजाई पर संकट के बादल मंडल सकते हैं।

कुल मिलाकर धरतीपुत्र पहले बरसात नहीं होने के कारण सूखती फसलों को देखकर परेशान था, लेकिन अब ज्यादा बरसात होने की वजह से खराब होती फसलों को देखकर परेशान हैं। सबसे चिंता का विषय तो यह है कि अभी भी बरसात जारी है और रबी की फसल पर संकट के बादल भी ज्यादा बरसात होने से मंडराने लगे हैं। ऐसे में किसानों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो सकता है। कई दिन छुट्टी होने की वजह से किसान अभी अपने घरों पर है, लेकिन जैसे ही सरकारी दफ्तर खुलेंगे तो मुआवजा की मांग को लेकर किसान बड़ी संख्या में अधिकारियों से मुलाकात कर सकते हैं।

# मार्ग निर्माण में लापरवाही से लोगों को हो रही परेशानी

**ललित गर्ग।** पुन्हाना



आधा-अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य।

**पुन्हाना** से कोट मात्र दस किलोमीटर लंबे मार्ग पर धीमी गति से चल रहा सड़क निर्माण कार्य आमजन के लिए परेशानीदायक मार्ग बना हुआ है। करोड़ों रुपये की लागत से बनाए जा रहे इस मार्ग पर पिछले काफी दिनों से निर्माण कार्य निर्माणकर्ताओं की मनमानी से रुका हुआ है। मार्ग पर हो रहे आधे-अधूरे निर्माण कार्य के कारण अक्सर घंटों-घंटों भर जाम लगना आम बात हो गई है। साथ ही वाहनों में भी इस मार्ग पर फंसकर भारी नुकसान हो रहा है। सबसे ज्यादा चौकाने वाली बात ये है।

इस मार्ग पर ना केवल लघु सचिवालय है बल्कि सरकारी संस्था के स्कूल के साथ निजी विद्यालय सहित अधिकांश पुलिस व प्रशासन के बड़े अधिकारियों व कर्मचारियों का आवागमन इसी मार्ग से ही होता है, लेकिन ना तो प्रशासन इस समस्या की ओर ध्यान दे रहा है और न हीं सड़क निर्माण करने वाली कंपनी। बहरहाल आम नागरिकों को इस समस्या से जूझना पड़ रहा है।

बता दें कि पुन्हाना से कोट जिला पलवल को जाने वाला मार्ग पर पिछले कई माह से निर्माण कार्य कर रहा है। इसी के साथ पुन्हाना से गुलालता वाले मार्ग पर भी निर्माण कार्य शुरू हुआ था। लगभग बराबर दूरी वाले इन मार्गों में पुन्हाना से गुलालता मार्ग बनाने वाली कंपनी ने इसी काफी समय पहले बनाकर लगभग पूरा कर दिया। जिससे लोगों को मार्ग पर आवागमन करने में काफी राहत मिल रही है, लेकिन पुन्हाना से कोट बनने वाले इस मार्ग पर मनमाने रवैये के चलते ढीली चाल से निर्माण कार्य किया जा रहा है। निर्माणकर्ताओं ने इस सड़क को बनाने के लिहाज से जगह-जगह से खोद डाला है तो कहीं एक साइड बनाकर सड़क का आवागमन ही बन्द कर दिया है।

लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में निर्माणकर्ताओं द्वारा जानबूझकर लापरवाही बरती जा रही है। जबकि पुन्हाना गुलालता वाले मार्ग को जल्द समय के साथ साथ बढ़िया निर्माण सामग्री के साथ बनाया गया है, लेकिन बीसरू कोट मार्ग पर आधे अधूरे निर्माण कार्य के कारण आएदिन जाम की स्थिति के साथ वाहनों में भी नुकसान हो रहा है। स्कूली बच्चों को भी इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन भर प्रशासन के बड़े अधिकारियों के अलावा पुलिस अधिकारी भी इस मार्ग से निकलते है और आम नागरिकों की भांति वे भी सभी परेशानियों को देखते हैं। बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हो रही है। लोगों ने जिला प्रशासन से इस मार्ग के निर्माण कार्य को तेजी से करवाने की मांग है, ताकि आमजन परेशानी से बच सके।

# टीन शेड नहीं होने के चलते तिरपाल का तंबू बनाकर जलाया चिता को

## खंड के गांव दुगरी में बरसात के चलते 9 घण्टे बाद दी गई मुखाग्नि

## ग्रामीणों ने सरकार और सरपंच के प्रति भारी आक्रोश प्रकट किया

**रिजवान कासिम।** मेवात

**एक** तरफ सरकार जहां श्मशान घाट और कब्रिस्तान की चारदीवारी और टीन शेड के लिए लगातार ग्रांट देने का काम कर रही है, वहीं फिरोजपुर झिरका खंड के गांव दुगरी के श्मशान घाट में टीन शेड नहीं होने के चलते गांव के 45 वर्षीय मृतक ओमप्रकाश पुत्र श्रीचंद को लगभग नौ घंटे बाद तिरपाल का तंबू तानकर उसकी चिता को मुखाग्नि दी गई।

इस घटना के बारे में जैसे-जैसे आसपास के क्षेत्र और गांव के लोगों में जानकारी मिली, वैसे-वैसे लोगों ने सरकार और गांव के सरपंच के प्रति भारी आक्रोश प्रकट किया। जानकारी देते हुए दुगरी के रहने वाले ग्रामीण मनोहर लाल, पप्पू, रूपचंद, रामजीलाल, समय सिंह, विशंभर, ओम प्रकाश, सुंदर, राजेश, सतीश, वीर सिंह आदि का कहना है कि शुक्रवार प्रात: 7 बजे ओमप्रकाश का बीमारी के चलते देहांत हो गया, लेकिन रुक-रुक हो रही बारिश के चलते क्रिया कर्म का समय 12 बजे का रखा गया, क्योंकि गांव के श्मशान घाट में कोई टीन शेड का प्रबंध नहीं है। जिसके चलते चिता को जलाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता। इसीलिए क्रिया कर्म का समय और आगे स्थगित करना पड़ा, लेकिन दोपहर बाद जब 4 बजे तक बरसात नहीं रुकी तो ग्रामीणों द्वारा सहयोग कर तिरपाल का तंबू बनाकर मृतक की चिता को जलाया गया।



दुगरी गांव में मृतक ओम प्रकाश के शव को बरसात में तिरपाल का तंबू लगाकर अग्नि देते परिजन।

वहीं चिता को जलाने में भी उन्हें भारी मशक्कत का सामना करना पड़ा। उस समय में भी बरसात हो रही थी, लेकिन ग्रामीणों ने हिम्मत नहीं हारी और बरसात के दौरान ही ग्रामीण ओमप्रकाश की चिता को मुखाग्नि दी गई। लोगों का कहना है कि दोनों गांव की कुल मिलाकर आबादी 1200 के लगभग है। जिनमें से लगभग 500 आबादी हिंदुओं की है और लगभग 700 आबादी मुस्लिम समुदाय की है। उसके बावजूद भी एक शमशान घाट में टीन शेड का प्रबंध प्रशासन और ग्रामपंचायत द्वारा नहीं कराया गया है।

### ग्रामीणों ने गांव के सरपंच पर लगाया आरोप

**गांव** से लगातार लगभग 10 वर्षों से एक ही सरपंच रहने वाले व्यक्ति पर गांव के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शमशान घाट के नाम पर आई हुई राशि को खुर्द-बुर्द कर दिया है। जबकि डी प्लान के तहत सरकार द्वारा राशि भेजी गई थी, लेकिन शमशान घाट की चारदीवारी ना करके, केवल दो दीवारों को ही बनाकर राशि को खत्म कर दिया गया।

### शमशान घाट में टीन शेड न होना शर्म की बात

**शमशान** घाट में अन्य गांवों से आए हुए लोगों का कहना है कि एक तरफ सरकार लगातार ग्राम पंचायतों को विकास राशि देने का दम भर रही है, लेकिन गांव की इस पंचायत में शमशान घाट में टीन शेड न होना आज भी ग्रामीणों और सरकार के लिए एक शर्म की बात है।

### ऐसे सामाजिक कार्यों पर खर्च करें प्रत्याशी

**चुनाव** के दौरान सरपंच लाखों रुपये खर्च कर देते हैं, लेकिन ऐसे धार्मिक और सामाजिक कार्यों के लिए कोई पहल नहीं करता। जिससे लोगों में सरकार और ऐसे सरपंच पद के दावेदार लोगों के लिए भारी रोष है।

### ऐसा कहते हैं गांव के निवर्तमान सरपंच

**इस** बारे में गांव के निवर्तमान सरपंच सावेद खान का कहना है कि सरकार से केवल चारदीवारी बनाने के लिए पांच लाख की ग्रांट की राशि आई थी। जितना कार्य उस राशि में हुआ है, वह पूरा करा दिया गया है। टीन शेड के लिए कोई राशि नहीं आई। इसके अलावा कब्रिस्तान के लिए भी कोई राशि नहीं आई है।

“ **गांव** में शमशान घाट में कोई टीनशेड न होने के बारे में जब खंड विकास पंचायत अधिकारी वीरेंद्र सिंह से बात करनी चाही तो छुट्टी होने के कारण उनसे बातचीत नहीं हो सकी।

# ताऊ देवीलाल की स्मृति में ब्लड डोनेशन कैंप आज

**मेवात।** जननायक ताऊ देवीलाल जी के 109वें जन्मदिन के उपलक्ष जेजेपी मेवात द्वारा विभिन्न कार्यक्रम (25 सितंबर को)नूह में आयोजित किये जाएंगे। हरियाणा के निर्माता, किसान-कमेरे वर्ग के हितों की रक्षक, लोकप्रिय नेता पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल को याद कर पुष्प अर्पित किए जाएंगे। तत्पश्चात सरकारी हॉस्पिटल नूंह में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित होगा।

जेजेपी कार्यकारिणी मेवात की शनिवार को हुई जिला स्तरीय मीटिंग में निर्णय लिया गया कि श्रद्धांजलि सभा के पश्चात ताऊ के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन व 108 किलो लड्डू का वितरण किया जाएगा। इसके अलावा किरा गोशाला में 108 किलो गुड़ भी दिया जाएगा। जेजेपी प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने बताया कि जेजेपी कार्यालय पर हुई मीटिंग में पूर्व मंत्री आजाद मोहम्मद, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बदरुद्दीन, जिलाध्यक्ष इकबाल जैलदार, जेजेपी प्रवक्ता योगेश हिलालपुरिया आदि को जिम्मेदारी बांटी।

# संक्षिप्त समाचार

## नितिन और प्रतिभा ने नौकायन में जीता कांस्य पदक



**सोहना।** सोहना के गांव अभयपुर निवासी नितिन और बालूदा निवासी प्रतिभा ने हिमाचल में हुई राष्ट्रीय स्तर की नौकायान प्रतियोगिता में कांस्य पद जीता है। नितिन और प्रतिभा ने युग में भाग लेते हुए पांच किलोमीटर को दौड़ में हिस्सा लिया था। हिमालय प्रदेश का जिला कुल्लू के पिर्डी में 21 से 23 सितम्बर के बीच में राष्ट्रीय स्तर की नौकायान प्रतियोगिता हुई थी। जिसमें हरियाणा की तरफ से कियाकिंग एण्ड क्लोइंग के खिलाड़ियों ने भाग लिया था। वैसे इस प्रतियोगिता में देश अन्य 10 से 12 प्रदेशों से आए करीब 300 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सोहना के गांव अभयपुर निवासी नितिन पुत्र अनिल कुमार और बालूदा निवासी प्रतिभा पुत्री मुकेश कुमार ने युग नौकायान में भाग लिया। दोनों ही खिलाड़ियों ने पांच किलोमीटर की दौड़ में कांस्य पद जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कोच जयदीप सांगवान ने बताया कि पहले भी नितिन और प्रतिभा की युगल जोड़ी ने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीते है। आने वाले समय में ये जोड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। उनकी जीत का श्रेय कोच जयदीप ने कियाकिंग एण्ड क्लोइंग एसोसिएशन को देते हुए उनके द्वारा प्रोत्साहन देने की सहराया है।

## खराब स्वास्थ्य के चलते खेल मंत्री संदीप सिंह मेदांता में भर्ती



गुरुग्राम स्थित मेदांता मेडिसिटी में भर्ती खेल मंत्री संदीप सिंह।

**गुरुग्राम।** हरियाणा के खेल मंत्री सरदार संदीप सिंह को खराब स्वास्थ्य के चलते गुरुग्राम के मेदांता मेडिसिटी में भर्ती कराया गया है। यहां वे लगातार चिकित्सकों की निगरानी में हैं। उनके कार्यकर्ताओं ने उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। अपने विधानसभा क्षेत्र पेहवा में सरदार संदीप सिंह सदा सक्रिय रहते हैं। मंत्री होते हुए वे अपने हल्के के लोगों के बीच विशेष तौर पर जाकर उनकी समस्याओं को दूर करते हैं। पेहवा के साथ-साथ गुरुग्राम के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी खेल मंत्री संदीप सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

## राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में परचम फहराया

**पलवल।** 55वीं राज्य स्तरीय स्कूली मुक्केबाजी प्रतियोगिता में केसीएम बंचारी के विद्यार्थियों ने अपनी योग्यता प्रमाणित की। यह प्रतियोगिता अंडर 14, 17, 19 के लड़कों ने जोकि 19 से 22 सितंबर तक कुरुक्षेत्र के द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित की गई। उसमें केसीएम स्कूल के कक्षा नवीं के छात्र विशाल ने तथा कक्षा बारहवीं के छात्र अंकुश ने क्रमश: स्वर्ण व कांस्य पदक जीत कर राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की टीम में जगह बनाई। विद्यार्थियों की इस शानदार जीत पर स्कूल प्रबंधक राम नारायण भारद्वाज व देवदत्त भारद्वाज तथा प्रधानाचार्य सुनील आर्य ने विद्यार्थियों को बधाई दी तथा आगे सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## मेधावी और गरीब छात्रों के लिये लाभप्रद होती है स्कॉलरशिप

**पलवल।** रसूलपुर चौक स्थित मित्तल क्लासेज की टीम ने जिला शिक्षा अधिकारी पलवल अशोक कुमार बघेल से मुलाकात की। टीम ने आने वाले छह नवम्बर को मित्तल कलासेज स्कॉलरशिप टेस्ट के बारे में अवगत कराया। इस वार्ता के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी पलवल ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं गरीब व मेधावी छात्रों के लिये बहुत ही लाभदायक हैं। हमारे क्षेत्र में प्रतिभाशाली छात्रों की कमी नहीं है, परंतु आर्थिक तंगी व उचित मार्गदर्शन के अभाव में छात्र स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा ग्रहण करने से वंचित रह जाते हैं। मित्तल क्लासेज द्वारा स्कूलों में किये जा रहे कॅरिअर काउंसलिंग सेमिनार भी छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान कर उनको सही दिशा दिखाने का काम कर रहा हैं। इस सराहनीय कदम के लिये उन्होंने विशेष प्रशंसा की और कहा कि इससे क्षेत्र के विकास में मित्तल कलासेज का अहम योगदान होगा। इसी के साथ उन्होंने इस वर्ष के नीट व जेईई के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिये मित्तल क्लासेज को शुभकामनाएं दीं। मित्तल क्लासेज की पूरी टीम की भी प्रशंसा की।

## एनजीएफ डिग्री कॉलेज के नए बैच के स्वागत में कार्यक्रम



**पलवल।** एनजीएफ डिग्री कॉलेज पलवल में नए बैच के स्वागत के लिए दीक्षा-आरंभ-2022 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि चेयरपर्सन प्रोतिमा प्रभाकर, सीईओ अश्विनी प्रभाकर, निदेशक प्रधानाचार्य डॉ शरत कौशिक, उप निदेशक डॉ मनप्रीत कौर, सीएफओ राजेश प्रभाकर, विशेष अतिथ पूर्व छात्र साहिल कुमार, रेडियो निदेशक दीप्ति शाह, मार्केटिंग हेड अमित दीक्षित, डीन एकेडमिक्स- डॉ कुलदीप तोमर, डीन यूनिवर्सिटी अफेयर्स विनोद शर्मा, डीन डिग्री कॉलेज डॉ नेहा शर्मा, सभी टीचिंग और नॉन टीचिंग स्टाफ की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन से हुई। प्रबंधन ने छात्रों का स्वागत किया और कॉलेज के बारे में जानकारी दी। मोटिवेशनल स्पीकर साहिल कुमार ने छात्रों को शिक्षकों के मार्गदर्शन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर छात्रों ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें उन्होंने गीत, कविता, नृत्य आदि की प्रस्तुति दी। इस मौके पर खेल में नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया।

## बरसात से गिरी दीवार के मलबे में दबे बच्चे व परिजन

**नूंह** जिले के तावडू नगर के नूंह रोड तहसील परिसर के सामने झुग्गी बस्ती में शुक्रवार को तेज बरसात के कारण एक दीवार गिर गई। दीवार गिरने से मलबे की चपेट में 5 झुग्गियां आ गईं। जिसमें बच्चे और परिजन दब गए। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। शोर-शराबे की आवाज होने पर स्थानीय पार्किंग से लोगों ने दौड़कर दीवार के मलबे में दबे बच्चे और परिजनों को निकाला। सभी घायलों को उपचार दिया गया। पीड़ित परिवार से घायल महिला पूजा ने बताया कि तहसील परिसर के सामने हाल ही में एक दीवार है। शुक्रवार शाम 6: 30 बजे के करीब जारी तेज बरसात के कारण दीवार का लगभग 50 फुट हिस्सा उनकी पांच झुग्गियों के ऊपर आ गिरा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी।
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# घृणापूर्ण भाषण
## समाज के लिए जहर

**सर्वोच्च** न्यायालय ने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया है जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। जब सार्वजनिक विमर्श विकृत हो जाता है तब नारेबाजी को यथार्थ तथा लफ्फाजी को विवेक समझा जाने लगता है। भारत में यही स्थिति है और अब बेलगाम उग्र बयानों को शक्तिशाली तर्क समझा जाने लगा है। ऐसे में कोई आश्चर्य नहीं कि घृणापूर्ण भाषण की घटनायें बढ़ रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय को उचित ही इस नकारात्मक प्रवृत्ति से चिन्ता है। बुधवार को उसने घृणापूर्ण भाषण को ऐसा 'जहर' बताया जो हमारे देश के सामाजिक ढांचे को नुकसान पहुंचा रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने ऐसे विधिक ढांचे की अनुपस्थिति पर भी निराशा प्रकट की है जिससे टेलीविजन बहसों में घृणापूर्ण टिप्पणियों को रोका जा सके। उसने केन्द्र से दो महीने में जवाब मांगा है कि क्या वह घृणापूर्ण भाषण को दंडात्मक अपराध घोषित करने का कानून बनाने पर विचार कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय ने संकेत किया कि खबरिया टीवी चैनल 'घृणा व अन्य सभी मसालेदार चीजों' को अपनी रेटिंग बढ़ाने का माध्यम मानते हैं। अदालत ने आश्चर्य प्रकट किया कि सरकार 'खामोश तमाशबीन' कैसे बनी हुई है, जबकि टीवी एंकरों द्वारा घृणापूर्ण भाषणों से रोकने के कदम उठाना उसका दायित्व है। जस्टिस के.एम. जोसेफ व जस्टिस ऋषिकेश राय की पीठ ने कहा, 'यदि हम घृणापूर्ण भाषणों को स्वीकार करते रहे तो हमारा देश कहां जाएगा? घृणापूर्ण भाषण पूरी तरह सामाजिक ढांचे में जहर घोल रहे हैं।' उन्होंने यह बात अनेक याचिकाओं की सुनवाई करते समय कही जिनमें घृणापूर्ण भाषण पर नियंत्रण के दिशानिर्देश देने की प्रार्थना की गई थी।



कुछ दिनों पहले सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने टीवी चैनलों की बहसों में संतुलन की आवश्यकता पर जोर दिया था। वे चाहते थे कि 'खबरों में पुन: तटस्थता लाई जाए।' वास्तव में उन्होंने यहां तक कह दिया कि मुख्यधारा मीडिया को खतरा नए युग के डिजिटल मंचों के बजाय मुख्यधारा खबरिया चैनलों से है। उनका यह कहना उचित है कि यदि कोई खबरिया चैनल ऐसे अतिथियों को आमंत्रित करता है जो ध्रुवीकरण का काम करते हैं तो वे झूठे विमर्शों का प्रसार करेंगे जिससे खबरिया चैनल की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचेगा। दुर्भाग्य से अनेक खबरिया चैनलों की विश्वसनीयता बहुत खराब है और उनको व्यापक रूप से एक या दूसरी राजनीतिक पार्टी का समर्थक माना जाता है। राजनीतिक विषयों पर बहसें न केवल विभिन्न सहभागियों के गलत तरीकों और अर्धशिक्षित लफ्फाजी से प्रभावित होती हैं, बल्कि इनसे एंकरों के जिम्मेदार व्यवहार के बजाय उनके पूर्वाग्रह दिखाई देते हैं। ऐसे टीवी कार्यक्रम काफी गरमी व तूफान पैदा करते हैं, लेकिन इनसे कोई सच्ची बात सामने नहीं आती है। राजनीतिक पार्टियों को सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि राजनीतिक बहसों का स्तर और न गिरे। इसमें सत्तारूढ़ दल की भी भूमिका है। मीडिया की ओर से की जाने वाली कार्रवाई आत्मनियंत्रण की दिशा में होनी चाहिए। खबरिया चैनल, प्रेस क्लब आफ इंडिया, प्रेस कौंसिल तथा मीडिया से जुड़े अन्य संगठनों को सामने आ कर खबरिया चैनलों के एंकरों व अन्य मीडिया कर्मियों के व्यवहार पर नियंत्रण करने वाले दिशानिर्देश बनाने चाहिए। उनको ऐसी सीमारेखायें निर्धारित करनी चाहिए जिनको पत्रकारों द्वारा कभी पार न किया जाए। इसके साथ ही सरकार व मीडिया के बीच संवाद विकसित कर खबरों में फिर से नम्रता व निष्पक्षता लाने के प्रयास किए जाने चाहिए। वैकल्पिक रूप से देखा जाए तो सरकार या सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियम बनाना बहुत आकर्षक नहीं लगता है। ऐसे नियमों से भले ही घृणापूर्ण भाषणों पर लगाम लगे, पर इनसे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता भी प्रभावित हो सकती है। ऐसे में सभी पक्षों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

# आईना वही रहेगा, चेहरे बदल जाएंगे!

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में यह बात दर्ज है कि इंदिरा गांधी को आपातकाल के बाद हुए चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा।



**निशिकांत ठाकुर**
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीति विश्लेषक हैं)



**एनडीए** से अलग होने के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्षी दलों को एकजुट करने के लिए सबसे पहले दिल्ली आकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी से मिलकर पहला कदम उठाया। इन दोनों नेताओं के अतिरिक्त भी वह कई विपक्षी दलों के मुखिया से मिलकर उन्हें एकजुट करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस प्रयास में उनकी उपलब्धि क्या हुई है, यह तो अभी स्पष्ट नहीं है, लेकिन इस प्रयास से विपक्षी एकता के लिए और एनडीए से आगामी चुनाव में दो-दो हाथ करने का विपक्षी दलों का मन बनता तो नजर आ रहा है। कई विपक्षी दलों ने नीतीश कुमार के इस प्रयास को सराहा भी है और कुछ के लिए वह आलोचना के पात्र बने हुए हैं। आलोचना तो स्वास्थ लोकतंत्र के लिए हितकार है। इसमें नहले पर दहला यह हुआ कि कांग्रेस द्वारा अपने उदयपुर चिंतन शिविर में लिए गए निर्णय के आधार पर राहुल गांधी के नेतृत्व में कन्याकुमारी से कश्मीर तक 3,570 किलोमीटर की अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' को मूर्त रूप देना शुरू कर दिया। इस पदयात्रा को देखकर कहा जा रहा है कि यह सत्तारूढ़ दल के ऊपर कांग्रेस द्वारा गरम लोहे पर चोट देने जैसा है। ऐसे में सत्तारूढ़ दल का अपने हाथ से सत्ता निकलने की संभावना देखकर बौखलाहट अनुचित नहीं है। राहुल गांधी का स्वागत जिस प्रकार दक्षिण भारत में किया जा रहा है और पदयात्रा में स्थानीय बच्चे, युवा और बुजुर्ग उन्हें गले लगा रहे हैं, इसमें लोगों का उत्साह तो कुछ और ही बेहतरीन संकेत दे रहे हैं। इसे देख उत्साहित जयराम रमेश कहते हैं कि अगर यह पदयात्रा (कन्याकुमारी से कश्मीर) सफल रही तो गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक दूसरे चरण की शुरुआत करेंगे।

भारतीय लोकतांत्रिक इतिहास में यह बात दर्ज है कि इंदिरा गांधी को आपातकाल के बाद हुए चुनाव में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। हालांकि, इंदिरा विरोधी नेताओं का यह गठजोड़ ज्यादा वक्त नहीं चल पाया और 1980 के चुनाव में उन्होंने मजबूती के साथ वापसी की। 23 मार्च, 1977 तक देश में आपातकाल चलता रहा। लोकनायक जेपी की लड़ाई निर्णायक मुकाम तक पहुंची और इंदिरा गांधी को सिंहासन छोड़ना पड़ा। मोरारजी देसाई की अगुवाई में जनता पार्टी का गठन हुआ। 1977 में फिर आम चुनाव हुए और कांग्रेस बुरी तरह हार गई। इंदिरा गांधी खुद राजनारायण से रायबरेली सीट से चुनाव हार गईं और कांग्रेस महज 153 सीटों पर सिमट गई। 23 मार्च, 1977 को 81 वर्ष की उम्र में मोरारजी भाई देसाई प्रधानमंत्री बने। यह आजादी के तीस साल बाद बनी पहली गैर कांग्रेसी सरकार थी। जनता पार्टी की सरकार में जल्द ही उथल-पुथल मच गई और जनता पार्टी बिखर गई। इसके कारण जुलाई 1979 में मोरारजी देसाई की सरकार गिर गई। इसके बाद कांग्रेस के समर्थन से चौधरी चरण सिंह प्रधानमंत्री बने। जनता पार्टी में बिखराव के बाद 1980 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर इंदिरा गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने विजय पताका लहराई। इंदिरा को आपातकाल के बाद जो झटका लगा था, उससे कहीं ज्यादा जनसमर्थन उन्हें इस चुनाव में हासिल हुआ। कांग्रेस ने इस चुनाव में 43 प्रतिशत वोट के साथ 353 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की। जबकि जनता पार्टी और जनता पार्टी सेक्युलर 31 और 41 सीटों पर ही सिमट गईं।

वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अपनी पराजय के बाद इस तरह निराश हुई कि उसके बाद लगभग जितने भी लोकसभा या विधानसभा चुनाव हुए, हारती चली गई। उसपर भाजपा के आक्रामक रुख से यही अनुमान लगाया जाने लगा कि अब यह सरकार भारतीय जनता को काफी कुछ देने वाली है। जनता संतुष्ट होती गई और सतारूढ़ दल अहंकारी होता गया। जनता पार्टी भी जब 1977 में चुनाव जीतकर आई थी तो वह काल आज भी याद है। तब कहीं किसी की कोई सुनवाई नहीं होती थी और जनता पार्टी की सरकार से जुड़े लोग आम जनता पर इतने आक्रामक हो गए थे कि सामान्य जनता ने चार वर्ष चली उस जनता पार्टी की सरकार को 1980 में बुरी तरह हरा दिया। कांग्रेस फिर सत्ता में लौटी और इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री बनीं। आज तक अपने आठ वर्षीय कार्यकाल में एनडीए की सरकार ने कथित रूप से विकास तो किया, लेकिन जनता के प्रति नकारात्मक ही रही। इसलिए आज तमाम उपलब्धियों के बावजूद एनडीए को घोर असंतोष और विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके कई कारणों में बेरोजगारी और महंगाई प्रमुख है, जो विकराल रूप धारण कर चुकी है।

> राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' ने प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा या एनडीए के लिए निकट भविष्य में होने वाले चुनाव जीतना आसान नहीं होगा और यह भी हो सकता है कि यदि विपक्षी दल एकजुट हो गए तो कोई शक नहीं कि भाजपा को नाकों चने चबाने वाली स्थिति का सामना करना पड़ जाए। भाजपा का अहंकार यह हो गया कि सत्ता में आते ही उसने देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के लिए 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा दिया और अभी हाल में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह दंभ कि भाजपा राज्य स्तरीय सभी दलों को समाप्त कर देगी

राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस द्वारा 'भारत जोड़ो यात्रा' ने प्रमाणित कर दिया है कि भाजपा या एनडीए के लिए निकट भविष्य में होने वाले चुनाव जीतना आसान नहीं होगा और यह भी हो सकता है कि यदि विपक्षी दल एकजुट हो गए तो कोई शक नहीं कि भाजपा को नाकों चने चबाने वाली स्थिति का सामना करना पड़ जाए। भाजपा का अहंकार यह हो गया कि सत्ता में आते ही उसने देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के लिए 'कांग्रेस मुक्त भारत' का नारा दिया और अभी हाल में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह दंभ कि भाजपा राज्य स्तरीय सभी दलों को समाप्त कर देगी, का अच्छा संदेश आम जनता में नहीं गया। जनता यह भी आरोप लगा रही है कि अपने विपक्षियों को भ्रष्टाचार के नाम पर सत्तारूढ़ सरकार द्वारा सरकारी संस्थाओं के माध्यम से डराना-धमकाना, लोकतंत्र की आवाज को दबाना, झूठे आश्वासन देकर सामान्य लोगों को भ्रमित करना सत्तारूढ़ दल का काम नहीं है, लेकिन भाजपा की सरकार इस प्रकार के कार्य सरेआम झूठ बोल कर रही है। नीतीश कुमार ने अभी हाल ही में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग काम नहीं कर रहे हैं, वह यह प्रचारित कर रहे हैं कि कितना अधिक काम हो रहा है। नीतीश कुमार विपक्षी दलों को राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट करने के अभियान में भाजपा के विरुद्ध संभावित गठबंधन को मेन फ्रंट बता रहे हैं। उन्होंने हाल ही में कहा है कि यदि विपक्षी एकता सफल हो गई, तो भाजपा को पचास सीटों पर सिमटा दिया जाएगा ।

यदि नीतीश कुमार द्वारा किए जा रहे विपक्षी एकता के प्रयास तथा साथ ही राहुल गांधी का 'भारत जोड़ो यात्रा' सफल हो गई और आम लोगों की सुगबुगाहट को देखें तो ऐसा लगता है निकट भविष्य में जो होगा, वह अप्रत्याशित होगा। वह इसलिए क्योंकि राष्ट्रीय स्तर की छवि और राष्ट्रीय स्तर की पार्टी केवल कांग्रेस ही है और छवि अब केवल राहुल गांधी की बनीं है। नीतीश कुमार यदि अपने लोभ को त्याग दें और राहुल के लिए अपना मन बना लें तो प्रधान मंत्री की जो करिश्माई छवि है उसे डेंट किया जा सकता है और 2024 में नए सरकार की उम्मीद की जा सकती है। ऐसा नहीं है कि भाजपा को इसकी जानकारी नहीं होगी, इसलिए वह कांग्रेस और विपक्षियों के हमले का किस प्रकार काट करती है, यह तो समय ही बताएगा, लेकिन इतनी बात तो है ही कि भाजपा के नीति-निर्धारकों ने निश्चित रूप से इस पर विचार किया ही होगा। क्योंकि, लंबे समय तक सत्ता पर काबिज हुए भाजपा इतनी आसानी से किसी को सत्ता सौंप देगी, यह इतना सहज नहीं है, जबकि सत्तारूढ़ दल का कहना है कि उसे वर्षों तक सत्ता पर काबिज रहना है। देखना अब यह होगा कि इतनी बातों के घालमेल का परिणाम क्या निकलता है। मुख्य उद्देश्य चाहे सत्तारूढ़ दल हो या कांग्रेस या नीतीश कुमार के एका का प्रयास, सबकी सोच सत्तारूढ़ होना ही है। इसलिए, जोड़-घटाव कोई चाहे कितना ही कर ले और अपने को कोई कितना भी पारदर्शी कह ले, सच तो यही है कि किस प्रकार सत्ता पर काबिज किया जाए, सभी राजनीतिक दलों द्वारा इसी उद्देश्य से साम-दाम-दंड-भेद की नीति का पालन किया जाता है।

# बच्चों के साथ क्रूरता है बाल विवाह

**राकेश कुमार कौशिक**
(लेखक, राजस्थान महिला कल्याण मंडल के निदेशक हैं)



**आ**दिवासी समाज से आने वाली द्रौपदी मुर्मु आज देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति पद पर आसीन हैं। उद्यमी किरण शॉ ने अपने दम पर हजारों करोड़ की कंपनी बॉयोकॉन खड़ी की है। महिला वैज्ञानिक कल्पना चावला ने अंतरिक्ष तक का सफर तय किया था। साल 2018 में अवनी चतुर्वेदी अकेले लड़ाकू विमान उड़ाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं थीं। साइना नेहवाल, पीवी सिंधु, फोगाट बहनें, हिमा दास और न जाने कितनी लड़कियां खेल की दुनिया में देश का नाम रोशन कर रही हैं। पिछले दिनों ही नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट 2022(नीट) में तनिष्का ने पूरे देश में शीर्ष स्थान हासिल किया। ये बदलते भारत की तस्वीर है। हालांकि इसका एक दूसरा पहलू भी है जिसके बारे में हम जानते तो हैं लेकिन बात नहीं करते। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) की साल 2021 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 20 से 24 साल की हर चौथी महिला का बाल विवाह हुआ है। ये सब बाल विवाह नाम की सामाजिक कुरीति और दशकों से चली आ रही रूढ़ीवादी परंपरा का शिकार हो गईं। शिक्षा हासिल करना इनके लिए सपना बनकर रह गया और खेलने-कूदने की उम्र में यह पारिवारिक जिम्मेदारियां उठाने को अभिशप्त हो गईं। ज्यादा चिंताजनक तथ्य यह है कि कम उम्र में ही गर्भधारण करने की वजह से अनेक नाबालिग लड़कियां प्रसव के दौरान असमय मौत का शिकार हो गईं।

यकीन नहीं होता कि इसी भारत में आजादी से पहले से बाल विवाह के खिलाफ अनेक आंदोलनों ने जागरूकता फैलाने का काम किया था। ईश्वर चंद्र विद्यासागर, स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी श्रद्धानंद और राजाराम मोहन रॉय जैसे समाज सुधारकों ने बाल विवाह को रोकने के लिए जीवन भर काम किया लेकिन यह सामाजिक बुराई आज भी हमारे समाज में गहराई तक जड़ें जमाए हुए है।

आखिर एक नाबालिग बच्ची की शादी कैसे की जा सकती है। विडंबना यह है कि कानून के



तहत बाल विवाह अपराध तो है लेकिन शिकायत न होने की स्थिति में वह भी मूकदर्शक बनकर रह जाता है। अधिकतर बाल विवाह के मामलों में शिकायत ही नहीं की जाती और समाज की इस कुरीति पर मौन सहमति सी रहती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह की सामाजिक बुराई विकराल रूप लेती जा रही है। रूढ़ीवादी परंपराएं, अशिक्षा, आर्थिक तंगी और बेटी को बोझ समझना इस समस्या के मूल में है। एक और प्रमुख कारण बेटियों की सुरक्षा भी है। मां-बाप को लगता है कि जितनी जल्दी वो वैवाहिक बंधन में बंधकर एक परिवार का हिस्सा बन जाएंगी, उतनी ही जल्दी वे सुरक्षित भी हो जाएंगी। ग्रामीण इलाकों में यह सोच बलवती है क्योंकि कमजोर एवं गरीब वर्ग की बच्चियों के साथ निरंतर दुष्कर्म एवं यौन शोषण की घटनाएं दशकों से होती आ रही हैं। सामाजिक ताना-बाना ऐसा है कि अगर कोई अपनी बेटी के बालिग होने पर शादी करना चाहे तो समाज के लोग ही उस परिवार और उसकी बेटी के बारे में अनाप-शनाप बातें फैलाने लगते हैं। नतीजा बेटी नाबालिग उम्र में विदा करना बेहतर विकल्प माना जाता है। परंपरा के नाम पर बच्चों के साथ क्रूर अपराध किया जा रहा है।

यह समस्या इतनी भयावह हो चुकी है कि इसके विनाश के लिए 'भागरथी प्रयास' करना होगा। नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित कैलाश सत्यार्थी द्वारा स्थापित कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन्स फाउंडेशन (केएससीएफ) इसके लिए लंबे समय से काम कर रही है। केएससीएफ के फ्लैगशिप प्रोग्रामों में से एक बाल मित्र ग्राम(बाल मित्र ग्राम) और सर्वाइवर-लेड इंटेलीजेंस के जरिए कई साल से निरंतर गांवों में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल मित्र ग्राम, कैलाश सत्यार्थी का एक अभिनव प्रयोग है, जिसके जरिए यह सुनिश्चित किया जाता है कि इस गांव में कोई भी बाल विवाह न हो और न ही कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित रह जाए। किसी बच्चे का किसी भी तरह से शोषण न हो। लेकिन यह बहुत बड़ा लक्ष्य है। यह तभी पूरा हो पाएगा जब हम सबकी इसमें सामूहिक भागीदारी होगी। कैलाश सत्यार्थी जैसे प्रयास पूरे देश में होने चाहिए। केएससीएफ ने पिछले दिनों ही कैलाश सत्यार्थी के नेतृत्व में बाल विवाह के खिलाफ एक देशव्यापी मुहिम चलाने का ऐलान किया है। बाल विवाह को समाप्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

समस्या के खात्मे के लिए जरूरी है कि समाज, सरकारी एजेंसियां, सामाजिक संगठन, प्रशासनिक अमला, सभी समुदाय, युवा वर्ग एवं हर जन की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश भी विकसित देशों की श्रेणी में शामिल हो तो जरूरी है कि पहले हम 'बाल विवाह' नाम की कुरीति का अंत करें। ऐसा करके ही हम अपने बच्चों को एक सुरक्षित बचपन और खुशहाल भविष्य दे सकते हैं। इसके बाद ही हमारी हर बेटी अपने सपनों की उड़ान को पंख दे सकेगी और अवनी, पीवी सिंधु, हिमादास व द्रौपदी मुर्मु और कल्पना चावला जैसे ही दुनियाभर में देश का नाम रोशन कर सकेगी।

# आप की बात

## दिखावा न करे मीडिया

**छुटपुट** घटनाओं के बीच जम्मू कश्मीर में हालात धीरे-धीरे सामान्य होने लगे हैं। फिर भी कभी कभार होने वाले आतंकी घटनाएं डराती जरूर है मगर ऐसा लगता है कि अब राज्य से आतंकवाद पस्त होने लगा है। बावजूद इसके सतर्कता के साथ ही आगे कदम उठाने की जरूरत है। अनुकूल हालातों ने एक बार फिर सुबे में थिएटर युग की वापसी हुई है जो अच्छी बात है। इससे घाटी के लोगों में आत्मविश्वास लौटेगा। लेकिन देखने में आता है कि जब भी शासन/प्रशासन हालातों की अनुकूलता के बाद कोई कदम उठाता है तो मीडिया का महा कवरेज शुरू हो जाता है। मीडिया सरकार की योजना का नफा नुकसान, उसका कार्यस्थल आदि का विस्तार से कवरेज करके उसे इतना प्रसारित कर देता है कि आतंकवाद की आंख लगते देर नहीं लगती।हाल ही में सरकार ने हिम्मत करके राज्य में फिर से थिएटर शुरू किए हैं जिससे लोगों को मनोरंजन के साथ ही उससे जुड़े हुए रोजगार भी मिलेंगे। क्योंकि लंबे समय के बाद राज्य में थिएटर शुरू हो रहे हैं ऐसे में सिनेमा प्रेमियों का उस ओर झुकाव स्वभाविक ही है ऐसे में जरूरी हो जाता है कि इस तरह के समाचारों को दिखाने में मीडिया संयम बरतें ताकि भीड़भाड़ को लेकर कोई आतंकवादी रणनीति ना बने।

– **अमृतलाल मारू**, इंदौर

## पीएफआई पर प्रतिबंध लगे

**जांच** एजेंसियों ने करीब 11 राज्यों में पीएफआई के 106 ठिकानों पर छापेमारी की है और 100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसियों की नजर पीएफआई को मिल रहे धन, नेटवर्क और प्रशिक्षण पर है। इस संगठन के कार्यकर्ताओं के कार्यालयों और आवासों पर भी छापेमारी की गई है और जांच-पड़ताल तेज हुई है। दक्षिण भारत में पीएफआई की गतिविधियों को ज्यादा संदिग्ध माना जा रहा है, केरल, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु से सर्वाधिक लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बीते दिनों भी एनआईए ने आंध्र प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की थी। आरोप यह है कि सिमी पर प्रतिबंध के बाद अस्तित्व में आया यह संगठन हिंसा भड़काने की साजिश करता है और गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त रहता है। जांच एजेंसी की कार्यवाही सराहनीय थे है, मगर केरल पीएफआई समर्थकों ने हुड़दंग मचाकर एजेंसी पर गलत दबाव बनाने का प्रयास किया है. पीएफआई के दफ्तरों में आवेध धन के अलावा कई प्रकार की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों के सबूत मिले हैं। पहले मदरसों की जांच और अब पीएफआई पर छापेमारी से जाहिर हो गया है कि यह लोग कई वर्षों से और राष्ट्र विरोधी विधियां चला रहे हैं।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

## हेट स्पीच पर न्यायालय सख्त

**इन** दिनों टीवी पर चलने वाली डिबेट का जिस तरह से स्तर गिरता जा रहा है वह न केवल पूरे देश के लिए बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट को भी हैरान परेशान किए हुए है कि इन डिबेट के लिए बुलाए अतिथि पार्टियों के प्रवक्ता किस तरह से चिल्लाकर अपनी पार्टियों का पक्ष रखते हैं एवं अपनी बात को मनवाने के लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हो जाते हैं फिर चाहे उन्हें अपना घूंसा या फिर जूता ही क्यों ना दिखाना पड़े। तब हम यही कहेंगे कि आज हमारे देश का प्रसारण विभाग क्या कर रहा है। इन डिबेटों पर हो रही आपत्तिजनक कार्यवाही पर उसके द्वारा कड़ी लगाम क्यों नहीं लगाई जाती है। इन टीवी डिबेटों के एंकर क्या कर रहे हैं सबसे बड़ा फर्ज तो उनका ही है कि वे इस बहस में बढ़ती गर्मी या तनाव को ठंडा क्यों नहीं रखते हैं। किसी भी प्रवक्ता के आपत्तिजनक बोलने पर उस पर लगाम क्यों नहीं लगाई जाती, उन्हें तुरंत डिबेट से बाहर क्यों नहीं किया जाता है पूरी बहस में उन्हें आखरी तक शामिल क्यों रखा जाता है। हम सुप्रीम कोर्ट की इस टिप्पणी को गंभीरता से लेते हैं।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# फरमाया



**अच्छा** होता कि कांग्रेस भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत गुजरात से करती जहां इस वर्ष के अंत में चुनाव हैं।

– **प्रशांत किशोर**
चुनाव रणनीतिकार



**हमारे** देश की क्षेत्रीय अखंडता को खतरा पैदा होने पर हम रूस व उसकी जनता की सुरक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। यह धोखा नहीं है।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**मीडिया** में भाषण बेलगाम हैं। यह एंकरों की जिम्मेदारी है कि ऐसे भाषणों को रोका जाए।

– **के.एम. जोसेफ**
सुप्रीम कोर्ट के जज

# हरियाणा के एकमात्र शक्तिपीठ श्री देवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि महोत्सव की तैयारी पूरी

### नवरात्रि महोत्सव 26 सितंबर से प्रारंभ होगा और समापन नौ अक्टूबर को होगा

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र


भद्रकाली मंदिर में पड़े देसी-विदेशी फूल।

**हरियाणा** के एकमात्र शक्तिपीठ श्रीदेवीकूप भद्रकाली मंदिर में नवरात्रि महोत्सव की लगभग सभी तैयारी पूरी हो चुकी हैं।

पीठाध्यक्ष सतपाल शर्मा ने बताया कि इस बार महाशक्ति की महापूजा का महापर्व कुरुक्षेत्र नवरात्रि महोत्सव 26 सितंबर से प्रारंभ होगा और समापन नौ अक्टूबर को होगा, जिसमें विशेष तौर पर 26 सितंबर को शोभायात्रा और तीन अक्टूबर को श्री दुर्गाष्ठमी जागरण होगा। उन्होंने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी मां भद्रकाली जी के दरबार को 11 देशों के फूलों से व फलों से विशेष रूप से सजाया जाएगा। इसके लिए एमिल पुष्प श्रृंगार की एक 30 सदस्यीय टीम मंदिर परिसर में पहुंच चुकी है जिसमें मुम्बई से व बंगाल से आए कारीगर मंदिर को एक भव्य रूप देंगे।

### विदेश से आए नौ तरह के पुष्पों से सजेगा भद्रकाली मंदिर

इस बार केके शर्मा ने खुद पुष्प सज्जा को डिजाइन किया है। पीठाध्यक्ष ने बताया कि जो पुष्प भारत देश में मिलते हैं जैसे कि नौ तरह के गुलाब, कमल, कलकत्ता गेंदा, रजनीगंधा, रात की रानी, चमेली आदि के अलावा विदेशी पुष्प जरबेरा, एनथुरियम, आर्किड, लिली, बर्ड आफ पैराडाइस, ट्यूलिप, डेहलिया, सीलोसियाा, हैडरेन्जिया, करनिशियन जैसे फूलों के इंद्रधनुषी रंग मां के मंदिर में खूब रंगत बिखेरेंगे। इन देसी- विदेशी फूलों की महक मां भद्रकाली जी के दरबार में चार चांद लगा देगा।

### 11 तरह के फल भी मंदिर की बढ़ाएंगे शोभा

पीठाध्यक्ष ने बताया कि इसके साथ ही मंदिर को 11 तरह के फलों से भी सजाया जाएगा जिसमें मौसमी/ सन्तरा, केला, सेब, अंगूर, पपीता, अनानास, तेजरींन, अनार, ड्रैगन फ्रूट, अमरूद, वाशिंगटन एप्पल इत्यादि प्रमुख है। अष्टमी पर पान के पत्तों से भी मां का विशेष श्रृंगार होगा। पीठाध्यक्ष ने सभी भक्तों से निवेदन किया है कि सेवक मंडल के सभी सदस्य भक्तों की सहूलियत के लिए सभी उपयुक्त इंतजाम कर रहे हैं, इसलिए आप भी व्यवस्था में सहयोग करके ही दर्शन करें। मौके पर नरेंद्र वालिया, प्रो हेमराज शर्मा, शिमला देवी, शकुंतला रानी, मीना जोशी, देवेंद्र गर्ग, सुनील शर्मा, संजीव मित्तल, हाकम चौधरी, निकुंज शर्मा, सुरजीत कुमार, राहुल कुमार, आशीष दीक्षित, राजेन्द्र कुमार, आदि सेवक मौजूद रहे।

# बरसाती पानी के निकासी का त्वरित समाधान करें अधिकारी

### खेतों से पानी निकालने में प्रशासन का सहयोग करें ग्रामीण

### एसडीएम ने गोहाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर स्थिति का लिया जायजा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



खेतों में जलभराव का दौरा करते गोहाना एसडीएम आशीष कुमार। कुरुक्षेत्र के बिशुनगढ़ गांव में कीचड़ से निकलता वाहन चालक।

**गोहाना** एसडीएम आशीष कुमार ने कहा कि गोहाना क्षेत्र में हो रही बरसात के कारण कुछ गांव के खेतों में पानी का जलस्तर बढ़ गया है, जिसके कारण खेतों में किसानों की फसलों को नुकसान से बचाने के लिए प्रशासन द्वारा पानी निकासी को लेकर युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है, ताकि जल्द से जल्द बरसाती पानी को खेतों से निकाला जाए और फसल को नुकसान से बचाया जा सके।

एसडीएम आशीष कुमार ने शनिवार को अधिकारियों के साथ गोहाना क्षेत्र के गांव रूखी, मोई, पुठी, बली ब्रह्मणान, माहरा हैड, एसपी माजरा, रभड़ा, खानपुर, गामड़ी, भैंसवान खुर्द, छिछड़ाना, अहमदपुर माजरा तथा सिरसाढ़ का दौरा किया। उन्होंने जलभराव क्षेत्रों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जल निकासी के अविलंब समाधान के निर्देश दिए, ताकि किसानों की फसलों को किसी प्रकार का नुकसान न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पानी की निकासी को लेकर कोई भी परेशानी होती है तो वे सीधे तुरंत उनसे बात करें।

इस दौरान उन्होंने गांवों के लोगों से अपील करते हुए कहा कि पानी की निकासी को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है। प्रशासन द्वारा सभी पुख्ता प्रबंध किए जा रहे हैं। सभी किसान भी खेतों से बरसाती पानी को निकालने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि हम खेतों से जल्द से जल्द पानी को निकाल सकें।

### कुरुक्षेत्र के बिशनगढ़ में बारिश के पानी ने किया जीना दुश्वार

**कुरुक्षेत्र।** गांव बिशनगढ़ कॉलोनी में सड़कों का निर्माण व पानी की निकासी न होने के कारण स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

गौरतलब है कि दो दिनों से लगातार आ रही बारिश के चलते यहां की गलियों में गारा व कीचड़ हो चुका है, जिसके कारण स्थानीय निवासियों का यहां से निकलना भी दुश्वार हो गया है। मदन लाल, पवन कुमार ने बताया कि वे अनेकों बार गांव के सरपंच व थानेसर के विधायक के पास भी उपरोक्त समस्याओं को लेकर जा चुके हैं, मगर कोई भी सुनवाई नहीं हुई। इसे लेकर उनमें रोष है।

उन्होंने चेताया कि यदि उपरोक्त समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो हमें मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। स्थानीय निवासी जगदीश कुमार, कुलदीप, बलबीर, राज, निर्मला देवी, नेहा, मीनाक्षी व संतोष आदि ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि जल्द इस समस्या का समाधान करें।

# गुरु रविदास का शिक्षा संदेश ही मौजूदा सरकार का सिद्धांत


सत्संग में सूरजभान कटारिया विचार व्यक्त करते हुए।

**कुरुक्षेत्र।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य सूरजभान कटारिया ने कहा है कि संत शिरोमणि गुरु रविदास का शिक्षा संदेश ही मौजूदा समय में सरकार का मुख्य सिद्धांत बना हुआ है। वे जलेबी पुल ठोल रोड स्थित स्वामी समनदास जी महाराज द्वारा स्थापित एवं उनके जन्म दिवस पर तथा श्री गुरु रविदास दिव्य ज्योति संस्था के स्थापना दिवस पर आयोजित विशाल सत्संग समारोह में उपस्थित साध संगत को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हमें गुरु रविदास की शिक्षाओं को परिवारिक रुप से अपना कर भारत रतन बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग शिक्षित बनो संगठित बनो और संघर्ष करो को जीवन में अपना कर कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने गुरु घरों, संस्थानों, भवनों और संस्थाओं की पवित्रता को बना कर उनकी सुंदरता और भव्यता के लिए तन-मन-धन से कार्य करना चाहिए।

सूरजभान कटारिया ने इस अवसर पर आश्रम को एक लाख रुपये की सहायता हरियाणा सरकार से दिलाने और 11 हजार रुपये की राशि निजी कोष से देने की घोषणा की। सत्संग समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से आए साधु संतों ने गुरुवाणी का प्रचार प्रसार किया। इस अवसर पर आश्रम संचालक स्वामी परम दास जी महाराज, संस्था के प्रधान सुखबीर सिन्हा, रामकुमार, राहुल सुविधा, निर्मल गुमटी, सुभाष चंद्र, रामकरण तगड़ी, दर्शन मोहड़ी, रामधारी, नायब सिंह, धर्मवीर, गुलाब सिंह और जोगिंदर बैरागी आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### श्रीराम हनुमान रामलीला समिति द्वारा रामलीला का मंचन 26 से



**कुरुक्षेत्र।** ठाकुरी देवी स्कूल लाडवा के नजदीक श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा 26 सितंबर से रामलीला का मंचन किया जाएगा। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण रामलीला का मंचन 26 सितंबर से शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति के संरक्षक एवं समाजसेवी संदीप गर्ग ने मौके पर पहुंचकर रामलीला में रोल करने वाले कलाकारों का रिहर्सल में हौसला बढ़ाया और उनसे कहा कि यह एक बहुत अच्छा प्रयास है। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा शहर से रामलीला का बिल्कुल अस्तित्व खत्म हो गया था। सिर्फ बातों के कारण ही रामलीला का जिक्र चलता था। परंतु समिति की ओर से यह बहुत सराहनीय काम किया गया है। जो 9 वर्ष के बाद एक बार फिर रामलीला का मंचन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी ओर से जो भी सहयोग होगा वह समिति का करेंगे। मौके पर कुश गर्ग, अमित सिंघल, नरेश गर्ग, जोगध्यान, एस.के गर्ग, डा. अशोक निर्मल, बृजमोहन गर्ग, विनोद गर्ग, योगेन्द्र काम्बोज, रणीत काम्बोज,कमल किशोर, महेश गोसांई, सोमी, शिव गुप्ता, बिशन दास, राकेश ललित, मिन्टू काम्बोज, देवराज, अनिल मलिक, विपिन शर्मा, ऋषिपाल शर्मा, अश्वनी गोसांई सहित अनेक कलाकार मौजूद है।

### सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र में डांडिया उत्सव 25 से



**कुरुक्षेत्र।** सतयुग दर्शन संगीत कला केंद्र शीला नगर द्वारा 25 सिंतबर से 1 अक्टूबर तक डांडिया उत्सव का आयोजन किया जाएगा। केंद्र के सदस्य जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि 25 सितम्बर से 1 अक्तूबर तक डांडिया सिखाया जाएगा और दो अक्टूबर को डांडिया रात का आयोजन किया जाएगा जिसमें तीन लक्की ड्रॉ भी निकाले जाएंगे। जितेंद्र अरोड़ा ने बताया कि गरबा और डांडिया दोनों डांस के दो फॉर्म्स हैं, जो गुजरात और मुख्यत: गुजरातियों से संबंधित है। गरबा और डांडिया दोनों ही तरह के नृत्य मां दुर्गा से जुड़े हुए हैं। गरबा नृत्य मां दुर्गा की प्रतिमा या उनके लएि जलाई गई ज्योत के आसपास कयिा जाता है। ये नृत्य मां के गर्भ में जीवन का प्रदर्शन करने वाली लौ का प्रतीक है। साथ ही गरबा नृत्य के दौरान बना गोला जीवन चक्र को दर्शाता है। वहीं डांडिया नृत्य के जरिए मां दुर्गा और महषिासुर के बीच हुए युद्ध को दशार्या जाता है। इस भारतीय पर्व के आयोजन में सभी को शामिल होकर अपना योगदान देना चाहिए।

### प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर भेजें बधाई संदेश : जिलाध्यक्ष



**कुरुक्षेत्र।** भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष एवं पत्रक लेखन वितरण के जिला सेवा पखवाड़ा प्रमुख पृथ्वी सिंह कनिपला ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म दिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक बड़े जोश के साथ मनाया जा रहा है। वे जिला के सभी मंडलों में मंडल अध्यक्षों को हर बूथ तक पहुंचाने के लिए पोस्टकार्ड सौंप रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई योजनाओं से जिन लाभार्थियों को लाभ पहुंचा है, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर 25 सितंबर को उन्हें धन्यवाद शुभकामना संदेश उनके पते नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री कार्यालय, 7 लोक कल्याण मार्ग, 7-रेसकोर्स मार्ग, नई दिल्ली पर भेजें। इस अवसर पर भाजपा जिला सोशल मीडिया प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा एवं सेवा पखवाड़ा जिला टीम के सह प्रमुख स्वामी कृष्ण व सुरेंद्र ईशकपुर मौजूद रहे।

### पौधारोपण व हवन-यज्ञ कर मनाया कुमारी शैलजा का जन्मदिन



**कुरुक्षेत्र।** कांग्रेस महिला विंग की जिलाध्यक्ष मीना शर्मा ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण अति जरूरी है इसलिए हर व्यक्ति को इस मौसम में कम से कम 5 पौधे अवश्य रोपित करने चाहिए। वे पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्षा सीडब्ल्यूसी मेंबर कुमारी शैलजा के जन्म दिन पर पौधारोपण कार्यक्रम में विचार व्यक्त कर रही थी। उन्होंने इससे पहले कुमारी शैलजा की लम्बी आयु और स्वास्थ्य कामना करते हुए हवन-यज्ञ भी करवाया। इस दौरान उनके साथ प्रवेश राणा, सुमन, अनीता, वंदना राजपूत, सीमा शर्मा, सुनीता सैनी, फरीदा खान, सुरेश यूनिसपुर, बाल कृष्ण भास्कर, जसवंत सिंह, मनदीप सिंह, ईशु चौधरी सहित महिला कार्यकर्ता और परिवार के सदस्य मौजूद रहे। दूसरी ओर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग की कार्यकारी अध्यक्षा रीना बाल्मीकि ने कहा कि पूर्व मंत्री कुमारी शैलजा ने दलितों की आवाज को सदैव ही बुलंद किया है। वे समाज के उत्थान के लिए गंभीरता से प्रयासरत हैं। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कुमारी शैलजा के जीवन से प्रेरणा लें और संगठन को मजबूत बनाने के लिए कड़ी मेहनत करें।

# अमित कुमार ने संभाली सोनीपत के एसडीएम पद की कमान


पदभार संभालते नवनियुक्त एसडीएम अमित कुमार।

**सोनीपत।** 2020 बैच के एचसीएस अधिकारी अमित कुमार ने शनिवार को सोनीपत के एसडीएम का पदभार संभाल लिया है। पदभार संभालते हुए नवनियुक्त एसडीएम ने कहा कि उनकी प्राथमिकता सरकार व जिला प्रशासन की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को पूरी पारदर्शिता के साथ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पंहुचाने की रहेगी। सोनीपत उपमंडल में चल रहे विकास कार्यो की मॉनटिरिंग करते हुए तय समय सीमा में पूरा करवाना और उपमंडल प्रशासन की कार्य प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने की होगी। इस दौरान उपायुक्त ललित सिवाच ने उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी।

सोनीपत की एसडीएम शशि वसुंधरा का स्थानांतरण होने के साथ ही एचसीएस अधिकारी अमित कुमार को सोनीपत के एसडीएम पद पर नियुक्ति दी गई है, जिन्होंने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इसके पहले वे समालखा के एसडीएम के पद पर कार्यरत थे। उनकी पहली पोस्टिंग कैथल में नगराधीश के रूप में थी। इसके अलावा वे हरियाणा परिवहन विभाग में भी संयुक्त निदेशक के रूप में भी बेहतरीन सेवाएं दे चुके हैं। एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का पूरा लाभ आम जनमानस को दिया जाएगा। लोगों की समस्याओं व मांगों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि वे अंत्योदय सरल केंद्र के माध्यम से लोगों को दी जाने वाली सेवाओं को और सुदृढ़ करने का प्रयास करेंगे। उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन व सहयोग से प्रशासनिक कार्यों को पूरा किया जाएगा।

## महिला विकास निगम की योजनाओं के तहत वन टाइम सेटलमेंट योजना जारी

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा सरकार ने आजादी अमृत महोत्सव के तहत महिलाओं के लिए हरियाणा महिला विकास निगम के ऋणों के बकाया ब्याज को माफ करने के लिए शुरू की गई वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना की अवधि बढ़ाकर आगामी 01 दिसंबर 2022 कर दी है। योजना के तहत कोई महिला लाभार्थी मूल ऋणकी पूरी बकाया राशि का भुगतान एकमुश्त या 6 किस्तों में 1 दिसंबर 2022 तक करती है तो उसका सारा ब्याज माफ कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि यह योजना उन महिला ऋणियों को कवर करेगी जिनका ब्याज 31 मार्च 2019 को निगम को भुगतान के लिए बकाया है। योजना 31 मार्च 2019 को डिफ़ॉल्ट रूप से मूल राशि पर लागू होगी, लेकिन उसके बाद भुगतान की गई मूल राशि शामिल नहीं होगी। उन्होंने कहा कि ऋण लेने वालो को 6 महीने के भीतर इसका लाभ उठाने की अनुमति दी जाएगी।

# प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए लगाएं पेड़ : राजेश सेन

### गांव में 50 से ज्यादा पौधे लगाए गए

### ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



गांव खेड़ी गुलाम अली में पौधारोपण करते ट्रस्ट के सदस्य।

**हरित** भारत, हरित धरा अभियान के तहत गांव खेड़ी गुलाम अली में सेवा ट्रस्ट यूके के सहयोग से पौधारोपण किया गया। गांव में 50 से ज्यादा पौधे लगाए गए। प्रोग्राम का संचालन राजेश सेन ने किया।

उन्होंने बच्चों और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा पौधे लगवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हमारी प्रकृति ने हमें वो समस्त संसाधन तथा सुविधाएं प्रदान की है, जो सुखी जीवन के लिए आवश्यक होती हैं। बिना कुछ लिए हमें प्रकृति से अनगिनत बहुमूल्य उपहार प्राप्त हुए हैं इसलिए हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम भी इस प्रकृति को स्वच्छ बनाने के लिए पेड़ लगाएं।


सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने ग्रामवासियों को पर्यावरण के प्रति सजग होने और स्वच्छ बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही कहा कि हमें विशेष अवसरों पर जैसे जन्मदिवस, विवाह समारोहों, सेवानिवृत्ति आदि पर पेड़ उपहार स्वरूप देकर लगवाने चाहिए। संजय सोनी व संदीप शर्मा ने सभी गांववासियों व बच्चों को शपथ दिलाई की मिल कर पेड़ लगाएं, पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं। जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल व राजेश सैन द्वारा डाबर इंडिया लिमिटेड की तरफ से पोधे और डाबर रियल जूस उपहार स्वरूप दिया गया।

इस अवसर पर कंवल विर्क, राहुल ठाकुर, रजत सोनी, डाक्टर विशाल शर्मा, शुभम कालडा, मंहत अश्वनी पुरी, रतिया राम, विक्रम, सुरेश, बादल, शिव शंकर और समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने हरियाणा में आयोजित किया सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान

### पंचकुला के 3000 से अधिक स्कूली छात्रों एवं स्टाफ को सड़क सुरक्षा के गुर सीखने का मौका मिला

पायनियर समाचार सेवा। पंचकुला



**भारत** को दुर्घटना मुक्त बनाने के लिए लोगों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाने की आवश्यकता पर ज़ोर देते हुए होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान हरियाणा के पंचकुला पहुंचा।

तीन दिवसीय कैम्प (20-22 सितम्बर) का आयोजन पंचकुला के सेक्टर सार्थक गवर्नमेन्ट इंटीग्रेटेड सीनियर सैकण्डरी स्कूल में हुआ, जहां 3000 से अधिक स्कूली छात्रों और स्टाफ के सदस्यों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया, जिन्हें सुरक्षित राइडिंग के बारे में जागरुक बनाया गया। एचएमएसआई के रोड सेफ्टी इंस्ट्रक्टर्स ने प्रतिभागियों की उम्र को ध्यान में रखते हुए उचित सड़क सुरक्षा लर्निंग प्रोग्राम के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुक बनाया। भारत को सड़क सुरक्षा पर जागरुक बनाने की एचएमएसआई की प्रतिबद्धता के बारे में बात करते हुए प्रभु नागराज, ऑपरेटिंग ऑफिसर- ब्राण्ड एण्ड कम्युनिकेशन, होण्डा मोटरसाइकल एण्ड स्कूटर इंडिया ने कहा, बच्चे आज एवं आने वाले कल के सड़क सुरक्षा दूत हैं और इस उम्र में सही ज्ञान मिलने से वे सड़क का जिम्मेदारी से इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित होते हैं। अपने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत, हम जीवन के सभी वर्गों को कवर करते हुए देश भर में सड़क सुरक्षा के बारे में जागरुकता बढ़ाना चाहते हैं।

एचएमएसआई के राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम ने निम्नलिखित गतिविधियों के माध्यम लर्निंग को रोचक बना दिया:

**इंटरैक्टिव सेशन :** एचएमएसआई के विशेष रूप से प्रशिक्षित सड़क सुरक्षा इंस्ट्रक्टर्स ने 5 से 10 साल के छात्रों को बताया कि उन्हें स्कूल बस में और साइकल चलाते समय क्या करना चाहिए और क्या नहीं।

**प्रैक्टिकल लर्निंग :** 11-12 साल के बच्चों को सिखाया गया कि साइकल चलाते समय कैसे सुरक्षा का ध्यान रखें, दोपहिया वाहन के पीछे बैठकर सवारी करते समय किस तरह सुरक्षा बरतें, साथ ही उन्हें सड़क पर सुरक्षा गियर का महत्व भी बताया गया। इस लर्निंग को अधिक रोचक और व्यवहारिक बनाने के लिए छात्रों को विशेष रूप से आयात की गई सीआरएफ-50 मोटरसाइकलों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

# यूफ्लेक्स ने कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल करने के लिए क्रेड्यूस के साथ साझेदारी की

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**भारत** को 2070 तक देश को कार्बन नेट जीरो बनाने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता से देश का कॉरपोरेट नेतृत्व बहुत उत्साहित है।

इस संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, अपने-अपने क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी दो कंपनियों ने इस सपने को साकार करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। फ्लेक्सिबल पैकिंग सामग्री और समाधान के क्षेत्र में भारत की सबसे बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनी 'यूफ्लेक्स' ने भारत की सबसे तेजी से बढ़ती कार्बन क्रेडिट कंसलटेंसी 'क्रेड्यूस' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है और इसे अपना सलाहकार भागीदार बनाया ताकि एंड-टू-एंड कार्बन न्यूट्रैलिटी हासिल की जा सके । इसके अंतर्गत कार्बन फुटप्रिंट और न्यूट्रैलिटी को समझना और उसका विश्लेषण करना होगा, और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत और मान्यता प्राप्त मंच पर कार्बन और प्लास्टिक क्रेडिट बैलेंस बनाया जाएगा और उसे औपचारिक रूप दिया जाएगा। यह स्थायी विकास लक्ष्य का भाग होगा जिसमें सस्टेनेबिलिटी के लिए रोडमैप बनाने के साथ- साथ और भी बहुत कुछ किया जाएगा।

सामाजिक रूप से जिम्मेदार एक कॉरपोरेशन के रूप में, यूफ्लेक्स आधुनिक टेक्नोलॉजी से संचालित समाधान बनाने में अग्रणी रहा है। एक स्वच्छ और हरित पर्यावरण की दिशा में अपनी खोज के तहत कंपनी ने क्रेड्यूस टेक्नोलॉजीज के साथ एक समझौता करने की घोषणा की है। यूफ्लेक्स में फ्लेक्सिबल पैकेजिंग बिजनेस के ज्वाइंट प्रेसिडेंट जीवराज पिल्लई का कहना है, हम हमेशा अपने समूह को स्थायी पर्यावरणीय प्रथाओं की ओर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध थे, हम पूरे समूह में वर्ष 2024 के अंत तक लगभग 175,000 टन कार्बन उत्सर्जन के बराबर कटौती करना चाहते हैं।

# हाफले लेट्स रीइमेजिन हुआ लॉन्च

### क्लेवर और स्मार्ट हार्डवेयर सॉल्यूशन

### हाफले ने अपने इन-हाउस ग्लोबल ऐसोर्टमेंट से रसोई और घरेलू समाधानों की एक नई सीरीज लॉन्च की है

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**हमारे** घरों और उनके भीतर के विभिन्न स्थानों पर फ्रेश लुक देने के विचार आज-कल जबरदस्त डिमांड में है। हाफले ने अपने इन-हाउस ग्लोबल ऐसोर्टमेंट से रसोई और घरेलू समाधानों की एक नई सीरीज लॉन्च की है - मैट्रिक्स ड्रॉअर और रनर सिस्टम, फ्री फ्लैप फिटिंग, मेटाला 510 फर्नीचर हिंग्स और वायर स्टोरेज सॉल्यूशन। ये उत्पाद रिसर्च, डेवलपमेंट, इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग में हाफले की मजबूत पकड़ को दर्शाते हैं और साथ ही यह मान्यता प्राप्त गुणवत्ता मानकों के अनुसार भी हैं, जो इस ब्रांड की विश्व स्तर पर पहचान हैं।

हाफले की पांच मैन्युफैक्चरिंग यूनिट हैं, चार जर्मनी और एक बुडापेस्ट, हंगरी में स्थित है। इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग में निवेश के माध्यम से इन इकाइयों में विकसित हमारे इन-हाउस ब्रांड, यह सुनिश्चित करते हैं कि हम कार्यक्षमता, गुणवत्ता और डिजाइन के मामले में उच्चतम मानकों के साथ एक अग्रणी निर्माता हैं। हमारे ब्रांडों में शामिल हैं। आईएक्सकनेक्ट - फर्नीचर कंस्ट्रक्शन में कनेक्टर सिस्टम, डायलॉक एक्सेस कंट्रोल इलेक्ट्रॉनिक आरएफआईडी लॉकिंग सिस्टम, लिफ्ट एंड टर्न फ्री फैमिली प्लैप फीटिंग्स-लुक्स फर्नीचर के लिए प्लग एंड प्ले मॉड्युलर एलईडी लाइटनिंग सिस्टम, मैट्रिक्स सभी जरूरतों के लिए मॉड्युलर ड्रार और अन्य शामिल हैं।

इंटीरियर के मामलें में वर्ल्ड लीडर होने के नाते, हाफले लगभग 20 वर्षों से भारत में घरों को सुंदर बना रहा है। हमारे रेंज में हर वो उत्पाद है जो संभावित रूप से अलग अलग इंटीरियरों को जैसे घर, कार्यालय, संस्थानों और होटलों को सुंदर बना सकता है, हाफले स्मार्ट घरेलू उपकरणों के साथ-साथ फ्लैक्सीबल और इनोवेटिव किचन सॉल्यूशन प्रदान करते हैं।

अपनी पहुंच बढ़ाने और एंड कस्टमरों के बीच अपने ब्रांड रिकॉल को मजबूत करने के लिए, हाफले ने एक नई कम्युनिकेशन स्ट्रेटजी शुरू की है जो लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में अपनी स्थिति को फिर से परिभाषित करती है जो घरों में आसानी, सुविधा, क्रिएटिविटी और लचीलापन ला सकती है। हाफले एक ऐसा ब्रांड है जो हर संभव तरीके से आपके आसपास मौजूद है। हाफले उत्पाद किसी भी घर में विभिन्न स्थानों के लिए अनुभव, नवीनता, लचीलापन और भविष्य की तत्परता प्रदान करते हैं।

# अब आढ़तियों की हड़ताल बनी समस्या

**सरकार से समझौते के बाद भाकियू का धरना समाप्त**

## मंडी में पड़े 80 हजार क्विंटल धान ने किसानों की बढ़ाई चिंता

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**शनिवार** सुबह धान की सरकारी खरीद को लेकर किसानों और सरकार में सहमति तो बन गई है, मगर किसानों की हालत आसमान से गिरे खजूर में अटके वाली हो गई है। उधर, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी के ऐलान के बाद 20 घंटे से बंद दिल्ली-अमृतसर नेशनल हाईवे-44 को सुचारु कर दिया गया है। मगर, सहमति बनने के बावजूद शनिवार को भी धान की खरीद शुरू नहीं हुई।

इसका कारण प्रदेश भर में आढ़तियों की चल रही हड़ताल है। सरकार ने धरने पर बैठे किसानों को आश्वासन तो दे दिया कि मंडियों में जो धान पड़ी है, उसकी भराई आज से ही शुरू कर दी जाएगी, मगर आढ़ती के बिना यह सम्भव नहीं है। क्योंकि मंडी से सरकारी भराई में आढ़ती का अहम योगदान है और वह प्रदेश भर में 19 सितम्बर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान स्वर्णजीत सिंह कालड़ा और धनपत राय अग्रवाल का कहना है कि जब तक हरियाणा सरकार आढ़तियों की मांगें नहीं मानेगी, तब तक हरियाणा के समस्त आढ़ती कार्य नहीं करेंगे। दूसरी ओर शनिवार को भी निरंतर मूसलाधार बारिश जारी रही। मंडी में अधिकांश किसान अपनी फसल के पास बैठे हैं। जहां फसल बरसात में भीगने का डर किसान को सत्ता रहा है, वही धान चोरी होने की भी चिंता जहन में है।



सुबह धरना समाप्त करने के समय संबोधित करते गुरनाम सिंह चढ़ूनी।



धरना समाप्त करने से पहले डीसी, एसपी और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत करते चढ़ूनी।

### क्या था पूरा मामला

**उल्लेखनीय** है कि चढ़ूनी ने हरियाणा सरकार को वीरवार तक राज्य की मंडियों में धान खरीद शुरू कराने का अल्टीमेटम दिया था। जिसके बाद शुक्रवार को जीटी रोड जाम कर दिया गया। इसके बाद गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने प्रशासन और सरकार को चेतावनी देते हुए कहा था कि जब तक धान की सरकारी खरीद शुरू नहीं होती, तब तक किसान हाईवे को नहीं खोलेंगे। अब चाहे लाठी मारो या फिर जेलों में बंद कर दो, हम पीछे हटने वाले नहीं है। शनिवार सुबह चंडीगढ़ प्रशासन और सरकार के आश्वासन के बाद जाम खोलने का ऐलान किया गया।

### आढ़तियों की हड़ताल जारी

**शनिवार** को भी आंदोलनरत हरियाणा राज्य अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन हड़ताल जारी रही। आढ़ती एसोसिएशन शाहाबाद के प्रधान स्वर्णजीत सिंह बिट्टू कालड़ा आमरण अनशन पर करनाल में बैठे हैं। शनिवार को आढ़ती एसोसिएशन शाहाबाद अनाज मंडी की संयुक्त बैठक धनपतराय अग्रवाल की अध्यक्षता में किसान भवन में हुई। एक घंटा चली बैठक के बाद धनपत राय अग्रवाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि बैठक में सभी आढ़तियों ने एक स्वर में कहा है कि वह हरियाणा राज्य अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के साथ हैं और जब तक हरियाणा राज्य अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन की तरफ से हड़ताल खत्म करने का सन्देश नहीं आ जाता, तब तक आढ़त पर कोई भी कट्टा नहीं तोला जाएगा। इसके अलावा आढ़त से सम्बन्धित सभी कार्य बंद रहेंगे। अशोक गुप्ता, मोहन गुप्ता, त्रिलोचन सिंह हाडा, पवन गौतम, आनंद बत्रा, यशपाल सिंगला, गुरचरण सिंगला, मान सिंह, प्रवीण गर्ग, प्रवीण गाबा, रणधीर, मुकेश गोयल, अंकुर गुप्ता बॉबी गुप्ता और अन्य आढ़ती मौजूद थे।

### पूरी रात डटा रहा प्रशासन और पुलिस बल

**कुरुक्षेत्र** के डीसी शांतनु शर्मा, एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया, जिला प्रशासन की तरफ से तैनात पांच ड्यूटी मजिस्ट्रेट्स की टीम, एसडीएम कपिल शर्मा, चीनी मिल के प्रबंध निदेशक राजीव प्रसाद, पुलिस उपाधीक्षक गुरमेल सिंह, डीएसपी रणधीर सिंह, डीएसपी डॉ. शीतल सिंह धारीवाल, डीएसपी राजीव, डीएसपी यातायात नायब सिंह, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी ज्ञान चंद, नायब तहसीलदार बलविंद्र, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी राजन सिंगला सहित तकरीबन 450 पुलिस जवान पूरी रात थाना शाहाबाद और धरना स्थल पर डटे रहे।

### क्या कहते हैं सचिव

**जब** इस बारे में मार्केट कमेटी के सचिव कृष्ण कुमार मलिक से बात की गई तो उन्होंने कहा कि आढ़तियों की हड़ताल की वजह से अभी भरपाई शुरू नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मंडी में एक भी ढेरी को बारिश से नुकसान नहीं होने दिया जा रहा। पर्याप्त व्यवस्था कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 20 हजार धान को शेडों के नीचे बोरियों में भर के रख दिया गया है और तकरीबन 50 हजार क्विंटल धान पर तिरपाल के साथ ढक दिया गया है। सचिव ने बताया कि बारिश जोरों पर है, लेकिन व्यवस्था के कड़े इंतजाम भी कर दिए गए है।

### क्या कहते हैं एसपी

**धरना** समाप्त होते ही उपयुक्त ने मीडिया से बात करने से मना कर दिया। इसके बाद कुरुक्षेत्र के एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया से बात की गई, तो उन्होंने कहा कि हमारी किसानों के साथ बात हो गई है और उनकी मांगे मान ली गई है। इसके चलते किसानों ने राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर लगा धरना हटा लिया है। जिला पुलिस वाहनों को निकालने की व्यवस्था बना रही है, ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो।

### क्या कहते हैं भाकियू के अध्यक्ष चढ़ूनी

**जब** इस बारे में भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी से बात की गई तो उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई सरकार से दो मांगों को लेकर थी, जो मांगें मान ली गई हैं और उसके बाद धरना समाप्त कर दिया गया है। अब सरकार के मानने के बाद आढ़ती कारण हैं, तो इसके दो हल हैं या तो आढ़तियों के साथ किसानों की सहमति हो गई या सरकार आढ़तियों के साथ सख्ताई या नरमाई बरते। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यह कदाचित मुमकिन नहीं कि आढ़तियों की मांग के लिए किसान धरने पर बैठें या किसानों के धरने में आढ़तियों की मांगों को रखा जाए। चढ़ूनी ने कहा कि हम मानते हैं कि आढ़तियों कि वजह से किसानों का नुकसान हो रहा है, लेकिन उनकी प्रशासन से निरंतर बात हो रही है, प्रशाशन मंडी में पर्याप्त व्यवस्था करके धान को सुरक्षित रखने में हर सम्भव मदद कर रहा है।

### हाई कोर्ट के ऑर्डर से डराना चाहा, मगर नहीं हटे किसान

**शनिवार** सुबह करीब 7:30 बजे कुरुक्षेत्र के डीसी शांतनु शर्मा और एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने गुरनाम सिंह चढ़ूनी से मुलाकात करके 23 सितंबर को अलोक जैन की कोर्ट से जारी नोटिस दिया। गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने हस्ताक्षर करके नोटिस को रिसीव किया और वापस धरने पर आकर बैठ गए। जिससे यह साफ हुआ कि सुबह की मुलाकात विफल रही। हाई कोर्ट के वकील पदमकांत दिवेदी द्वारा दायर की गई तीन पेज की याचिका में यह लिखा गया था कि किसान गुरनाम सिंह चढ़ूनी के नेतृत्व में नेशनल हाईवे-44 जाम करके बैठे हैं। जिसके बाद रात में ही याचिका पर सुनवाई हुई और चीफ सेक्ट्री को आर्डर किए गए कि किसानों का धरना उठाकर हाईवे को तुरंत सुचारु किया जाए।

**क्या बोले किसान :** मंडी में धान की रखवाली बैठे गांव रावा निवासी किसान रोजी, गांव भोकर माजरा निवासी रमेश, गांव नहर माजरा निवासी राजिंदर सिंह और गांव नगला निवासी सर्वजीत सिंह ने बताया कि मंडी में वे पिछले छह दिनों से अपनी फसल लेकर बैठे हैं। रोजाना यही उम्मीद होती है कि आढ़ती, शैलर मालिक या सरकारी तौर पर उनकी धान को खरीद लिया जाएगा, मगर रोजाना असफलता हासिल हो रही है।

रोजाना फसल खेतों से आ रही है और बकाया धान खेतों में पका खड़ा है। मंडी में पड़ी फसल को बेचने के बाद ही खेत में खड़ी बाकी फसल को काटा जाएगा। किसानो के मुताबिक हालात ऐसे है कि अगर दो दिन और फसल नहीं खरीदी गई, तो उनकी खेतो में खड़ी फसल नष्ट हो जाएगी।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुक्केबाजी में द्रौणाचार्य नर्सरी के खिलाड़ियों ने जीता मेडल



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा राज्य शिक्षा विभाग की तरफ से हरियाणा राज्य स्कूली राज्य स्तरीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन मनोज मुक्केबाज एकेडमी व द्रौणाचार्य स्टेडियम में 19 से 22 सितंबर तक किया गया। इस प्रतियोगिता में मुक्केबाज कोच जितेंद्र सिंह द्वारा स्टेडियम में चलाई जा रही नर्सरी के खिलाड़ियों ने रजत व कांस्य पदक जीता है। इस उपलब्धि पर प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। बाक्सिंग कोच जितेंद्र सिंह ने शनिवार को बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य शिक्षा विभाग की तरफ से प्रदेश स्तरीय स्कूली बाक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन 19 से 22 सितंबर तक कुरुक्षेत्र में मनोज बाक्सिंग एकेड्मी और द्रौणाचार्य स्टेडियम में किया गया। इस प्रतियोगिता में द्रोणाचार्य नर्सरी के खिलाड़ी आस्तिक ने 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में रजत पदक और हर्ष ने कांस्य पदक जीत कर कुरुक्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह खिलाड़ी भविष्य में अच्छे खेल का प्रदर्शन करेंगे और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

### प्रगति परिवार समिति ने लगाया रक्तदान शिविर



**कुरुक्षेत्र।** प्रगति परिवार समिति द्वारा शिव मंदिर सेक्टर-3 कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाया गया। समिति के प्रधान विश्वदीप शर्मा ने रक्त देने आए सभी लोगों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि समिति का यह 10वां रक्तदान शिविर है। समिति की उपप्रधान निधि शर्मा ने सभी लोगों को रक्तदान का महत्व समझाया। समिति मेंबर नरेश सैनी ने भी समिति द्वारा किए गए कार्यों से सभी को अवगत कराया। शिविर में समिति सदस्यों जितेंद्र, गिरीश, विशाल शर्मा, राज कुमार, मुकेश कुमार, सतीश राणा और अशोक ने विशेष सहयोग किया। प्रधान ने बताया कि समिति 2018 से जनभलाई के लिए काम कर रही है, जिसमें गरीब लोगों को भोजन व कपड़े वितरण समय-समय पर वैक्सीनेशन कैंप तथा लगातार रक्तदान शिविर आयोजन हो रहे है। उन्होंने सभी लोगों का धन्यवाद करते हुए बताया कि आने वाले समय में भी प्रगति परिवार समिति इस तरह के कार्य बढ़-चढ़ कर करती रहेगी।

### ताऊ देवीलाल की जयंती पर हजारों कार्यकर्ता जाएंगे कैथल



**कुरुक्षेत्र।** जननायक जनता पार्टी के युवा जिला अध्यक्ष व शुगरकेन कंट्रोल बोर्ड के सदस्य डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा है कि 25 सितंबर को कैथल में ताऊ देवीलाल की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। इस अवसर पर जजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. अजय सिंह चौटाला और उप-मुख्यमन्त्री दुष्यन्त चौटाला विशेष रूप से शिरकत करेंगे। डॉ. खैहरा पिहोवा हलके के गांव सारसा, भैंसीमाजरा व अन्य गांव में ग्रामीणों को हालचाल जानने के लिए पहुंचे थे। विभिन्न गांवों में पहुंचने पर डा. खैहरा का ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि जननायक जनता पार्टी ताऊ देवीलाल की नीतियों को आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई है और ताऊ देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कार्य कर रहा है। डॉ. जसविंद्र खैहरा ने कहा कि प्रदेश में उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नेतृत्व में विकास की बहार आई हुई है।

### एनवाईके द्वारा किए जा रहे गहन स्वयं सेवक नामांकन कार्यक्रम



**कुरुक्षेत्र।** नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी मीशा ने बताया कि नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा गहन स्वयंसेवक नामांकन कार्यक्रम का आयोजन जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न खंडो में करवाया जा रहा है। स्वयं सेवा एक मौलिक गुण है जिसने मानवता को परिभाषित किया है, दुनिया भर स्वयंसेवक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है, चाहे वो आपदाओं और महामारियों लड़ने में हो या युद्ध के दौरान मानवीय सहायता करने में हो। इसी कड़ी में युवाओं को देश की मुख्यधारा में शामिल करने, कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं, कलाकारों, चित्रकारों, संगीतकारों, वक्ताओं, लेखकों, खिलाड़ियों आदि को स्वयंसेवकों के रूप उनकी व्यक्तिगत क्षमता के अनुसार नामांकित कर नेहरू युवा केन्द्र कुरुक्षेत्र का उद्देश्य विभिन कार्यक्रमों में मंच प्रदान कर रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रतिभाशाली युवाओं को नामांकित कर 3 वर्ष तक नेहरू युवा केंद्र कुरुक्षेत्र के साथ जोड़ा जा रहा है और नेहरू युवा केंद्र के नियमित व समन्वय कार्यक्रमों में प्रतिभागिता करने हेतु प्रोत्साहित करते हुए उनके प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक सुनील द्वारा यह कार्यक्रम शाहाबाद में आयोजित करवाया गया। सभी राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक व विभिन्न युवा मंडल के सदस्य इस प्रकार के कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु अपनी अहम भूमिका निभा रहे है।

## एचटेट परीक्षा के लिए 27 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**सोनीपत।** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) लेवल-1, 2 व 3 का आयोजन 12 व 13 नवम्बर, 2022 को करवाया जा रहा है। परीक्षा से सम्बन्धित सूचना बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर उपलब्ध है।

उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा के लिए अभ्यार्थी 27 सितंबर 2022 तक विभागीय वेबसाइट www.bseh.org.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा हेतु अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 1000 रूपये, दो लेवलों के लिए आवेदन करता है तो 1800 रुपये तथा तीनों लेवलों के लिए आवेदन करता है तो 2400 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसी प्रकार हरियाणा के अनुसूचित जाति व विकलांग अभ्यर्थी यदि एक लेवल के लिए आवेदन करता है तो उसे 500 रूपये, दो लेवलों के लिए आवेदन करता है तो 900 रुपये तथा तीनों लेवलों के लिए आवेदन करता है तो 1200 रुपये शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उपायुक्त ने कहा कि ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व अभ्यर्थी महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यान से पढकर, समझकर अपनी पात्रता सुनिश्चित कर लें। ऑनलाइन आवेदन व परीक्षा शुल्क के सफलतापूर्वक जमा करने के बाद अभ्यर्थी पुष्टिकरण का प्रिंट लेना सुनिश्चित कर लें। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थी अपने विवरणों अर्थात् नाम, पिता का नाम, माता का नाम, जन्मतिथि, फोटोयुक्त पहचान-प्रमाण, आधार नम्बर और विषय के चयन (लेवल 2 व 3) में सुधार, शुद्धि भी 28 सितंबर से 30 सितम्बर, 2022 तक ऑनलाइन कर सकते हैं।

### कला कीर्ति भवन में हास्य नाटक पंचलाइट का मंचन आज

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा कला परिषद व उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, पटियाला के संयुक्त तत्वावधान में न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप द्वारा दो दिवसीय उत्थान उत्सव का आयोजन आज से किया जा रहा है।

25 व 26 सितम्बर को कला कीर्ति भवन में आयोजित उत्थान उत्सव में दो हास्य नाटकों का मंचन किया जाएगा। जिसमें रविवार को विकास शर्मा के निर्देशन में फणीश्वर नाथ रेणू द्वारा लिखित कहानी पर आधारित नाटक पंचलाईट का मंचन किया जाएगा। दो दिवसीय उत्थान उत्सव का शुभारम्भ विद्या भारती संस्कृति शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ. रामेंद्र सिंह करेंगे। वहीं दूसरे दिन 26 सितम्बर को न्यू उत्थान थियेटर ग्रुप के स्थापना दिवस पर संजय भसीन के निर्देशन में हरियाणा कला परिषद की नाट्य प्रस्तुति सैया भए कोतवाल मंचित किया जाएगा। नाटकों का समय सायं 6.30 बजे रहेगा।

## आसरा वेलफेयर सोसायटी ने लगाया दूसरा शिविर, 40 लोगों ने किया रक्तदान

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**आसरा** वेलफेयर सोसायटी द्वारा अपने सदस्य संजय कुमार की बेटी वंशिका के जन्म दिन पर श्री खाटू श्याम मंदिर कुरुक्षेत्र के सभागार में दूसरा ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। कैंप में कुरुक्षेत्र ब्लड बैंक के डॉक्टर व उनकी टीम ने 40 यूनिट रक्त संग्रह किया।

सोसायटी के प्रधान अरविंदर सिंह ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर स्वस्थ व्यक्ति को हर 3 माह के अंतराल में नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए, ताकि आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को खून की आपूर्ति की जा सके।सोसायटी द्वारा रक्तदाताओं को बैच लगा कर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। बाद में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सोसायटी के प्रधान अरविंदर सिंह ने बताया कि सोसायटी सामाजिक कार्य करने के लिए हमेशा तत्पर है।



रक्तदाता को प्रमाण पत्र देते संस्था के पदाधिकारी।

इससे पहले भी सोसायटी द्वारा कश्यप धर्मशाला कुरुक्षेत्र में रक्तदान शिविर लगाया गया था। प्रधान ने बताया कि सोसायटी द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता लगातार की जा रही है। सोसायटी जरूरतमंद के घर जाकर उनको कपड़े व आर्थिक सहायता भी दे रही है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके पास कोई भी जरूरतमंद हो, तो उसकी सूचना आसरा वेलफेयर सोसायटी को दें, ताकि सोसायटी उनके घर जाकर उनकी मदद कर सके। उन्होंने दानी सज्जनों से भी अपील की कि वे सोसायटी का सहयोग करें, ताकि जरूरतमंदों की सहायता लगातार की जा सके। इस मौके पर खाटू श्याम सेवा समिति परिवार और समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ ने प्रधानमंत्री के जन्म दिवस पर की संगोष्ठी

### वर्तमान में भारत आत्म निर्भर भारत बनाने की ओर अग्रसर : सुभाष सुधा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक पवन आश्री के नेतृत्व में आत्मनिर्भर भारत विषय पर नीलकंठी यात्री निवास में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।



बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित संगोष्ठी में मंच पर बैठे भाजपा नेता।

संगोष्ठी का शुभारंभ विधायक सुभाष सुधा, जिला अध्यक्ष राजकुमार सैनी, प्रदेश महामंत्री डॉ. पवन सैनी, कैलाशो सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेत्री शकुंतला शर्मा, रीता गोयल, युधिष्ठिर बहल, जय सिंह पाल, वाइस चेयरमैन विमुक्त घुमंतू जाति विकास बोर्ड, वयोवृद्ध रतनलाल बंसल व सह संयोजक सचिन मित्तल ने किया।

थानेसर विधायक सुभाष सुधा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान में भारत आत्म निर्भर भारत बनाने की ओर अग्रसर है। इस अवसर पर बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ की ओर से जिलाध्यक्ष पवन आश्री एवं अतिथियों ने सम्मेलन में जनसंघ के समय से भाजपा से जुड़े वयोवृद्ध भाजपा नेता रतन लाल बंसल, डॉ हीरा लाल शर्मा बारना, युधिष्ठिर बहल, फतेह चंद गांधी, डॉ. मदन खन्ना, डॉ. शकुंतला शर्मा जगमोहन बंसल को शाल ओढा कर सम्मानित भी किया।

मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री रीटा गोयल, रामधारी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष देवी दयाल शर्मा, तेजेंद्र गोल्डी एवं एससी मोर्चा प्रदेश सचिव रामपाल पाली सहित विनीत कवात्रा, बरखा राम सैनी, जिला मीडिया प्रभारी विनीत कवात्रा, सामाजिक न्याय एवं सहकारिता विभाग के सदस्य सूरजभान कटारिया, विनीत बजाज, अशोक शर्मा, परवीन गौतम, हरीश भारद्वाज, केवल कृष्ण, सचिन मित्तल, अमित रोहिल्ला आदि उपस्थित थे।

### कुरुक्षेत्र जिले में अब तक 744057 लोगों की रिपोर्ट कोविड नेगेटिव

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखबीर सिंह ने कहा कि अब तक कुरुक्षेत्र में 7 लाख 44 हजार 57 लोगों की कोविड रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है।

कुरुक्षेत्र में अब तक 27380 कोविड मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और कुरुक्षेत्र में अब कोविड पॉजिटिव 14 मरीज एक्टिव है। जिले में ओमिक्रोन वेरिएंट के 158 सैंपल टेस्ट के लिए भेजे गए है, जिनमें से 105 मामले अभी तक सामने आए थे।

## कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम की विदेशों में भी हो रही है चर्चा

### बरसात के बावजूद ऑस्ट्रेलिया से आईं अप्रवासी भारतीय कमलप्रीत प्रेरणा वृद्धाश्रम में बुजुर्गों से मिलने पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**अपनों** से ठुकराए एवं घरों से निकाले गए बुजुर्गों की सेवा में कुरुक्षेत्र का प्रेरणा वृद्धाश्रम वर्षों से जुटा है। यहां रहने वाले बुजुर्गों एवं असहाय परिवारों के बच्चों को ऐसी अत्याधुनिक सुविधाएं दी जा रही है कि वृद्धाश्रम को फाइव आश्रम कहा जाता है। इस वृद्धाश्रम की चर्चा विदेशों तक हो रही है। अब यहां नियमित तौर पर दूसरे देशों में रहने वाले अप्रवासी भारतीय ही नहीं बल्कि वहां के नागरिक भी वृद्धाश्रम को देखने के लिए पहुंचते हैं।

इसी प्रकार ऑस्ट्रेलिया से महिला कमलप्रीत अपने बच्चों के साथ वृद्धाश्रम में बुजुर्गों के साथ मिली और घंटों समय बिताया। जब वह आश्रम पहुंची तो काफी बरसात हो रही थी। इस मौके पर उन्होंने बुजुर्गों के साथ विचार ही साझा नहीं किए बल्कि मंदिर में पूजा अर्चना की और शहीदी स्मारक पर देश के शहीदों को नमन किया। कहा कि यहां आकर इतना अच्छा लगा कि वह जब भी भारत आएंगी तो यहां बुजुर्गों से मिलने अवश्य आएंगी। इस मौके पर प्रेरणा वृद्धाश्रम के संस्थापक जय भगवान सिंगला ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया में रहने वाली कमलप्रीत को कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम के बारे में पता चला तो वह विशेष तौर पर वृद्धाश्रम को देखने के लिए पहुंची।



ऑस्ट्रेलिया से आई अप्रवासी भारतीय महिला कमलप्रीत प्रेरणा वृद्धाश्रम में संस्था के सदस्यों एवं बुजुर्गों से मिलते हुए।

कमलप्रीत ने कहा कि विदेश में सरकार के द्वारा संचालित वृद्धाश्रम हैं। लेकिन जो सुविधाएं कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम में उपलब्ध हैं इतनी सुविधाएं तो विदेश के वृद्धाश्रमों में भी नहीं हैं। कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम की चर्चा आस्ट्रेलिया में भी होती है। उन्होंने पूरे वृद्धाश्रम का भ्रमण किया एवं जानकारियां हासिल की। बुजुर्गों से बड़ी आत्मीयता से मिली। सिंगला ने कहा कि विदेश में अगर उनके वृद्धाश्रम की चर्चा होती है तो उन्हें भी संतोष होता है कि उनका छोटा सा प्रयास सार्थक हो रहा है। वृद्धाश्रम को देखने के लिए कनाड़ा, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, अमेरिका एवं चैक रिपब्लिक आदि सहित अन्य विदेशों से लोग आ चुके हैं।

प्रेरणा की अध्यक्षा रेणु खुंगर ने कहा कि आस्ट्रेलिया से कमलप्रीत विशेष तौर पर बुजुर्गों से मिलने के लिए प्रेरणा वृद्धाश्रम में पहुंची है। कमलप्रीत की माता भी प्रेरणा संस्था से जुड़ी हुई हैं और संस्था के कार्यों में सहयोग करती रही हैं। कमलप्रीत ने वृद्धाश्रम में आकर बताया कि आस्ट्रेलिया में भी कई लोग प्रेरणा वृद्धाश्रम की चर्चा करते हैं। आस्ट्रेलिया में प्रेरणा की प्रशंसा सुनकर ही यहां आने का बहुत मन था। यहां के बाद केवल बुजुर्गों के साथ मिली ही नहीं बल्कि उनके साथ भोजन भी किया। साथ ही मंदिर में पूजा अर्चना की और शहीद स्मारक पर देश के शहीदों का श्रद्धा पुष्प अर्पित किए। ऐसे में कमलप्रीत विदेश में रहकर भी भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों को नहीं भूली है।

ऑस्ट्रेलिया से आई कमलप्रीत ने कहा कि विदेश में रहकर भी वह कुरुक्षेत्र के प्रेरणा वृद्धाश्रम के कार्यों एवं गतिविधियों की चर्चा सुनती रहती थी। कुरुक्षेत्र में किस प्रकार वृद्धाश्रम में बुजुर्गों की सेवा की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया में बार-बार चर्चा सुनने के बाद यहां आने की बहुत इच्छा थी और यहां आज पहुंची हूं। यहां सभी ने स्वागत किया और बुजुर्गों से जिस तरह मिली हूं यह एक प्रेरणादायक क्षण है। यह हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक प्रेरणा एवं संदेश है कि किस तरह से बुजुर्गों का ध्यान एवं मान सम्मान रखना चाहिए। अपनी प्राथमिकता को छोड़कर बुजुर्गों के सम्मान एवं समाज के प्रति कर्तव्यों को भी देखना चाहिए।

## सुकवि-संवाद



सुकवि डॉ.एस.एन.भारद्वाज 'अश्क'
कवि, लेखक एवं वरिष्ठ शिक्षा सलाहकार
विश्व भारती शिक्षण संस्थान समूह,
बल्लभगढ़, फरीदाबाद M: 9871666627

**श्राद्ध**

औलादें परदेश में, ऊँची भरें उड़ान
पंख कटे पंछी पड़े, किसको उनका ध्यान
सूनी आँखों से गये, वो दुनिया को छोड़
ढोंग करें हम श्राद्ध का, अब हाथों को जोड़

# योगीजी, भूमाफिया पर कार्रवाई आप करेंगे या विशेष दस्ता आएगा

### कहा,पीड़ित ने शिकायत में लिखा, योगीजी का मंदिर जमीन पर अवैध कब्जे को बनाया

**ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया, ये है सरकारी जमीन कब्जाने का योगी मॉडल है?**

एजेंसी। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी (सपा) के अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक व्यक्ति के आरोप के हवाले से कहा है कि अयोध्या जिले में जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंदिर बनाया गया है। अब मुख्यमंत्रीजी बताएं कि ऐसे भूमाफिया पर वो कार्रवाई करेंगे या दिल्ली से विशेष दस्ता आएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या में राम जन्मभूमि से करीब 25 किलोमीटर दूर भरतकुंड क्षेत्र में फैजाबाद-प्रयागराज राजमार्ग पर एक मंदिर बनाया गया है, जहां उनकी नियमित पूजा-अर्चना होती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुक्रवार की देर रात ट्वीट किया अयोध्या में मुख्यमंत्रीजी का जो मंदिर बनाया गया है, उसको बनाने वाले के चाचा ने ही यह शिकायत मुख्यमंत्री जी से की है कि वो जमीन पर अवैध कब्जा करने की बदनीयत से बनाया गया है। इसी ट्वीट में यादव ने सवाल किया, अब मुख्यमंत्रीजी बताएं कि ऐसे भू-माफिया भतीजे पर कार्रवाई वो करेंगे या दिल्ली से विशेष दस्ता आएगा। मंदिर का निर्माण करने वाले स्थानीय निवासी प्रभाकर मौर्य ने बीते दिनों कहा था, हमने योगी जी का मंदिर बनाया है, जो भगवान राम का मंदिर बना रहे हैं। शनिवार को समाजवादी पार्टी ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया ये जमीन कब्जाने का योगी मॉडल है? कहीं भी, कैसी भी सरकारी या निजी जमीन को कब्जाने हेतु भाजपा से जुड़े लोग ऐसे कुकर्म कर रहे। गौरतलब है कि अयोध्या में योगी आदित्यनाथ का मंदिर बनाया गया है, जहां नियमित रूप से सुबह और शाम दोनों समय विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और पूजा के बाद भक्तों के बीच प्रसाद बांटा जा रहा है।

यह मंदिर राम जन्मभूमि से करीब 25 किलोमीटर दूर जिले के भरतकुंड क्षेत्र में फैजाबाद-प्रयागराज राजमार्ग पर बनाया गया है। माना जाता है कि भरतकुंड वह स्थान है जहां भगवान राम के भाई भरत ने उन्हें वनवास जाते समय विदाई दी थी।

मंदिर का निर्माण करने वाले स्थानीय निवासी प्रभाकर मौर्य ने बीते दिनों कहा था, कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों से बहुत प्रभावित हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री ने जिस तरह से जनकल्याण के काम किए हैं, उन्हें देवता जैसा स्थान मिल गया है। इसलिए मुझे मुख्यमंत्री का मंदिर बनाने का विचार सूझा।



**ग्राम समाज पर योगी तो चाचा की जमीन पर बिठाए शनिदेव**

सपा ने अपने ट्वीट के साथ एक अखबार की खबर साझा की है जिसमें एक व्यक्ति ने आरोप लगाया है उसका भतीजा ग्राम समाज की बंजर भूमि पर मंदिर बनवा दिया है। उसके हिस्से की भी जमीन पर कब्जा करने की नीयत से शनिदेव की मूर्ति लगवा दी है। इसी खबर में भतीजे ने चाचा के आरोपों को खारिज किया है और दावा किया है कि उसने अपनी जमीन पर मंदिर निर्माण कराया है।

**आदमकद योगी की प्रतिमा की होती है आरती**

**मंदिर** में धनुष और बाण से सुसज्जित योगी आदित्यनाथ की आदमकद प्रतिमा स्थापित की गई है और इस प्रतिमा को भगवा रंग में रंगा गया है। प्रभाकर मौर्य ने कहा कि वह भगवान श्रीराम की तरह प्रतिदिन योगी की प्रतिमा के सामने भजन पाठ करते रहते हैं।

**मंदिर बनवाने वाले को उपमुख्यमंत्री बना दें**

**पूर्व** मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा, योगी जी ये फ्रॉड आदमी जिसने आपका मंदिर बनवाया। ये आपके उपमुख्यमंत्री पद के लिए उचित व्यक्ति प्रतीत होता है, क्योंकि इसकी अहर्ताएं आपके मानक अनुसार हैं।

## मुरादाबाद और उत्तराखंड की घटनाओं ने सबका दिल दहला दिया है : राहुल गांधी



**यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने ट्वीट किया, महिलाएं सुरक्षित होंगी तभी देश तरक्की करेगा**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के मुरादबाद में एक लड़की से कथित तौर पर सामूहिक बलात्कार और उत्तराखंड में एक लड़की की कथित हत्या की घटना पर दुख जताते हुए शनिवार को कहा कि इन मामलों ने सबका दिल दहला दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि देश तभी आगे बढ़ेगा, जब महिलाएं सुरक्षित होंगी।

इन दिनों भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे राहुल गांधी ने ट्वीट किया, मुरादाबाद और उत्तराखंड में युवतियों के साथ जो घटनाएं हुई हैं, उन्होंने सबका दिल दहला दिया है। भारत जोड़ो यात्रा में, मैं कई प्रतिभाशाली बच्चियों और युवतियों से मिल रहा हूं, उन्हें सुन रहा हूं। एक बात साफ है, हमारा भारत तब ही आगे बढ़ेगा, जब देश की महिलाएं सुरक्षित होंगी।

उत्तराखंड के पौड़ी जिले के यमकेश्वर क्षेत्र में एक रिजॉर्ट से पांच दिन पहले संदिग्ध परिस्थितियों में लापता 19 वर्षीया अंकिता भंडारी का शव एक नहर से बरामद हुआ है। उसकी हत्या के आरोप में शुक्रवार को एक भाजपा नेता के रिजॉर्ट संचालक पुत्र और उसके दो अन्य कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था। पौड़ी के श्रीकोट की रहने वाली अंकिता भोगपुर क्षेत्र में वनतारा रिजॉर्ट में रिसेप्शनिस्ट के तौर पर काम करती थी और 19 सितंबर से लापता थी।

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद जिले के भोजीपुर इलाके की एक कथित सामूहिक बलात्कार पीड़िता का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें वह कथित तौर पर सड़क पर निर्वस्त्र स्थिति में दिखाई देती है। पुलिस ने कहा कि घटना एक सितंबर को भोजपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी और पीड़िता के रिश्तेदार द्वारा सात सितंबर को दर्ज कराई गई शिकायत के आधार पर एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

## मथुरा में मेमने को बचाने कुएं में उतरे चाचा-भतीजे की दम घुटने से मौत

**थानाध्यक्ष नितिन कसाना ने कहा, चाचा-भतीजा चराने गए थे भेड**

एजेंसी। मथुरा

**उत्तर प्रदेश** के मथुरा जिले के गोवर्धन थाना इलाके में बोरवेल में गिरे भेड़ के बच्चे (मेमना) को बचाने उतरे चाचा व उसके भतीजे की कुएं में दम घुटकर मृत्यु हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

गोवर्धन के थानाध्यक्ष नितिन कसाना ने बताया कि शुक्रवार को मुड़सेरस निवासी सरमन (52) और उनका भतीजा धर्म सिंह (22) जंगल में भेड़ चराने गए थे। उन्होंने बताया कि शाम को बारिश हो रही थी। जब वे लौट रहे थे, तब एक मेमना बोरवेल में गिर गया।

कसाना ने बताया कि मेमने को निकालने के लिए धर्म सिंह बोरवेल में उतर गया, जब वह वापस नहीं निकला, तो सरमन भी उतर गया, लेकिन वे बाहर नहीं आए। उन्होंने बताया कि रास्ते से गुजर रहे लोगों ने देखा तो घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। कसाना ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों की मदद से धर्म सिंह व सरमन को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा, जहां चिकित्सकों ने मेडिकल परीक्षण के उपरांत उन दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मृतक सरमन के भाई झानो ने बताया कि प्रतिदिन की तरह दोनों भेड़ चराने गए थे और लौटते समय मेमना बोरवेल में गिर गया। उन्होंने बताया कि बच्चे को निकालने के दौरान संभवत: कुएं में उतरने पर जहरीली गैस से दम घुटने के कारण दोनों की मौत हो गई। पुलिस उपाधीक्षक राम मोहन शर्मा ने बताया कि भेड़ चराकर लौटते समय चाचा- भतीजे की बोरवेल में दम घुटने से मौत हुई है। उन्होंने बताया कि दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## असम मंत्रिमंडल ने एसटी का दर्जा मांग रहे समुदायों के लिए मेडिकल की सीटें बढ़ाईं

**पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद दी जानकारी**



एजेंसी। गुवाहाटी

**असम** मंत्रिमंडल ने अनुसूचित जनजाति (एसटी) के दर्जे की मांग कर रहे छह समुदायों के लिए शैक्षणिक सत्र 2022-23 से चिकित्सा शिक्षा में आरक्षित सीटों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है।

असम के पर्यटन मंत्री जयंत मल्ला बरुआ ने राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के बाद शुक्रवार देर रात मीडिया को बताया कि ये छह समुदाय-चाय बागान आदिवासी, कूच राजबंशी, ताई अहोम, मटक, मोरान और चुटिया फिलहाल अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में आते हैं। इनमें से प्रत्येक समुदाय के लिए एमएमबीएस पाठ्यक्रम में दो-दो आरक्षित सीटें बढ़ा दी गई हैं।

बरुआ ने बताया कि अब चाय बागान आदिवासियों को 26 आरक्षित सीटें मिलेंगी, जबकि कूच राजबंशी के लिए ऐसी सीटों की संख्या 10, ताई अहोम के लिए सात, चुटिया के लिए छह और मटक व मोरान के लिए पांच-पांच होगी।

उन्होंने बतया कि डेंटल सर्जरी में स्नातक की तीन सीटें पूर्व सैनिकों के लिए आरक्षित होंगी। बरुआ के मुताबिक, मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में चिकित्सा के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए तय अधिकतम उम्र सीमा भी बढ़ाने का फैसला किया गया है।

उन्होंने बताया कि अब सामान्य वर्ग के छात्र 38 के बजाय 40 साल तक की उम्र तक इस पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग और अति पिछड़ा वर्ग के लिए दाखिले की अधिकतम उम्र सीमा 41 से बढ़ाकर 43 साल और अनुसूचित जातिअनुसूचित जनजाति के लिए 43 से बढ़ाकर 45 वर्ष करने का फैसला लिया गया है।

## कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे लोगों पर टिप्पणी करने से परहेज करें : सिंघवी

**वरिष्ठ कांग्रेसी सिंघवी ने ट्वीट किया, इस मामले में जयराम रमेश से पूरी तरह सहमत हूं**

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता अभिषेक मनु सिंघवी ने शनिवार को कहा कि पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के बारे में टिप्पणी करने से पार्टी नेताओं को परहेज करना चाहिए।

उन्होंने यह बात ऐसे समय कही है जब पिछले दिनों पार्टी प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने अध्यक्ष पद के चुनाव में राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का खुलकर समर्थन किया था और लोकसभा सदस्य शशि थरूर पर निशाना साधा था। वल्लभ के बयान बाद पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने नसीहत दी थी कि सभी प्रवक्ता उम्मीदवारों के संदर्भ में टिप्पणी से परहेज करें।

सिंघवी ने ट्वीट किया, जयराम रमेश से पूरी तरह सहमत हूं। कांग्रेस के साथियों को पार्टी के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ने वालों पर टिप्पणी करने से बचना चाहिए। हमें निष्पक्ष सोच वाली अभिव्यक्ति की लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को बनाए रखना चाहिए। पार्टी ने हमेशा इसकी पैरोकारी की है।

कांग्रेस अध्यक्ष पद के चुनाव में अशोक गहलोत और शशि थरूर के बीच मुकाबले की बढ़ती संभावना के बीच पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता गौरव वल्लभ ने बृहस्पतिवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री का खुलकर समर्थन किया था। गौरव वल्लभ ने इसके साथ ही थरूर को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि उन्होंने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उन्हें पत्र लिखकर उन (वल्लभ) जैसे कार्यकर्ताओं को कष्ट पहुंचाया और इसलिए वह गहलोत का समर्थन करेंगे। इसके बाद रमेश ने पार्टी के प्रवक्ताओं एवं संचार विभाग के अन्य पदाधिकारियों से कहा था कि वे अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों के बारे में किसी भी तरह की टिप्पणी से परहेज करें।

### यूपी रेरा का अनुपालन नहीं करने वाले 13 बिल्डरों पर 1.39 करोड़ का जुर्माना

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश भू- संपदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने उसके कई आदेशों का अनुपालन नहीं करने वाले 13 बिल्डरों पर कुल 1.39 करोड़ों रुपए का जुर्माना लगाया है। रेरा ने इसके साथ ही बिल्डरों को 15 दिनों के भीतर जुर्माने की राशि जमा कराने का आदेश दिया है और ऐसा नहीं करने पर विधिक तरीके से राशि की वसूली करने करने की चेतावनी दी है।

यूपी रेरा के अधिकारियों ने बताया कि उसे कुल 45 हजार से अधिक शिकायतें मिली थीं जिनमें से करीब 40 हजार शिकायतों का निस्तारण किया जा चुका है, लेकिन बिल्डर कई आदेशों का पालन नहीं कर रहे थे। उन्होंने बताया कि यूपी रेरा ने समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि 13 बिल्डरों को दिए गए सैकड़ों आदेशों का कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी अनुपालन नहीं किया गया है।यूपी रेरा के अधिकारियों ने बताया कि सभी बिल्डर एनसीआर (उत्तर प्रदेश में आने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के हैं। उन्होंने बताया कि अबतक रेरा बिल्डरों पर करीब 50 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा चुका है।

## केजरीवाल सरकार का शिक्षा का फ्रॉड और मॉडलिंग का है मॉडल : कांग्रेस

### पार्टी प्रवक्ता ने कहा, दूसरे राज्यों में अपनाया तो पूरी शिक्षा व्यवस्था हो जाएगी बर्बाद

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने शनिवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की अरविंद केजरीवाल नीत सरकार शिक्षा के जिस मॉडल का प्रचार करती है, वो असल में फ्रॉड और मॉडलिंग का मॉडल है। पार्टी प्रवक्ता संदीप दीक्षित ने कुछ आंकड़े पेश करते हुए यह दावा भी किया कि अगर केजरीवाल के शिक्षा के तथाकथित मॉडल को दूसरे राज्यों में अपना लिया गया, तो पूरी शिक्षा व्यवस्था बर्बाद हो जाएगी।

उन्होंने संवाददाताओं से कहा, आम आदमी पार्टी के तथाकथित शिक्षा मॉडल को बेनकाब करना, इसलिए महत्वपूर्ण है कि कहीं दूसरे राज्यों में चल रही शिक्षा व्यवस्था इनके झांसे में आकर बर्बाद न हो जाए। पूर्व सांसद ने आरोप लगाया, यह शिक्षा का कोई मॉडल नहीं है, बल्कि यह फ्रॉड का मॉडल है,



मॉडलिंग का मॉडल है।

दीक्षित के अनुसार, 1998 में जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनी, तो सरकारी विद्यालयों में 12वीं कक्षा के 64 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण होते थे। साल 2013-14 में जब कांग्रेस सत्ता से बाहर हुई तो 89 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हुए। अब 96 प्रतिशत बच्चे उत्तीर्ण हो रहे हैं। यानी शीला दीक्षित की 15 साल की सरकार में 25 प्रतिशत नतीजे बढ़े, जबकि केजरीवाल सरकार के आठ वर्षों में सिर्फ सात प्रतिशत नतीजे बढ़े।

उन्होंने यह भी कहा, शीला दीक्षितजी की सरकार में 10वीं कक्षा के नतीजे 34 प्रतिशत से बढ़कर 90 प्रतिशत हो गए। केजरीवाल सरकार में 80 प्रतिशत बच्चे मुश्किल से उत्तीर्ण हो रहे हैं। कांग्रेस नेता ने दावा किया, कांग्रेस की सरकार ने दिल्ली में 150 स्कूल बनाए, जबकि केजरीवाल सरकार ने मुश्किल से 20 स्कूल बनवाए। कुछ कमरे ठीक करवा दिए, तो उसका प्रचार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की सरकार और शीला दीक्षितजी ने कभी अपने काम का ढिंढोरा नहीं पीटा, विदेशी अखबारों में लेख नहीं लिखवाए। कांग्रेस की सरकार ने सिर्फ दिल्ली के विकास पर ध्यान दिया। पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के पुत्र संदीप दीक्षित ने यह भी कहा, आरटीआई में पूछा गया कि आप सरकार ने कितनी नौकरियां दीं, तो उसके जवाब में बताया कि सिर्फ 440 नौकरियां दी गईं। उन्होंने आरोप लगाया, इतनी निकम्मी सरकार हिंदुस्तान के इतिहास में कहीं भी नहीं रही।

## गोंडा में जिलाधिकारी आवास में दिखा तेंदुआ, वन विभाग ने बढ़ाई निगरानी

**तेंदुए की तस्वीर वन विभाग द्वारा लगाए नाइट विजन कैमरे में हुई कैद**

एजेंसी। गोंडा

**उत्तर** प्रदेश के गोंडा में जिलाधिकारी आवास परिसर के आसपास घूमते तेंदुए की तस्वीर वन विभाग द्वारा लगाए गए नाइट विजन कैमरे में कैद हो गई। वन विभाग की टीम ने इसके मद्देनजर निगरानी बढ़ा दी है। वन विभाग के एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार रात जिलाधिकारी (डीएम) आवास परिसर की झाड़ियों में घूमते तेंदुए की तस्वीर वन विभाग द्वारा लगाए गए नाइट विजन कैमरे में कैद हो गई। उन्होंने बताया कि कैमरे में तेंदुए की तस्वीर कैद होने के बाद वन विभाग की टीम ने डीएम आवास के साथ ही आसपास के क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है।

अधिकारी के मुताबिक, वन विभाग द्वारा तेंदुए को पकड़ने के लिए चार पिंजरे भी लगाए गए हैं। यही नहीं, कई वन कर्मियों के एक साथ हांक लगाने के बाद तीन टीमें नियमित तौर पर गश्त कर रही हैं। प्रभागीय वनाधिकारी आरके त्रिपाठी ने बताया कि तेंदुए ने अपना ठिकाना डीएम आवास के आसपास कई हेक्टेयर खाली भूमि में फैली झाड़ियों में बना रखा है।

उन्होंने बताया कि अपने स्वभाव के मुताबिक, लोगों की हलचल अधिक होने पर तेंदुआ इन्हीं झाड़ियों में छिप जाता है और माहौल शांत होने पर बाहर निकलता है। वह शिकार के लिए स्थान भी बदलता रहता है। त्रिपाठी के अनुसार, इस बार सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग (बलरामपुर) से बड़ा पिंजरा मंगाया गया है। उन्होंने बताया कि तेंदुए को पकड़ने की खातिर विशेषज्ञों और जरूरी संसाधनों के लिए देवीपाटन मंडल के वन संरक्षक को पत्र लिखा गया है।

## हरियाणा : अदालत के हस्तक्षेप के बाद किसानों ने प्रदर्शन समाप्त किया

### पंजाब एंड हरियाणा ने आधी रात सुनवाई कर सरकार को दिए थे निर्देश

**चढूनी ने कहा, सरकार 22 के बजाय 30 क्विंटल धान प्रति एकड़ की खरीद पर विचार करेगी**

एजेंसी। कुरुक्षेत्र (हरियाणा)



**सरकार** द्वारा प्रति एकड़ सामान्य से अधिक खरीफ फसल की खरीद का आश्वासन दिए जाने के बाद किसानों ने शनिवार की सुबह अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। सरकार से धान की खरीद तत्काल शुरू करने की मांग को लेकर, हरियाणा भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की अगुवाई में किसानों ने शुक्रवार को शाहाबाद के समीप दिल्ली और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को जाम कर दिया था। हरियाणा में धान समेत खरीफ फसलों की खरीद एक अक्टूबर से शुरू होगी। हरियाणा भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के प्रमुख गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि सरकार द्वारा 22 क्विंटल के बजाय 30 क्विंटल धान प्रति एकड़ की खरीद पर विचार करने को लेकर सहमति जताने के बाद प्रदर्शन समाप्त करने का निर्णय लिया गया। एक स्थानीय अधिवक्ता ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर सरकार को वाहनों की सुचारू ढंग से आवाजाही को सुनिश्चित करने का निर्देश देने का अनुरोध किया था। आधी रात को हुई सुनवाई में न्यायाधीश ऑगस्टाइन जॉर्ज मसीह और न्यायाधीश आलोक जैन की पीठ ने सरकार को निर्देश दिए थे।

## जम्मू-कश्मीर : जम्मू, सांबा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो जंग लगे मोर्टार गोले बरामद

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जम्मू और सांबा जिलों के अग्रिम गांवों में अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) के निकट अग्रिम गांवों से दो जंग लगे मोर्टार के गोले बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके अखनूर सेक्टर के प्रागवाल में ग्रामीणों ने मोर्टार का एक गोला देखा, जिसे बम निरोधक दस्ते द्वारा निष्क्रिय करने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात सांबा जिले के रीगल इलाके में गश्त के दौरान सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक अन्य मोर्टार का गोला बरामद किया था। हालांकि, गोले को विशेषज्ञों ने सुरक्षित रूप से निष्क्रिय कर दिया था। अधिकारियों ने बताया कि मोर्टार के दोनों गोलों में जंग लगा था। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले साल फरवरी में नए सिरे से युद्ध विराम से पूर्व सीमा पार से गोलाबारी के दौरान उनका पता नहीं चला था।

### बेटे की गिरफ्तारी के बाद विनोद आर्य भाजपा से निष्कासित

**देहरादून।** उत्तराखंड के पौड़ी स्थित एक रिजॉर्ट की महिला रिसेप्शनिस्ट की हत्या के मामले में बेटे पुलकित आर्य की गिरफ्तारी के बाद भाजपा नेता विनोद आर्य को शनिवार को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया।

पार्टी ने आरोपी के भाई अंकित को भी निष्कासित कर दिया है। विनोद आर्य का बेटा पुलकित आर्य पौड़ी के यमकेश्वर स्थित रिजॉर्ट का मालिक है। शुक्रवार को पुलिस ने उसे उसके दो सहयोगियों के साथ रिजॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। रिसेप्शनिस्ट गत कुछ दिनों से लापता थी। पार्टी के मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने शनिवार के बताया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर विनोद आर्य और अंकित के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

## पीएफआई ने सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या कर भारत के प्रति नफरत फैलाई : एनआईए

### देशव्यापी छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेजों में बेहद संवेदनशील सामग्री मिली

एजेंसी। कोच्चि

**राष्ट्रीय** अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने दावा किया है कि पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के कार्यालयों और उसके नेताओं के ठिकानों पर की गई देशव्यापी छापेमारी के दौरान जब्त दस्तावेजों में बेहद संवेदनशील सामग्री मिली है, जिसमें एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया गया है।

कोच्चि में विशेष एनआईए अदालत में सौंपी गई रिमांड रिपोर्ट में जांच एजेंसी ने यह आरोप भी लगाया है कि इस चरमपंथी इस्लामी संगठन ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा और इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया।




एनआईए ने कोच्चि में दर्ज एक मामले के संबंध में 10 आरोपियों की हिरासत की मांग करते हुए 22 सितंबर को अदालत में रिपोर्ट सौंपी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पीएफआई ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची।

रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पीएफआई लोगों के एक वर्ग के समक्ष सरकारी नीतियों की गलत व्याख्या पेश कर भारत के प्रति नफरत फैलाने और सत्ता तथा उसके अंगों के खिलाफ घृणा का भाव उत्पन्न करने का काम करता है।

**महाराष्ट्र में पीएफआई के खिलाफ कार्रवाई कर विरोध करते 60 लोगों पर मुकदमा**

**बंडगार्डन** थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रताप मनकर ने कहा, हमने बिना अनुमति प्रदर्शन करने, गैर कानूनी तरीके से एकत्र होने और सड़क बाधित करने के मामले में 60 से अधिक लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की, जिनमें से 41 को कल हिरासत में लिया गया।

**15 राज्यों में छापेमारी कर पीएफआई के 106 नेता गिरफ्तार किए**

**गौरतलब** है कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के नेतृत्व में विभिन्न एजेंसियों की टीम ने बृहस्पतिवार को पीएफआई के खिलाफ एक साथ 15 राज्यों में छापेमारी की कार्रवाई कर इसके 106 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया। पीएफआई पर देश में कट्टरपंथ को बढ़ावा देने और आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने का आरोप है।

एजेंसी ने कहा, जांच में सामने आया है कि प्राथमिकी में नामजद आरोपी संगठित अपराध और अवैध गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे। वे समाज के अन्य धार्मिक वर्गों और आमजन के बीच दहशत पैदा करने का काम करते थे।

एनआईए ने 22 सितंबर को 11 राज्यों में छापेमारी कर पीएफआई के 106 नेताओं और कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। रिपोर्ट के मुताबिक, छापेमारी के दौरान जब्त किए गए दस्तावेजों में ऐसी सामग्री पाई गई है, जिससे पता चलता है कि एक समुदाय विशेष के प्रमुख नेताओं को निशाना बनाया जा रहा था। इस हिट लिस्ट से मालूम होता है कि पीएफआई अपने नेताओं के माध्यम से समुदायों के बीच तनाव पैदा करने का काम कर रहा था।

एनआईए ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि संगठन का इरादा शांति और सद्भाव को भंग करना तथा वैकल्पिक न्याय व्यवस्था चलाना था। रिपोर्ट के अनुसार, पीएफआई ने युवाओं को लश्कर-ए-तैयबा, अल कायदा और आईएसआईएस जैसे आतंकवादी समूहों में शामिल होने के लिए बरगलाया।

इसमें कहा गया है कि इस्लामी चरमपंथी संगठन ने हिंसक जिहाद के तहत आतंकवादी कृत्यों को अंजाम दिया और भारत में इस्लामी शासन की स्थापना की साजिश रची। एजेंसी ने कहा कि आरोपियों और पीएफआई के कार्यालय से जब्त उपकरणों का तिरुवनंतपुरम स्थित सी-डैक में विश्लेषण किए जाने की जरूरत है।

**देश भर से इतनी हुई हैं गिरफ्तारियां**

**एजेंसी** के मुताबिक, महाराष्ट्र और कर्नाटक में पीएफआई के 20-20 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं, तमिलनाडु में 10, असम में छह, उत्तर प्रदेश में आठ, आंध्र प्रदेश में पांच, मध्य प्रदेश में चार, पुडुचेरी और दिल्ली में तीन-तीन तथा राजस्थान में दो पीएफआई सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है।


# न्यू नोएडा में बनेंगी हाईराइज सोसाइटीज

## रियल इस्टेट सेक्टर में आएगा उछाल, 2 हजार 477 हेक्टेयर लैंड चिन्हित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन डीएनजीआईआर 21 हजार 102 हेक्टेयर जमीन पर बसाया जाएगा। इसमें 2 हजार 477 हेक्टेयर में रेजिडेंसिएल एक्टिविटी की जाएंगी।

इसमें हाइराइज सोसाइटी को भी शामिल किया गया है। यानी रियल सेक्टर को भी निवेश करने का मौका मिलेगा। जिससे गिरते रियल एस्टेट सेक्टर को संभालने का मौका मिलेगा। 1976 में नोएडा की स्थापना 19 हजार 600 हेक्टेयर में बसाया गया। इसे औद्योगिक नगरी के रूप में बसाया गया। लेकिन 2007 से 2012 में इसका स्वरूप बदल गया। और औद्योगिक निवेश की बजाए नोएडा ने रियल स्टेट सेक्टर की ओर कदम बढ़ाया। लेकिन योजनाएं असफल रही। वर्तमान में बिल्डरों पर 20 हजार



करोड़ रुपए से ज्यादा का बकाया है।

ये बकाया जब तक जमा नहीं होगा रजिस्ट्री नहीं खुलेंगी। ऐसा डीएनजीआईआर में न हो इस पर नियमों में बदलाव किया जाएगा। साथ ही पहले से ही रेजिडेंसिएल एरिया को चिन्हित कर लिया गया है। प्राथमिक तौर पर इसे औद्योगिक निवेश के लिए ही बसाया जाएगा। इसके लिए 8 हजार 811 हेक्टेयर जमीन चिन्हित की गई है। जिस पर सिर्फ उद्योगों का विकास होगा। डीएनजीआईआर में कितनी सोसाइटी बनेंगी और सोसाइटी ग्रुप हाउसिंग के तहत बनेंगी या प्राधिकरण खुद बनाएगा इस पर मंथन किया जा रहा है। हालांकि रियल स्टेट से जुड़े कारोबारियों को इसका बेसब्री से इंतजार है। वहीं फ्लोर एरिया रेशियो एफएआर और कितना पर्चेबल एफएआर रखा जाए नियोजन विभाग की टीम इस पर काम कर रही है। क्रेडाई एनसीआर एवं सीएमडी, प्रेसिडेंट मनोज गौड़ ने कहा दादरी, नोएडा, गाजियाबाद निवेश क्षेत्र नोएडा और आस.पास के क्षेत्रों के विकास में एक अहम भूमिका निभाएगा।

इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें संसाधनों के साथ-साथ कंज्यूमर मार्किट के साथ इसकी निकटता और राज्य व राष्ट्रीय स्तर के परिवहन नेटवर्क तक आसान पहुंच शामिल है। इसके अलावा, मिनिमम रेसेटलमेंट इश्यूज और पड़ोसी क्षेत्रों के भीतर उपयुक्त वर्कफोर्स की उपलब्धता भी इस क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण फैक्टर होंगे। अमित जैन, निदेशक, महागुन ग्रुप ने कहा डीएनजीआईआर में रेजिडेंसिएल और हाइराइज के लिए 2 हजार हेक्टेयर एरिया को रिजर्व करने से इस क्षेत्र में रियल एस्टेट सेक्टर को बूम मिलेगा।

ये क्षेत्र मिक्स्ड डेवलपमेंट का एक अच्छा उदहारण बनेगा, जहां हम इंडस्ट्रियल कॉरिडोर, मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम के साथ एक अच्छे स्मार्ट सिटी का कांसेप्ट देखने को मिलेगा। रियल एस्टेट डेवलपर्स एक ऐसे ही प्लान का इंतजार कर थे।

जो न्यू नोएडा के कॉन्सेप्ट को पूरा करता हो। यश मिगलानी, एमडी, मिगसन ग्रुप ने कहा जब सरकार और एजेंसियां इस क्षेत्र को विश्व स्तर का बानाने का प्रयास कर रही हैं उस स्थिति में न्यू नोएडा का डेवलपमेंट करना आज के समय की जरूरत है। रेजिडेंसिएल और हाइराइज के लिए अलग से 2 हजार हेक्टेयर एरिया की व्यवस्था करना रियल एस्टेट सेक्टर को तेज गति देगा। इसके साथ ही ये इस क्षेत्र में हमें अच्छे प्रोजेक्ट और एफडीआई को भी आकर्षित करेगा।

### ऐसे होगा

| लैंड यूज | हेक्टेयर |
|---|---|
| रेजिडेंशियल | 2477 |
| कॉमर्शियल | 905.97 |
| पीएसपी | 1682.15 |
| यूटिलिटी | 198.85 |
| इंडस्ट्री | 8811 |
| ग्रीन पार्क | 3173.94 |
| रिक्रेशनल | 420.60 |
| वाटर बॉडी | 150.65 |
| ट्रांसपोटेशन | 3282.59 |

# ऑनलाइन गेमिंग एप घोटाला: वांछित आमिर खान गाजियाबाद से गिरफ्तार

● कोलकाता से भागकर अपने रिश्तेदार के घर छुपा था

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**ऑनलाइन** गेमिंग एप के जरिए करोड़ों रुपए का फ्रॉड करने के आरोपी आमिर खान को कोलकाता पुलिस शनिवार को उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद से गिरफ्तार किया है। वो यहां पर एक रिश्तेदार के घर में छिपा बैठा था। कोलकाता पुलिस अब आमिर को स्थानीय अदालत में पेश करके बी-वारंट पर अपने राज्य में लेकर जाएगी।

2021 में फेडरल बैंक ऑफ इंडिया ने ई-नगेट्स गेमिंग एप के प्रमोटर आमिर खान के खिलाफ कोलकाता पुलिस में शिकायत की थी। आमिर खान कोलकाता के बड़े बिजनेसमैन नासिर खान का बेटा है।

फरवरी-2021 में कोलकाता के पार्क स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में एफ आईआर दर्ज हुई और फिर विस्तृत जांच.पड़ताल शुरू हुई। दो हफ्ते पहले इस केस में प्रवर्तन निदेशालय की एंट्री हुई।

मनी लॉन्ड्रिंग का केस मानकर 10 सितंबर को कोलकाता में आमिर खान के छह ठिकानों पर छापेमारी की और करीब 17 करोड़ रुपए कैश बरामद किया। हालांकि तब आमिर खान वहां से भाग निकला था। अब कोलकाता पुलिस को सर्विलांस के जरिये आमिर खान की लोकेशन पता चली। यह जानकारी में सामने आया कि वो उत्तर प्रदेश के जिला गाजियाबाद में अपने एक रिश्तेदार के घर में छिपा हुआ है। कोलकाता पुलिस ने गाजियाबाद पुलिस की साइबर क्राइम यूनिट से संपर्क साधा और शनिवार अलसुबह आमिर खान को गिरफ्तार कर लिया।



आरोपी आमिर खान

आमिर खान ने ई-नगेट्स नामक मोबाइल गेमिंग एप लॉन्च की। शुरुआत में इसे प्रयोग करने वाले यूजर्स पुरस्कृत हुए। वे इस एप पर गेम खेलकर पैसा जीत रहे थे और वॉलेट में पैसा इकट्ठा कर रहे थे।

इसके बाद यूजर्स झांसे में आते गए और एक मोटी रकम इस गेम में इन्वेस्ट कर दी। इस तरह करोड़ों रुपया आने के बाद प्रमोटर आमिर खान ने सभी यूजर्स के वॉलेट से पैसा निकासी पर रोक लगा दी और फिर सारा डेटा एप के सर्वर से हटा दिया। यूजर्स को तब जाकर इस फ्रॉड का पता चला।

# न्यू दादरी से एमएमएलएल को जोड़ने के लिए 814 करोड़ की लागत से बनेगी रेलवे लाइन

● आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में प्रस्ताव पर सहमति बनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**मल्टीमॉडल** लॉजिस्टक हब परियोजना को न्यू दादरी से जोड़ने के लिए 814 करोड़ की लागत से रेलवे लाइन बनाई जाएगी।

डीएमआई पी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड आईटाईटीजीएनएल के विकास के लिए आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में इस प्रस्ताव पर सहमति बनी। आईआईटीजीएनएल इसका खर्च खुद से वहन करेगा, जबकि इसका निर्माण डीएफसीसी करेगा। आईआईटीजीएनएल की बोर्ड बैठक में इस पर सहमति बन गई है।

भारत सरकार की संस्था नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट एंड इंप्लीमेंटेशन ट्रस्ट निकडिट और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के संयुक्त उपक्रम



आईआईटीएनएल की बोर्ड बैठक में पदाधिकारी।

डी एम आई सी इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रियल टाउनशिप ग्रेटर नोएडा लिमिटेड की तरफ से दादरी, चिटेहरा, जुनपत, कटहेड़ा, पल्ला, पाली, बोड़ाकी व थापखेड़ा गांव की 478 हेक्टेयर जमीन पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट व लॉजिस्टिक हब परियोजना को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। 333 हेक्टेयर एरिया पर मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब व 145 हेक्टेयर पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब विकसित किया जा रहा है।

मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक हब परियोजना का जिक्र दो बार प्रधानमंत्री भी अपने भाषण में कर चुके हैं। लॉजिस्टिक हब के बनने से नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में स्थित उद्योगों के माल ढुलाई की राह बहुत आसान हो जाएगी। नोएडा, ग्रेटर नोएडा व यमुना प्राधिकरण स्थित उद्योगों के लिए यह परियोजना बेहद अहम है। वर्तमान समय में मुंबई, गुजरात, कोलकाता आदि जगहों पर जाने में चार से पांच दिन लगता है, इसके शुरू होने के बाद माल चौबीस घंटे से भी कम समय में पहुंच सकेगा। लॉजिस्टिक हब में वेयर हाउस, कोल्ड स्टोरेज, कस्टम ऑफिस आदि बनेंगे। लॉजिस्टिक हब को न्यू दादरी रेलवे स्टेशन से गुजर रही ईस्टर्न एवम वेस्टर्न डीएफसीसी की रेलवे लाइन से जोड़ने के लिए करीब 3०5 किलोमीटर लंबी रेलवे लाइन का निर्माण किया जाना है।

## कक्षा में बच्चों को अलग बिठाने के विरोध में अभिभावक बीएसए से मिले

**नोएडा।** निशुल्क बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के अंतर्गत दाखिला लेने वाले बच्चों से भेदभाव और अन्य बच्चों के साथ न बैठने की वजह से अभिभावक परेशान हैं। पिछले दिनों एक अभिभावक ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल की शिकायत की थी। इसको लेकर बीएसए ने नोटिस भी दिया था। इस मामले में शनिवार को अभिभावकों ने फिर से बेसिक शिक्षा अधिकारी से मुलाकात की है।

अभिभावक जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि सेक्टर-3 स्थित फ्लोरेंस इंटरनेशनल स्कूल में स्कूल प्रबंधन आरटीई के अंतर्गत चयनित बच्चों को अलग स्थान पर बैठते हैं। इस दौरान मात्र एक आया ही इन बच्चों के पास रहती है। वहीं, इन बच्चों को उचित रूप से पढ़ाई नहीं कराई जाती। आरोप है कि बच्चों को अन्य बच्चों के साथ नहीं रखा जाता। आरोप है कि शिकायत के बाद स्कूल को नोटिस जारी किया गया है, लेकिन बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी ने इस मामले पर कोई सुनवाई नहीं कर रही हैं।

# रैपिड रेल ट्रैक पर अक्टूबर से बिजली सप्लाई

● 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 स्टेशन हैं और एनसीआरटीसी 2025 तक ट्रेनों का संचालन शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल कॉरिडोर के प्रायोरिटी सेक्शन साहिबाबाद से दुहाई डिपो तक में विद्युत ओएचई का विद्युतीकरण चार्ज अक्तूबर माह से आरंभ होने वाला है।

रेल ट्रैक के ऊपर लगाए जा रहे ओवर हेड इक्विपमेंट ओएचई का 25000 वोल्ट की क्षमता के साथ विद्युतीकरण चार्ज होगा। ओएचई लगाने का काम तेजी से जारी है। आपको बता दें कि रैपिड रेल का ट्रायल रन नवंबर में प्रस्तावित है। प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया, दुहाई डिपो में ट्रेनों की स्टेटिक और डायनामिक टेस्टिंग के लिए आईबीएल इंस्पेक्शन बे लाइन और टेस्ट ट्रैक को पहले ही चार्ज किया जा चुका है। हाल ही में गुजरात के सांवली से दूसरी रीजनल रैपिड रेल ट्रेन सेट दुहाई डिपो में पहुंचा है।

जबकि पहला ट्रेन सेट जून महीने में आ गया था। इन दोनों ट्रेनों की स्टेटिक और डायनेमिक टेस्टिंग की जा रही है। अब दोनों ट्रेनो की टेस्टिंग को आगे बढ़ाया जा रहा है। प्रायोरिटी सेक्शन के संचालन के लिए विद्युत आपूर्ति हेतु उत्तर प्रदेश में उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीटीसीएल से करार किया गया है।

यूपीटीसीएल के सब स्टेशन ग्रिड से 220 ज्ञट बिजली गाजियाबाद स्थित विद्युत सब स्टेशन तक आ रही है और यहां से बिजली ट्रेनों के संचालन के लिए और 33 बिजली आरआरटीएस स्टेशनों की समस्त जरुरतों के लिए इस्तेमाल की जाएगी। प्रायोरिटी सेक्शन में विद्युत आपूर्ति के लिए गाजियाबाद में रिसीविंग सब-स्टेशन आरएसएस बनाया गया है। यहां 50 मेगावाट की क्षमता के ट्रांसफर्मर्स लगाए गए हैं। इन सभी ट्रांसफार्मर्स की टेस्टिंग आदि पूर्ण कर ली गई है। यहीं से दुहाई डिपो में विद्युत आपूर्ति की जा रही है। अब यह आरएसएस कॉरिडोर पर विद्युत आपूर्ति के लिए भी तैयार है। प्रायोरिटी सेक्शन में साहिबाबाद, गाजियाबाद, गुलधर, दुहाई और दुहाई डिपो स्टेशन हैं।

सभी स्टेशन जल्द तैयार होने वाले हैं। विश्वस्तरीय आरआरटीएस ट्रेनों के संचालन के लिए प्रायोरिटी सेक्शन लगभग तैयार हो चुका है। वर्तमान में यहां स्टेशनों की रूफशेड लगाने, प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर्स पीएसडी लगाने और स्टेशनों की फिनिशिंग का कार्य प्रारम्भ हो चुका है, जबकि यहां ट्रैक बिछाने, ओएचई, सिग्नलिंग और टेलिकॉम का कार्य अंतिम चरण में है।

प्रायोरिटी सेक्शन में मार्च 2023 में आरआरटीएस की पहली ट्रेन चलाने का लक्ष्य है। उल्लेखनीय है कि 82 किमी लंबे दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर पर 25 स्टेशन हैं और एनसीआरटीसी पूरे कॉरिडोर पर 2025 तक ट्रेनों का संचालन शुरू करने के लक्ष्य पर कार्य कर रही है।

# एटीएस ने पीएफआई के 4 सदस्य एनसीआर से किए गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**पीएफ आई** के खिलाफ राष्ट्रीय एजेंसी की कार्रवाई जारी है। आज गाजियाबाद समेत तीन शहरों से चार लोगो को गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस की नोएडा इकाई ने शामली के सोंटा रसूलपुर निवासी मौलाना शादाब कासमी, मामोर निवासी मौलाना साजिद कासमी, मुजफ्फ रनगर के जोगिया निवासी मौलाना इस्लाम कासमी और गाजियाबाद में मुरादनगर क्षेत्र के नेकपुर के निवासी मुफ्ती शहजाद को गिरफ्तार कर लिया है। एटीएस के अधिकारी इनसे पूछताछ कर रहे हैं।

इस संबंध में खरखौदा मेरठ इंस्पेक्टर अनुज कुमार द्वारा मुकदमा दर्ज कराया गया है, जिसमें धारा.120बी, 121ए, 153ए, 295ए, 109, 505 2 और गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम 13 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया है। एफ आईआर में बताया गया है कि गिरफ्तारी व बरामदगी कर अभियुक्तगण गजवा-ए-हिन्द से संबंधित अवाचनीय साहित्य, एक पेनड्राइव, बाइक, तीन अदद मोबाइल फोन तथा अदद तीन किताबें बरामद की गई हैं।

इंस्पेक्टर अनुज कुमार ने तहरीर में बताया है कि उनको एवं एटीएस टीमों को सूचना प्राप्त हुई की पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मोहम्मद शादाब, अजीज कासमी ऑल इंडिया इमाम काउंसिल के पश्चिमी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व पीएफआई मेंबर जनपद शामली के नेतृत्व में मौलाना साजिद, मुफ्ती शहजाद, इस्लाम कासमी मिलकर योजना बना रहे हैं। इनका मानना है कि ये सरकारें मुसलमानों के खिलाफ है और मुसलमानों के खिलाफ काम कर रही हैं। एटीएस टीम ने मेरठ लाकर इन लोगों को पूछताछ की।

## असिस्टेंट कमिश्नर को गाली देने वाला इंस्पेक्टर गिरफ्तार

**नोएडा।** राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी की महिला असिस्टेंट कमिश्नर को फोन पर जान से मारने की धमकी और वाट्सएप पर गंदी. गंदी गालियां देने वाले इंस्पेक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये इंस्पेक्टर एसजीएसटी विभाग में महिला के अधीन ही काम करता है। शिकायत मिलने के बाद ये कार्रवाई फेस-3 पुलिस ने की है।

सेक्टर-121 क्लियो काउंटी सोसायटी में रहने वाली पीड़िता राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी में असिस्टेंट कमिश्नर हैं। वे गाजियाबाद के नेहरू नगर स्थित ऑफिस में बैठती हैं। उनके अधीन नोएडा के सेक्टर 62 स्थित राज्य वस्तु एवं सेवाकर एसजीएसटी ऑफिस भी आता है। पीड़िता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नोएडा ऑफिस में जीएसटी इंस्पेक्टर अर्पित मलिक तैनात है। 20 सितंबर की सुबह अर्पित ने असिस्टेंट कमिश्नर को फोन कर पहले गालियां दी।

# ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का प्रबंधक निलंबित

● मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी ने दिए थे जांच के आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के प्रबंधक दिगम्बर सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने व उनके खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई करने का आदेश जारी किया है।

साथ ही नोएडा विकास प्राधिकरण की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी को इस मामले में जांच अधिकारी नामित कर दिया है। प्रबंधक दिगंबर सिंह के खिलाफ अनियमितता पूर्ण तरीके से अनुमोदन के बगैर 17 किसानों को आरक्षण.आवंटन पत्र जारी करने के आरोप हैं। जिस पर यह कार्रवाई की गई। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण



अधिग्रहीत भूमि के सापेक्ष किसानों को आबादी विस्तार के लिए भूखंडों का आवंटन करता है।

इसके लिए कृषकों की पात्रता निर्धारित की जाती है। गठित समिति की बैठक 25 जुलाई 2022 को हुई थी। जिसमें कुल 26 प्रकरणों में से समिति द्वारा केवल छह प्रकरणों को अनुमोदित किया गया। शेष प्रकरणों को समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया था। लेकिन अनुमोदित 6 प्रकरणों में से 4 प्रकरणों में आरक्षण.आवंटन पत्र निर्गत करने के अलावा 17 और प्रकरण, जिन्हें समिति द्वारा अनुमोदित ही नहीं किया गया था, उनमे भी आरक्षण.आवंटन पत्र दिनांक 28 जुलाई 2022 और 1 अगस्त 2022 को निर्गत कर दिए गए। मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि दिगम्बर सिंह ने दूषित भावना के तहत षडयंत्र करके अपात्र किसानों को अनुचित लाभ पहुंचाया है। दिगम्बर सिंह प्रबंधक ग्रेटर नोएडा का यह कार्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर अनियमितता, कदाचार और भ्रष्टाचार का द्योतक है। उनके इस कृत्य से प्राधिकरण और सरकार की छवि धूमिल हुई है। नोएडा की मुख्य कार्यपालक अधिकारी ऋतु माहेश्वरी को जांच अधिकारी नामित करते हुए जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। आपको बता दें कि औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल नन्दी ने जब से औद्योगिक विकास विभाग की जिम्मेदारी सम्भाली है, तब से लेकर अब तक नियमविरूद्ध व मनमाना तरीके से कार्रवाई करने वाले करीब आधा दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है।

## संक्षिप्त समाचार



गैंगस्टर की गिरफ्तार के बाद प्रेस वार्ता में पुलिस अधिकारी।

### गैंगस्टर इरफान उर्फ उजाले पकड़ा गया

**गाजियाबाद।** कविनगर थाने के एसएचओ अमित सिंह की टीम को उस समय एक बड़ी सफलता मिली कि जब पुलिस ने गैंगस्टर के मामले में वांछित चल रहे अंतरराष्ट्रीय चोर इरफान उर्फ उजाले को मुखबिर की सूचना पर दबोच लिया। पुलिस की माने तो यह बदमाश और इसका गैंग भारत के कई सूबों के अलावा अन्य देशों में भी चोरी की वारदातों को अंजाम देकर पुलिस के लिये सिरदर्द बन गया था। कविनगर थाना क्षेत्र में भी उजाले व उसके गैंग ने वारदात को अंजाम दिया था। इसके चलते पुलिस प्रशासन ने इरफान के ऊपर गैंगस्टर एक्ट लगाया था। जिसके बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी।

### नगर आयुक्त ने किया सिद्धार्थ विहार का निरीक्षण

**गाजियाबाद।** नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़ ने सिद्धार्थ विहार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उस स्थान को देखा जहां पहले कूड़ा डाला जाता था। दरअसल नए नगर आयुक्त नितिन गौड़ अभी नगर निगम की वर्किंग को समझ रहे हैं। इसी क्रम में हर रोज वह मौके पर जाकर विकास योजनाओं से लेकर कूड़ा उठान तक का जायजा ले रहे हैं। इसी के चलते आज नगर आयुक्त ने सिद्धार्थ विहार में कूड़ा निस्तारण वाली जगह को देखा। जहां उन्होंने निरीक्षण किया वहां कभी कई लाखों टन कूड़ा पड़ा था।

### वीके सिंह ने दिव्यांगों को वितरित कीं ट्राईसाइकिल

**गाजियाबाद।** पीएम के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा सेवा पखवाड़ा मना रही है। नेहरू नगर स्थित सामुदायिक केन्द्र पर कुत्रिम अंग एवं उपकरण वितरण कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री सड़क परिवहन एवं राजमार्ग सांसद जनरल वीके सिंह और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांगों को ट्राईसाइकिल सहित सहायक उपकरण वितरित किए। इस दौरान 3 दिव्यांगों को व्हील चेयर, 15 को यूडीआई कार्ड और 10 को पेंशन स्वीकृति के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### सीएमओ के आश्वासन पर प्रस्तावित आंदोलन स्थगित

**गाजियाबाद।** सीएमओ से वार्ता के बाद मलेरिया कर्मचारियों ने प्रस्तावित आंदोलन को स्थगित कर दिया है। अर्बन मलेरिया फइलेरिया कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को वेतन विसंगती समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी थी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भवतोष शंखधर ने शनिवार को संघ के तीन पदाधिकारियों को वार्ता के लिए बुलाया। संघ को दो साल से स्टेशनरी एवं सामान नहीं मिलने, टीए-डीए बिल पेंडिंग होने की शिकायत की थी। इन 11 सूत्रीय मांगों पर अर्बन मलेरिया फाइलेरिया कर्मचारी संघ ने 27 सितंबर को आंदोलन की चेतावनी दी थी।

# सेक्टर और सोसाइटी के बाहर बनेंगे डॉग शेल्टर

● शिकायत मिलने पर लगाया जाएगा जुर्माना

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**आवारा** कुत्तों के लिए सेक्टरों और सोसाइटी के आसपास शेल्टर होम बनाए जाएंगे। इस शेल्टर में आवारा कुत्तों की फीडिंग भी कराई जाएगी। इसके लिए नोएडा प्राधिकरण आरडब्ल्यूए और अपार्टमेंट ऑनर एसोसिएशन एओए के साथ मिलकर जगह चिह्नित करेगा।

प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने जन स्वास्थ्य विभाग को दिए हैं। शहर में पिछले कई महीनों से आवारा कुत्तों के काटने के मामले तेजी से बढ़े हैं। खासकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में है। इनके वीडियो भी वायरल हुए है। जिसके बाद नोएडा में आरडब्ल्यूए और सोसाइटी के साथ मिलकर प्राधिकरण ने एक



प्रतीकात्मक फोटो

फोरम बनाने की बात कही।

फोरम बनाने का काम चल रहा है। प्राधिकरण सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने सभी सेक्टरों और सोसाइटी में एक स्थान चिन्हित करने को कहा है। उन्होंने कहा कुत्तों के लिए शेल्टर बनाया जाएगा। इसके लिए जगह देखा जा रहा है।

आवारा कुत्तों की नसबंदी का सत्यापन आरडब्ल्यूए और एओए से कराने के बाद ही संबंधित कंपनी को भुगतान किया जाए।

पालतू कुत्तों के रजिस्ट्रेशन होगा। इनका वैक्सीनेशन किया जाएगा। अब तक 1700 पालतु कुत्तों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है।

2017 से अब तक 39 हजार 500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है। इसके लिए प्राधिकरण की 2 संस्थाएं काम कर रही हैं।

पहली ह्यूमन वेलफेयर सोसाइटी और दूसरी एनिमल इंडिया ट्रस्ट। पैट मालिक अपने जानवर को खुले स्थान, पार्क या सार्वजनिक स्थान पर शौच कराता है। शिकायत होने पर प्राधिकरण जानवर के मालिक पर एक्शन लेगा। पहली शिकायत सही पाए जाने पर 100 रुपए, दूसरी बार में 200 और तीसरी बार में 500 रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस भेजा जाएगा। अधिक शिकायतें आने पर पंजीकरण निरस्त कर दिया जाएगा। शिकायत का निस्तारण एक सप्ताह में कर दिया जाएगा।

# रामलीला मंचन में लिप्सिंग नहीं लाइव बोले जाएंगे डायलॉग

● 70 फीट का होगा रावण का पुतला

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**नोएडा** में रामलीला का मंचन 26 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होगा। आयोजन श्री सनातन धर्म रामलीला समिति की ओर नोएडा के सेक्टर-21 स्टेडियम में किया जाएगा। दिल्ली व मुंबई के टीवी और फिल्मी कलाकर रामलीला में मंचन करेंगे। पांच अक्टूबर को रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन होगा।

सोमवार को शाम 7 बजे गणेश पूजा के साथ शुरू होगा। 29 सितंबर को राम बारात निकाली जाएगी। राम बारात सेक्टर-12 के बी व डब्ल्यू ब्लाक से होते हुए शिव मंदिर तक जाएगी। जिसमें सांसद डाक्टर महेश शर्मा, विधायक पंकज सिंह, महिला



आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम आदि रहेंगे। यहां बनाए जा रहे पुतलों में रावण का पुतला 70 फीट का बनाया जा रहा है। वहीं मेघनाद 65 और कुंभकर्ण के पुतला 60 फीट के बनाए जा रहे है। इसके अलावा लंका दहन और प्रतिबंधित प्लास्टिक के प्रति जागरुकता भी यहां दिखेगी। नोएडा में सनातन धर्म राम लीला समिति 36 सालों से रामलीला मंचन कराती आ रही है। इस बार स्टेज पर मंचन करने वाले कलाकर लिप्सिंग नहीं करेंगे बल्कि खुद डायलौग बोलते नजर आएंगे।

# बहुत अधिक अभ्यास नहीं करता, कुछ खास चीजों पर ध्यान देता हूं : कार्तिक

## कहा, अभ्यास के दौरान राहुल द्रविड़ और विक्रम राठौड़ करते हैं मदद

एजेंसी। नागपुर



**भारतीय** क्रिकेट टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक ने कहा कि वह बहुत अधिक अभ्यास नहीं करते, लेकिन कुछ विशेष चीजों पर ध्यान देते हैं जिससे उन्हें बेहद दबाव की परिस्थितियों में भी बड़े शॉट खेलने में मदद मिलती है।

ऐसी ही परिस्थिति शुक्रवार की रात को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मैच के दौरान बनी थी जब भारत को अंतिम छह गेंदों पर नौ रन की दरकार थी। कार्तिक ने ओवर की पहली दो गेंदों पर छक्का और फिर चौका जड़कर भारत को जीत दिलाई। कार्तिक से जब उनकी तैयारियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि नेट अभ्यास में इस तरह की परिस्थितियां तैयार करने से उन्हें मदद मिलती है। उन्होंने कहा, मैं लंबे समय से इसका अभ्यास कर रहा हूं। मैंने आरसीबी (रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर) के लिए ऐसा किया और अब भारत के लिए कर रहा हूं। मुझे खुशी है मैंने यहां ऐसा किया। यह मेरी दिनचर्या का हिस्सा है। कार्तिक ने कहा, मैं इस तरह की परिस्थितियां तैयार करके अभ्यास करता हूं तथा राहुल (द्रविड़) और विक्रम (राठौड़) भाई भी इसमें मेरी मदद करते हैं। भारत की छह विकेट से जीत के बाद कार्तिक ने कहा, मैं बहुत अधिक अभ्यास नहीं करता लेकिन जहां तक संभव हो कुछ खास चीजों पर ध्यान देता हूं। मोहाली में पहले मैच में कार्तिक को अक्षर पटेल के बाद बल्लेबाजी के लिए भेजा गया, लेकिन दूसरे मैच में उन्हें बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर से पहले उतारा गया। कार्तिक ने कहा, यह ऐसा है जिसको हम आजमा रहे हैं। कुछ अवसरों पर कुछ ओवर बचे होते हैं जिनमें अक्षर पटेल स्पिनरों पर हावी होकर खेल सकता है। इसके पीछे तर्क यही है उस चरण में बाएं हाथ के बल्लेबाज और लेग स्पिनर का अच्छा मुकाबला होगा, इसलिए कुछ अवसरों पर हम यह विकल्प आजमाते हैं। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की जिन्होंने 20 गेंदों पर नाबाद 46 रन बनाए।

### रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की

**आउटफील्ड** गीली होने के कारण यह मैच आठ आठ ओवर का कर दिया गया था। कार्तिक ने कहा, रोहित शर्मा ने बेहतरीन बल्लेबाजी की। इस पिच पर नई गेंद के गेंदबाजों पर इस तरह के शॉट खेलना आसान नहीं था। इससे पता चलता है कि आखिर वह भारत ही नहीं दुनिया का इतना बेहतरीन खिलाड़ी क्यों है। उन्होंने हार्दिक पंड्या की भी प्रशंसा की जिन्होंने हाल में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। कार्तिक ने कहा, उनके (हार्दिक) जैसे बहुत कम खिलाड़ी होते हैं जो टीम को संतुलन प्रदान करते हैं। भारत भाग्यशाली है कि उसके पास हार्दिक जैसा खिलाड़ी है।


## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय गोल्फर शुभंकर कट से चूके



**पेरिस।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने काजो ओपन डि फ्रांस ने दूसरे दौर में तीन बर्डी और एक बोगी से दो अंडर 69 का कार्ड खेला लेकिन इसके बावजूद वह कट में जगह बनाने से चूक गए। शुभंकर ने 2022 सत्र की शुरूआत अबुधाबी चैम्पियनशिप में रोलेक्स सीरीज प्रतियोगिता में उप विजेता रहकर की थी। इसके बाद मार्च में स्टेन सिटी चैम्पियनशिप से वह 15 शुरुआत में से 12 में कट से चूक गए। वह साल के शुरू में डीपी विश्व टूर की तीन शुरुआत में से दो में अबुधाबी में संयुक्त दूसरे और कीनिया में संयुक्त 13वें स्थान पर रहे थे। लेकिन इसके बाद से वह फॉर्म में नहीं हैं। इस दौरान हालांकि उन्होंने एशियाई टूर में सिंगापुर में कट हासिल किया था।

### त्वेसा और वाणी ने आयरिश ओपन के कट में जगह बनाई



**ड्रोमोलैंड।** भारत की त्वेसा मलिक (69) और वाणी कपूर (70) ने पहले दौर के लचर प्रदर्शन से उबरकर आयरिश ओपन महिला गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाई। भारत की इन दोनों खिलाड़ियों का स्कोर दो दौर के बाद दो अंडर पर है और वे संयुक्त 42वें स्थान पर हैं। त्वेसा ने पहले दौर में 73 जबकि वाणी ने 72 का कार्ड खेला था। कट अंडर पार पर गया और कुल 63 खिलाड़ी इस में जगह बनाने में सफल रही। टूर्नामेंट में भाग ले रही अन्य भारतीय खिलाड़ियों में दीक्षा डागर (72-75) और अमनदीप द्राल (74-80) ने निराशाजनक प्रदर्शन किया और यह दोनों खिलाड़ी कट से चूक गई। स्वीडन के मोआ फोल्के ने 10-अंडर 62 का कार्ड खेलकर बेहतरीन प्रदर्शन किया और दूसरे दौर के बाद उन्होंने दो शॉट की बढ़त हासिल कर रखी है।

### गिरोन, नाकाशिमा सान डिएगा ओपन के सेमीफाइनल में



**सान डिएगो।** स्थानीय प्रबल दावेदार ब्रैंडन नाकाशिमा और मार्कस गिरोन ने अपने क्वार्टरफाइनल मैच जीतकर सान डिएगो ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट के अंतिम चार में जगह बनाई। नाकाशिमा (21 वर्ष) ने घरेलू कोर्ट का फायदा उठाते हुए 75वीं रैंकिंग के डेनियल इलाही गालान को 6-3, 4-6, 6-4 से शिकस्त दी। इस तरह उन्होंने कोलंबियाई खिलाड़ी पर 2022 में दूसरी जीत दर्ज की। अब नाकाशिमा का सामना सेमीफाइनल में आस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओकोनेल से होगा। वहीं ओकोनेल ने दूसरे वरीय जेनसन ब्रुक्सबाई को 6-4, 4-6, 7-5 से हराकर उलटफेर किया और अपने पहले एटीपी टूर सेमीफाइनल में स्थान पक्का किया। गिरोन ने आस्ट्रेलिया के 83वीं रैंकिंग के जेम्स डकवर्थ पर 7-6, 6-3 की जीत से 2022 में अपने दूसरे एटीपी सेमीफाइनल में प्रवेश किया जिसमें उनके सामने दूसरे वरीय डेनियल इवांस की कड़ी चुनौती होगी। इवांस ने क्वार्टरफाइनल में फ्रांस के कोन्सटैंट लेस्टिएने पर 6-1, 6-3 से जीत हासिल की।

### विदाई मैच में टॉस के लिए झूलन को लेकर पहुंची हरमनप्रीत



**लंदन।** भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर शनिवार को लार्ड्स पर इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में टॉस के लिए झूलन गोस्वामी को लेकर मैदान में पहुंची जिनका यह विदाई मैच होगा। यह कदम दिल छूने वाला था। हरमनप्रीत और झूलन दोनों टॉस के दौरान इंग्लैंड की कप्तान एमी जोंस के साथ खड़ी थीं। भारतीय कप्तान की आंखों में मैच से पहले भी आंसू थे। टॉस के बाद भारत की शानदार गेंदबाज झूलन ने प्रसारक स्काई स्पोर्ट्स से भी बात की। भारतीय टीम पहले ही श्रृंखला अपने नाम कर चुकी है और अब उसका लक्ष्य इसे 3-0 से जीतने का है ताकि वे दो शतक तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाली झूलन को शानदार तरीके से विदाई दे सकें।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ निर्णायक मैच में हर्षल और चहल की फॉर्म पर होगी निगाह

एजेंसी। हैदराबाद



हर्षल ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है

**पिछले** मैच में जीत दर्ज करके श्रृंखला को बराबर करने वाला भारत रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जब तीसरा और निर्णायक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने के लिए उतरेगा तो उसकी निगाह अपने दो प्रमुख गेंदबाजों हर्षल पटेल और युजवेंद्र चहल की फॉर्म पर टिकी रहेगी।

भारत ने नागपुर में दूसरे मैच में छह विकेट से जीत दर्ज करके श्रृंखला बराबर की लेकिन उसके लिए अपने गेंदबाजों विशेषकर हर्षल और चहल की फॉर्म चिंता का विषय है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप से पहले इन दोनों को फॉर्म में वापसी करते हुए देखना चाहेगी। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह की वापसी अच्छी खबर है लेकिन वरिष्ठ तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार की खराब फॉर्म चिंता का विषय है। भुवनेश्वर एशिया कप और फिर आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले मैच में भी नहीं चल पाए थे। उन्हें दूसरे मैच से बाहर कर दिया गया था क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा मैदान गीला होने के कारण आठ ओवर का कर दिए इस मैच में केवल चार गेंदबाजों के साथ उतरना चाहते थे। डेथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल ने चोट से उबरने के बाद वापसी की है लेकिन वह आत्मविश्वास से भरे हुए नहीं दिखे। उन्हें लय हासिल करने के लिए एक दो मैच और खेलने होंगे। अपनी विविधतापूर्ण गेंदबाजी के लिए मशहूर इस तेज गेंदबाज ने वर्तमान श्रृंखला में छह ओवरों में 81 रन लुटाए हैं और वह सबसे महंगे गेंदबाज साबित हुए हैं। हर्षल को लेंथ हासिल करने में दिक्कत आ रही है और उन्हें अभी तक एक भी विकेट नहीं मिला है। भारत बीच के ओवरों में स्पिनरों पर निर्भर है तथा जहां अक्षर पटेल का अच्छा प्रदर्शन उसके लिए अच्छी खबर है वहीं चहल की खराब फॉर्म चिंता का विषय। इस लेग स्पिनर ने एशिया कप में काफी रन लुटाए थे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ भी इसमें बदलाव नहीं आया है।

बल्लेबाजी में भारतीय शीर्ष क्रम में शामिल रोहित, केएल राहुल और विराट कोहली को अपने प्रदर्शन में निरंतरता दिखाने की जरूरत है। सूर्यकुमार यादव भी पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन अच्छी बात यह है कि हार्दिक पंड्या लगातार अच्छा खेल दिखा रहे हैं। भारत के बल्लेबाजों की एक और कमजोरी लेग स्पिन है। लेग स्पिनरों के खिलाफ उनका संघर्ष जारी है और एडम जंपा भी उनकी इस कमजोरी का फायदा उठा रहे हैं। भारतीय टीम में फिनिशर की भूमिका निभा रहे दिनेश कार्तिक को आगे भी मौका मिलने की संभावना है। रोहित चोटिल रविंद्र जडेजा की जगह लिए गए अक्षर को भी टीम में बनाए रखना चाहेंगे।

ऑस्ट्रेलिया भी भारत की तरह अपने गेंदबाजों के प्रदर्शन को लेकर चिंतित है। पहले मैच में उसने बल्लेबाजों के दम पर जीत दर्ज की जबकि दूसरे मैच में भी कप्तान आरोन फिंच और मैथ्यू वेड ने उसे अच्छे स्कोर तक पहुंचाया था लेकिन गेंदबाज उसका बचाव करने में नाकाम रहे। चोटिल नाथन एलिस की अनुपस्थिति में पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और डेनियल सैम्स ने 11 रन प्रति ओवर की दर से रन लुटाए। ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन भी महंगे साबित हुए हैं। विश्व कप से पहले वेट की बेहतरीन फॉर्म ऑस्ट्रेलिया के लिए सकारात्मक पहलू है लेकिन टीम प्रबंधन ऑल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल से भी बड़ी पारी का उम्मीद कर रहा होगा जिन्होंने दो मैचों में केवल एक रन बनाया है।

### टीम इस प्रकार हैं

**ऑस्ट्रेलिया :** आरोन फिंच (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, जोश इंगलिस, ग्लेन मैक्सवेल, केन रिचर्डसन, डेनियल सैम्स, स्टीव स्मिथ, मैथ्यू वेड, एडम जम्पा।
**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल (उपकप्तान), विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, दीपक हुड्डा, ऋषभ पंत, दिनेश कार्तिक, हार्दिक पंड्या, रविचंद्रन अश्विन, युजवेंद्र चहल, अक्षर पटेल, भुवनेश्वर कुमार, हर्षल पटेल, दीपक चाहर, जसप्रीत बुमराह, उमेश यादव।

मैच भारतीय समयानुसार सात बजे शुरू होगा।



# टी20 अंतरराष्ट्रीय में नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में शुक्रवार को खेले गए दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी नाबाद 46 रन की पारी के दौरान पहला छक्का जड़ते ही क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए।

अब तक 138 मैच खेल चुके रोहित ने 20 गेंद की अपनी पारी में चार छक्के लगाए और टी20 अंतरराष्ट्रीय में अपने कुल छक्कों की संख्या 176 पर पहुंचाई जो कि नया रिकॉर्ड है। रोहित ने न्यूजीलैंड के बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल का रिकॉर्ड तोड़ा जिन्होंने 121 मैचों में 172 छक्के लगा रखे हैं। गुप्टिल अक्टूबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप में सातवीं बार भाग लेंगे और तब उनके और भारतीय कप्तान के बीच छक्कों की जंग भी रोचक होगी। रोहित और गुप्टिल के अलावा फिलहाल किसी भी अन्य खिलाड़ी के इस जंग में शामिल होने की संभावना नहीं है क्योंकि टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल काबिज हैं। वह 124 छक्कों के साथ रोहित और गुप्टिल से काफी पीछे हैं।

भारत की तरफ से रोहित के अलावा विराट कोहली (106 मैचों में 104 छक्के) ने ही टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 से अधिक छक्के लगाए हैं। विश्व के कुल 10 बल्लेबाज क्रिकेट के इस सबसे छोटे प्रारूप में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 100 से अधिक छक्के लगा चुके हैं।

# बांग्लादेश, आयरलैंड ने 2023 महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया

एजेंसी। दुबई



**बांग्लादेश** और आयरलैंड की महिला क्रिकेट टीमों ने अबुधाबी में क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में अपने सेमीफाइनल जीतने के साथ ही दक्षिण अफ्रीका में 2023 में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

बांग्लादेश की महिला टीम ने शुक्रवार को थाईलैंड पर 11 रन की जीत हासिल की जबकि आयरलैंड ने जिम्बाब्वे को चार रन से मात दी। इस तरह दोनों टीमें आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, पाकिस्तान, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और वेस्टइंडीज के साथ शामिल हो गई हैं जिन्होंने पहले ही 10 टीम के टूर्नामेंट के लिए अपनी जगह पक्की कर ली थी। बांग्लादेश टीम की कप्तान निगार सुल्ताना जॉटी ने कहा, हम यहां टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिए आए थे और हमने ऐसा कर दिया। हम इतने वर्षों से साथ खेल रहे हैं और यह दुनिया को दिखाने का हमारा मौका था कि हम कितना अच्छा खेलते हैं और बतौर टीम हमने कितना सुधार किया है। आयरलैंड की कप्तान लौरा डिलनी ने कहा, आयरलैंड में इस खेल को बढ़ावा देने के लिए हमारा क्वालीफाई करना बहुत ही महत्वपूर्ण है।

# जूलियस बाएर कप : एरिगेसी फाइनल में कार्लसन से भिड़ेंगे


एजेंसी। न्यूयॉर्क।

**युवा** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगेसी ने जूलियस बाएर जेनरेशन कप ऑनलाइन रैपिड शतरंज टूर्नामेंट में वियतनाम के लिएम क्वांग लि को हराकर फाइनल में प्रवेश किया, जिसमें उनका सामना दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से होगा।

उन्नीस साल के एरिगेसी को वियतनाम के प्रतिद्वंद्वी की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी जबकि कार्लसन ने 3-1 से जीत हासिल की। एरिगेसी-लिएम ली के बीच हुए मैच में पहला गेम ड्रॉ रहा और दूसरे में भारतीय ने जीत हासिल कर बढ़त बनाई। तीसरा गेम ड्रॉ रहा जिसके बाद वियतनाम के खिलाड़ी ने 32 चाल में जीत दर्ज कर बराबरी हासिल की। लेकिन टाई ब्रेकर में एरिगेसी ने लगातार दो गेम जीतकर दो दिवसीय फाइनल में अपना स्थान पक्का किया जो शनिवार देर रात शुरू होगा। 150,000 डॉलर पुरस्कार राशि के टूर्नामेंट के दो दिवसीय फाइनल में सर्वश्रेष्ठ चार गेम के मुकाबले होगें। फिर रविवार को दूसरा मैच खेला जाएगा जिसके बाद विजेता की घोषणा होगी। वहीं कार्लसन ने केमर के खिलाफ पहले दो गेम ड्रॉ खेले लेकिन दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी ने अगले दो मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इससे पहले शुरुआती तालिका में कार्लसन 34 अंक लेकर शीर्ष पर रहे थे।

# चीनी ताइपे में राशिद, संधू संयुक्त 11वें स्थान पर

एजेंसी। लिंकोऊ



**राशिद** खान और अजितेष संधू यहां सात लाख डॉलर इनामी ईंगदर टीपीसी गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 11वें स्थान पर चल रहे हैं लेकिन बारिश और तेज हवाओं के बीच अधिकतर अन्य भारतीय गोल्फर तालिका में नीचे खिसक गए।

पहले दिन एक भारतीय शीर्ष पर था लेकिन तीसरे दिन के बाद कोई भी भारतीय शीर्ष 10 में भी शामिल नहीं है। मुश्किल हालात में 70 का स्कोर बनाने वाले राशिद संयुक्त 11वें स्थान के साथ शीर्ष भारतीय हैं। संधू (73) भी उनके साथ बने हुए हैं। संधू दूसरे दौर के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर थे। ट्रेविस स्मिथ की पहला एशियाई टूर खिताब जीतने की संभावना बढ़ गई जब उन्होंने छह अंडर 66 का स्कोर बनाकर दिन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए बढ़त बना ली। उनका कुल स्कोर 13 अंडर है। गत चैंपियन चीनी ताइपे के ली चीह पो (69) और कल तक शीर्ष पर चल रहे थाईलैंड के चापचेई नीरत (71) उनसे एक शॉट पीछे संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में हनी बैसोया (69) संयुक्त 16वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके साथ एस चिकारंगप्पा (72) हैं जो कल तक संयुक्त आठवें स्थान पर थे।

पहले दिन 64 के स्कोर से बढ़त बनाने वाले शिव कपूर (74) चार अंडर के कुल स्कोर से राहिल गंगजी (72) के साथ संयुक्त 31वें स्थान पर हैं। वीर अहलावत (72) और एसएसपी चौरसिया (71) संयुक्त 44वें जबकि करणदीप कोच्चर (73) और मनु गंडास (72) संयुक्त 50वें स्थान पर हैं। उदयन माने (74) संयुक्त 57वें और अमन राज (76) संयुक्त 75वें पायदान पर हैं।

# डेविड बहुमुखी प्रतिभा का धनी, ऑस्ट्रेलया को बल्लेबाजी में विकल्प प्रदान करता है : फिंच

एजेंसी। नागपुर



**ऑस्ट्रेलिया** के कप्तान आरोन फिंच ने कहा कि लंबे शॉट खेलने में माहिर टिम डेविड बहुमुखी प्रतिभा का धनी खिलाड़ी है और वह टी20 विश्व कप के लिए उनकी टीम को बल्लेबाजी विकल्प प्रदान करता है।

सिंगापुर में जन्मे डेविड अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए मशहूर हैं। उन्होंने मोहाली में पहले टी20 में ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पदार्पण किया था। फिंच ने कहा, डेविड दुनिया भर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में दिखाई गई अपनी फॉर्म को टीम से जोड़ता है। वह बल्लेबाजी क्रम में विभिन्न स्थानों पर खेलने में सक्षम है। मैं जानता हूं कि उसने पाकिस्तान सुपर लीग में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी की थी जबकि अन्य टूर्नामेंट में उसने पांचवें या छठे नंबर पर बल्लेबाजी की। उन्होंने कहा, इसलिए हम उसे वास्तव में बहुमुखी प्रतिभा का धनी खिलाड़ी मानते हैं और एक ऐसे खिलाड़ी के रूप में उसे देखते हैं जो किसी भी क्रम में बल्लेबाजी कर सकता है। फिंच ने कहा, उसके लिए हालांकि निचले मध्यक्रम में उतरना ही आदर्श होगा क्योंकि शीर्ष क्रम के हमारे बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।

# नडाल संग जोड़ी बनाकर हार के साथ फेडरर ने टेनिस को कहा अलविदा

## रोजर फेडरर ने अपने करियर में 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते और दुनिया के नबंर एक खिलाड़ी भी रहे

एजेंसी। लंदन



**यह** टेनिस के लिए विशेष दिन था, जब रोजर फेडरर अपना आखिरी मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे और उनका साथ कोई और नहीं बल्कि वह राफेल नडाल साथ दे रहे थे जिनके साथ उनकी कई वर्षों तक कड़ी प्रतिद्वंद्विता रही।

फेडरर ने शुक्रवार की रात अपने चमकदार करियर को अलविदा कहा। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंडस्लैम खिताब जीते और वह कई सप्ताह तक दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी भी रहे। उन्होंने लेवर कप में अपना आखिरी मैच खेला जिसमें वह टीम यूरोप की तरफ से युगल मैच खेलने के लिए कोर्ट पर उतरे। उनके जोड़ीदार नडाल थे और इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों को टीम विश्व के फ्रांसिस टियाफो और जैक सॉक से हार का सामना करना पड़ा। टीम विश्व के खिलाड़ियों ने इस मैच को 4-6, 7-6 (2), 11-9 से जीता लेकिन यह केवल रिकॉर्ड के लिए है क्योंकि इस मैच के मायने कुछ और थे। यह विश्व टेनिस पर लंबे समय तक राज करने वाले फेडरर को विदाई देने का अवसर था। जब मैच समाप्त हुआ और फेडरर ने पेशेवर टेनिस को अलविदा कहा तो उन्होंने सबसे पहले नडाल और फिर टियाफो और सॉक को गले लगाया।

फेडरर ने पिछले दिनों एक साक्षात्कार में कहा था, जब मैंने तय किया कि यह (संन्यास लेना) सर्वश्रेष्ठ फैसला है तो मैं दुखी था। मुझे इसका दर्द महसूस हो रहा था। शुक्रवार को मैच से पहले फेडरर ने ट्वीट किया, मैंने हजारों बार ऐसा किया है लेकिन यह अलग तरह का अहसास है। आज रात मैच देखने के लिए आने वाले सभी का आभार। इस दिग्गज टेनिस खिलाड़ी ने अपने करियर में 20 ग्रैंड स्लैम खिताब जीते जिनमें विंबलडन में आठ, ऑस्ट्रेलियाई ओपन में छह, अमेरिकी ओपन में पांच और फ्रेंच ओपन में एक खिताब शामिल है। फेडरर ने कुल मिलाकर 103 एकल खिताब जीते और वह 310 सप्ताह तक एटीपी रैंकिंग में नंबर एक पर काबिज रहे। इसके अलावा उनके नाम पर डेविस कप खिताब और ओलंपिक पदक भी दर्ज है। खेल से इतर उन्हें एक आदर्श खिलाड़ी माना जाता था जिन्होंने टेनिस को नई ऊंचाइयां प्रदान की।

### अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए फेडरर

**फेडरर** इसके बाद भावुक हो गए और जब वह टीम यूरोप के अन्य खिलाड़ियों से मिलने जा रहे थे तो वह अपने आंसुओं को नहीं रोक पाए। स्टेडियम में मौजूद दर्शक तालियां बजा रहे थे लेकिन साथ ही उनकी सिसकियां भी निकल रही थी। फेडरर ने इसके बाद दर्शकों का आभार व्यक्त किया जो दो घंटे से अधिक समय तक चले और रात 12 बजकर 30 मिनट पर समाप्त हुए मैच के दौरान अलविदा फेडरर, अलविदा फेडरर कह रहे थे। स्विजरलैंड के इस स्टार खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह घोषणा की थी कि वह इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के बाद टेनिस से संन्यास ले लेंगे। इसके बाद उन्होंने स्पष्ट किया कि युगल मैच उनका आखिरी मैच होगा। फेडरर को पिछले साल विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में हार के बाद अपने दाहिने घुटने के तीन ऑपरेशन कराने पड़े थे। इसके बाद वह कोर्ट पर नहीं उतर पाए और इस तरह से विंबलडन का वह मैच उनका आखिरी एकल मैच साबित हुआ।

# भारत जोड़ो यात्रा क्या कांग्रेस की भगदड़ रोक पाएगी



सुभाष शर्मा
( लेखक राजनीतिक विश्लेषक हैं )

**कांग्रेस के गिरते ग्राफ की वजह क्या है क्या कारण है कि जो पार्टी 2014 तक सत्ता में रही एकाएक उसका ग्राफ ऐसा गिर रहा है कि थमने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस पार्टी अक्सर अपने नेताओं की बगावत की वजह भाजपा को बताती रही है परंतु उस वजह को तलाशने की कोशिश अभी तक नहीं की गई कि आखिर क्या कारण है कि पार्टी के पुराने दिग्गज नेताओं के अलावा अब तक सात मुख्यमंत्री रहे नेता भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके हैं और यह सिलसिला अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा**

मंथन



देश की सबसे बड़ी पार्टी रही कांग्रेस का ग्राफ धीरे-धीरे नीचे आता जा रहा है। पार्टी के अनेक बड़े नेता यहां तक कि पार्टी के सात पूर्व मुख्यमंत्री भी भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके बावजूद कांग्रेस राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत जोड़ा यात्रा कर रही है, उसे उम्मीद है कि इस यात्रा से पार्टी में नई जान आएगी। हालांकि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से राहुल गांधी ने अपना नाम वापस ले लिया है यानी साफ तौर पर मना कर दिया है। लिहाजा अबकी बार कोई गैर गांधी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनेगा। सबसे ज्यादा चर्चा में चल रहे राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का पार्टी अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि चुनावी प्रक्रिया का तमाशा जरूर किया जाएगा।

कांग्रेस के गिरते ग्राफ की वजह क्या है क्या कारण है कि जो पार्टी 2014 तक सत्ता में रही एकाएक उसका ग्राफ ऐसा गिर रहा है कि थमने का नाम नहीं ले रहा। कांग्रेस पार्टी अक्सर अपने नेताओं की बगावत की वजह भाजपा को बताती रही है परंतु उस वजह को तलाशने की कोशिश अभी तक नहीं की गई कि आखिर क्या कारण है कि पार्टी के पुराने दिग्गज नेताओं के अलावा अब तक सात मुख्यमंत्री रहे नेता भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हो चुके हैं और यह सिलसिला अभी भी थमने का नाम नहीं ले रहा, इसके पीछे सबसे बड़ी वजह गांधी परिवार के चश्मो चिराग राहुल गांधी को बताया जाता है परंतु कांग्रेस पार्टी में ऐसे नेता भी हैं जो गांधी परिवार की चाटुकारिता करते नहीं थकते। उनका कहना है कि पार्टी में हार जीत तो चलती रहती है, ऐसे में गांधी परिवार के महत्व को नकारना बेमानी है।

## पार्टी छोड़ने वाले मुख्यमंत्री कौन थे

**सबसे** पहले हाल में बगावत कर भाजपा में शामिल हुए उन नेताओं की बात करते हैं, जो कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसमें पहला नाम पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंद्र सिंह का है, जो दो बार मुख्यमंत्री रहे, हाल ही में उन्होंने भाजपा ज्वाइंन की है। दूसरा नाम गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगंबर कामा का है। श्री कामा 2007 से 2012 तक गोवा के कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। अब वो भाजपा में हैं। हाल ही में उन्होंने आठ विधायकों के साथ पार्टी को अलविदा कह दिया था। तीसरा नंबर कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा का है, वे 1999 से 2004 तक कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री थे, 2017 में भाजपा में शामिल हो गए थे। चौथा नाम महाराष्ट्र के कांग्रेसी नेता नरायण राणे का है, वे भी कुछ समय तक महाराष्ट्र में कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे हैं, अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। पांचवां नाम उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे विजय बहुगुणा का है, वे 2012 से 2014 तक कांग्रेस के मुख्यमंत्री थे, अब भाजपा के नेता हैं। छठा नाम कांग्रेस के पूर्व दिग्गज तीन बार उत्तर प्रदेश व एक बार उत्तराखंड के मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय नारायण दत्त तिवारी का है, उन्होंने भी कांग्रेस छोड़ा भाजपा का दामन थाम लिया था। सातवां नाम आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे एन किरण रेड्डी का है।

श्री रेड्डी 2010 से 2014 तक कांग्रेस के मुख्यमंत्री थे, अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं, इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री रहे नेता भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिला हो रहे हैं। इतना ही नहीं कई और बड़े नेता जिनमें जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के पूर्व नेता गुलाम नबी आजाद भी कांग्रेस को अलविदा कहकर मैदान में हैं। हालांकि उन्होंने ऐलान किया है कि वे अपनी अलग पार्टी बनाएंगे परंतु जानकारों का दावा है कि वो भाजपा से गठजोड़ करेंगे। इसके अलावा अरुणाचल के एक और बड़े नेता श्यामपेमा खांडू ने 43 विधायकों को साथ ले कांग्रेस को पटखनी दी थी। हालांकि वो सीधे-सीधे भाजपा में शामिल नहीं हुए परंतु उन्होंने भाजपा की सहयोगी पार्टी पीपीए के सहयोग से राज्य का मुख्यमंत्री पद संभाल लिया था। वर्ष 2019 में उन्होंने भाजपा को भारी जीत दिलवाई और मुख्यमंत्री के तौर पर दूसरी बार पद संभाला। इसी प्रकार मणिपुर के मुख्यमंत्री के तौर पर पद संभाल रहे एन विरेन सिंह भी पहले कांग्रेस में थे यानी कुल मिलाकर धीरे-धीरे कांग्रेस पार्टी से तमाम दिग्गज नेता किनारा करते जा रहे है।

उपरोक्त के अलावा करीब चार दर्ज बड़े काग्रेसी नेता पार्टी से नाता तोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। ये वो नेता थे, जिन्हें पहले पार्टी की बैकबोन कहा जाता था, अब एक बार फिर से कांग्रेस पार्टी देश की राजनीति में हाशिये पर खड़ी नजर आती है। एक वक्त जहां 18 से अधिक प्रदेशों में कांग्रेस का राज होता था, आज राजस्थान और छत्तीसगढ़ तक सिमट कर रह गई है। लंबे अतराल के बाद कांग्रेस ने भारत जोड़ो यात्रा निकालने का फैसला कर एक बार फिर से पार्टी में जान फूंकने का प्रयास किया है और गैर गांधी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का फैसला किया है। देखना यहां होगा कि कांग्रेस पार्टी अपने इन प्रयासों से फिर से राजनीति के शीर्ष पर आ पाती है या नहीं।

## हैरान कर देने वाला नगर निगम का घोटाला

**प्रदेश** के स्थानीय निकायों में हर रोज किसी न किसी प्रकार के भ्रष्टाचार की खबरें सामने आती रहती हैं, जिसमें मुख्य रूप से घटिया निर्माण, झूठे एस्टीमेट व बिना कुछ बनाये या सप्लाई किए बिल बना कर पैसे ऐंठने जैसी खबरें शामिल हैं। अब पानीपत नगर निगम के भ्रष्टाचार ने इन सबको चौंका दिया है। दरअसल हाल ही में नगर निगम ने मुरादाबाद की एक फर्म को लोहे के बैंच बनाने का लाखों रुपये का ऑर्डर दिया था, जिसमें पहली खेप में 371 बैंच आये थे, इन बैंचों का वजन 78 किलोग्राम प्रति बैंच था, इन बैंचों को जब शहर के पार्कों में रखा गया तो एक नागरिक ने जो खुद लोहे का फैब्रीकेशन की जानकारी रखता था, उसे दाल में कुछ काला नजर आया, एक बैंच में छेद कर जब देखा गया तो उसकी पाइपों में रेत भरी थी यानी बैंच का वजन बढ़ाया गया था।





इस बात की शिकायत जब क्षेत्र के विधायक प्रमोद विज को की गई तो उन्होंने खुद जांच की और पूरे बैंच की पाइपों में रेत निकलवाकर जब उसे दोबारा से तोला गया तो 78 किलो का बैंच 58 किलो का निकला यानी एक बैंच में 20 किलो रेत डाली गई थी, इस मामले में हैरानी की बात यह है कि उक्त कंपनी का बैंच पास करने से पूर्व तीन चार माह तक उसका सैंपल विधायक के कार्यालय में पड़ा रहा, जब उसे अप्रूव किया गया तो इसका आर्डर मुरादाबाद की कंपनी को दिया गया। बात जब सार्वजनिक हुई तो निगमायुक्त सहित अन्य अधिकारियों को मौके पर बुलाया गया और भ्रष्टाचार की पोल खुल गई। उपरोक्त भ्रष्टाचार के खुलासे के बाद अब अधिकारी उपरोक्त फर्म को ब्लैकलिस्ट करने, उस पर एफआईआर दर्ज करवाने की बात कह रहे हैं परंतु इस बात की जांच करने को कोई तैयार नहीं कि आखिर उक्त बैंचों की पैमेंट देने से पूर्व उसकी गुणवत्ता की जांच किस एक्सईएन या एसडीओ ने की थी, उसके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। पानीपत नगर निगम की उपरोक्त घटना तो एक उदाहरण मात्र है। वहां 58 किलो के लोहे के बैंच को 78 किलो के हिसाब से पैसे वसूले गए थे, जबकि फरीदाबाद में तो सड़कें तक नहीं बनीं, उसके बाद भी ठेकेदार को मिलीभगत से भुगतान कर दिया गया। इसके अलावा और भी दर्जनों मामले हैं, जिनकी जांच होनी बाकी है। अभी ये आंकड़ा 200 करोड़ का बताया जा रहा है परंतु जब सभी मामलों की जांच की जाएगी तो ये कई गुणा ज्यादा हो सकता है परंतु सवाल ये है कि बिल्ली के गले में घण्टी कौन बांधे। इस जांच का आदेश कौन दे और प्रदेश की कौन सी एजेंसी इसकी ईमानदारी से जांच करे, फिलहाल विजिलेंस विभाग इसकी जांच कर रहा है और इसमें कई आइएएस स्तर के अधिकारियों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है, ऐसा भी नहीं प्रतीत होता कि केवल अधिकारी ही इतना बड़ा घोटाला कर सकते हैं, इसमें कई राजनेता भी शामिला रहे होंगे। विजिलेंस सूत्रों के अनुसार उन्हें अपना कार्य स्वतंत्रता से करने की छूट नहीं मिल रही। हालांकि विजिलेंस के आला अधिकारी शत्रुजीत कपूर काफी ईमानदार बताए जाते हैं परंतु ठगों की टोली के आगे वो भी बेबस हैं, लिहाजा घोटालों की जांच निष्पक्ष नहीं हो रही, ऐसा संदेह है।

# उचित कॅरियर का करें चुनाव

**छात्र अक्सर सोचते हैं कि क्या उनका शौक या औचित्य उनका करियर चयन होने चाहिए। सुमित कुमार ऐसे नुस्खे बताते हैं जो इस निर्णय कार्य को सरल बना सकते हैं-**

**एक हालिया शोध ने बताया है कि लगभग साठ फीसदी कर्मचारी अपने मौजूदा रोजगारों से नाखुश हैं। इनमें से, पचास फीसदी कर्मचारी ने स्वीकार किया कि अप्रासंगिक रोजगार दायित्व, बेमेल कार्य दायित्व, काम के लिए आवश्यक योग्यताओं की कमी, हानिकारक कार्य संस्कृति, खराब प्रबंधन तथा कामकाजी घंटों का ज्यादा होना, ऐसे प्रमुख कारण है जो रोजगार असंतुष्टि की ओर ले जाते हैं।**



**यह** दुविधा, कि अपने शौक की ओर बढ़ा जाए या औचित्य को अपने करियर चयन का आधार बनाया जाए, प्रत्येक छात्र के दिमाग में गूंजती रहती है। यह दुविधा कायम रहती है और कुछ ज्यादा परेशान करती है क्योंकि एक हाईस्कूल या कालेज छात्र के रूप में, आपको इंडस्ट्री या कार्यस्थल का पता नहीं होता कि वे कैसे होते हैं। विभिन्न आयाम इस दुविधा का कारण बनने की भूमिका निभाते हैं: आर्थिक चिंताएं, रोजगार संतुष्टि, जानकारी, समय जो सफलता तथा अन्य को हासिल करने में लगेगा।

इसके बरक्स, दावे अत्यंत ऊंचे होते हैं क्योंकि उचित चयन आपको एक अच्छे व संतुष्टिदायी करियर तथा भविष्य में जीने की ओर ले जाएगा। अपने शौक पर काम करने तथा भावनाओं व आदर्शों के दरकिनार करके बहुत सोचा समझा करियर विकल्प चुनने के बीच आपके चयन का सर्वोच्च गंतव्य है इंडस्ट्री में सबसे अनुकूल व लाभकारी नौकरी के साथ जगह हासिल करना। इसलिए, आस्था की वो छलांग लगाने से पहले, स्वयं से कुछ महत्वपूर्ण प्रश्न पूछें, मसलन:

## पसंदीदा विषय क्या है?

**स्पष्ट** और महत्वपूर्ण, प्रश्न उस विषय की ओर इंगित करता है जिसे लेकर आप सर्वाधिक संवेदनशील रहते हैं। आप विषय के बारे में और ज्यादा जानना चाह सकते हैं और बाद में इसे अपना करियर बनाने के लिए आगे बढ़ सकते हैं। लेकिन साथ ही साथ, ऐसे विषयों द्वारा प्रस्तावित संभावित करियरों को निर्धारण करना अत्यावश्यक है। आंकलन करें कि क्या आपको पसंदीदा विषय आपको ऐसा करियर प्रस्तावित कर सकता है जो आर्थिक रूप से स्थिर जीवन का वादा करता है।

## आपको पसंदीदा विषय कौन सी संभावनाएं प्रस्तावित करेगा?

**कुछ** विषय स्वाभाविक तौर पर अच्छी खासी नौकरियों के दरवाजे खोलते हैं। और फिर, ऐसे विषय हैं जो रोमांच, अनुभव, जानकारी, तथा यात्रा प्रस्तावित करते हैं लेकिन उनका अच्छा वेतन पैकेज नहीं होता है। यदि आप इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, लॉ, मेडिकल कोर्स, डाटा साइंस व अन्य विषयों की पढ़ाई करते हैं, तो आप अच्छी नौकरी पा सकते हैं। लेकिन यदि आपकी पसंद फोटोग्राफी, कला, सोशल साइंस, आपदा प्रबंधन, पत्रकारिता व अन्य पारंपरिक करियर कोर्स की है तो, शायद आपको अपने करियर के शुरुआती पांच वर्षों में पांच अंकीय वेतन पैकेज न हासिल हो। ये विषय आपको ऊंचे वेतन वाली नौकरी भी प्रस्तावित करते हैं, लेकिन तथ्य यही है कि आपको अपना नाम कमाने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। यदि आप इसे लेकर पर्याप्त लगनशील हैं तो सीखना व जानना चाहते हैं तो आगे बढ़ें। लेकिन यहां मुख्य पक्ष है आप किसे प्राथमिकता देते हैं और क्या करना चाहते हैं: सुबह 9 से 5 की नौकरी करना चाहते हैं, जीवन बचाना चाहते हैं, कला-सृजन चाहते हैं या अपनी कहानियों से दुनिया को हिलाना चाहते हैं।

## वे कौन से कारक हैं जो आपके करियर चयन को प्रभावित करेंगे?

निम्न सावधानियों के जरिए अपने चयनित विषय की शैक्षणिक स्थिरता सुनिश्चित करें:

**उपयुक्त कालेज या विश्वविद्यालय**

**ठोस** सैद्धांतिक मूल जानकारियों के साथ प्रत्यक्ष योग्यता प्रशिक्षण की सुविधा देने वाला उपयुक्त कालेज या विश्वविद्यालय अधिकांश विषयों में पूर्व शर्त हैं। पढ़ाई करने के लिए आप जिस कालेज का चयन करते हैं वो उन्न तकनीक से अत्यंत सुसज्जित होना चाहिए तथा वहां क्वालिटी शिक्षा प्रदान करने की सुविधा हो तथा पर्याप्त प्लेसमेंट पाने के लिए आपकी सहायता करने वाला प्रशिक्षण मिलता हो।

**आय क्षमता तथा प्रोत्साहनकारी कार्य परिवेश :** विषय चाहे शौक के आधार पर चयनित हो या औचित्य के आधार पर, यह सुनिश्चित करें कि वे अच्छा खासा वेतन पैकेज तथा उत्कृष्ट कार्य परिवेश प्रस्तावित करते हों। अच्छी अकादमिक पृष्ठभूमि तथा योग्यताएं आपको कर्मचारियों को पाठ्येत्तर गतिविधियों में भागीदारी का अतिरिक्त लाभ देने वाली सद्भावपूर्ण एवं समृद्ध कार्य संस्कृति का प्रदर्शन करने वाले प्रतिष्ठित संस्थानों में स्थान दिलाते हैं।

## सटीक संभावना

**अंतिम** फैसला लेने से पहले एक और महत्वपूर्ण विचारणीय प्रश्न है यह आंकलन करना कि क्या आप ऐसा अच्छा करियर प्रोफाइल अर्जित करने में सक्षम हैं जो ईमादार पदोन्नतिगत तथा प्रोत्साहनकारी अवसर, लचीलापन तथा संबंधित कोर्स चुनकर संभावित प्रगति का व्यापक दायरा प्रस्तावित करता है।

## बाजार की ऊंची मांग

**यह** सुनिश्चित करना गैर मोलभावकारी है कि आपका चयनित विषय की शानदार मार्केट वैल्यू और मांग होनी चाहिए ताकि अच्छी नौकरी व कार्य परिवेश हासिल करने के निरंतर संघर्ष की संभावना समाप्त हो।

## मौजूदा रोजगार परिदृश्य

**एक** हालिया शोध ने बताया है कि लगभग साठ फीसदी कर्मचारी अपने मौजूदा रोजगारों से नाखुश हैं। इनमें से, पचास फीसदी कर्मचारी ने स्वीकार किया कि अप्रासंगिक रोजगार दायित्व, बेमेल कार्य दायित्व, काम के लिए आवश्यक योग्यताओं की कमी, हानिकारक कार्य संस्कृति, खराब प्रबंधन तथा कामकाजी घंटों का ज्यादा होना, ऐसे प्रमुख कारण है जो रोजगार असंतुष्टि की ओर ले जाते हैं। यह आंकड़ा बेमेल या बदतर वेतन वाले पेशे में जाने की समस्या को रेखांकित करता है । इससे पहले कि आप करियर चयन के रूप में अपने पसंदीदा विषय को चुनना जारी रखें, विषय विशेष से जुड़े सभी पहलुओं का पर्याप्त मूल्यांकन कर लें क्योंकि आपका भविष्य इस पर निर्भर करता है। यदि आपका शौक उपरोक्त उल्लिखित सभी कारकों के साथ आपकी सहायता करता है, तो उसकी ओर बढ़ें। लेकिन यदि यह ऐसी अनुमति नहीं देता, तो ऐसे विषय का चुनाव करना समझदारी होगा जो आपके जीवन की गुणवत्ता को रूपांतरित व उन्नत बनाए।

**( लेखक हेड्सअप कार्पोरेशन के निर्देशक हैं।)**

